

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 | गांवों में सुविधाओं का विकास सरकार...

किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए... | 12



वर्ष : 14 | अंक : 114 | पटना, रविवार, 02 अगस्त, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में पटना मेट्रो निर्माण से संबंधित जानकारी ली

# मेट्रो निर्माण के दौरान नेहरू पथ पर सुगम एवं निर्बाध यातायात सुनिश्चित करें : सम्राट

## मुख्यमंत्री बोलें- आवश्यकतानुसार हो सड़क का चौड़ीकरण



**मुख्य बिंदु :-**

- सीएम ने नेहरू पथ (बेली रोड) पर सुगम एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
- नेहरू पथ पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 11 स्ट्रेच चिन्हित किए गए हैं।
- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मेट्रो निर्माण के कारण लोगों के आवागमन में बाधा न आए
- वेंडिंग जोन की पहचान करने तथा संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में पथ निर्माण विभाग के कार्यों एवं प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में राजधानी पटना में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के मद्देनजर नेहरू पथ (बेली रोड) पर यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाए रखने की व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन चिन्हित स्ट्रेच का स्थल निरीक्षण कर वहां की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप यातायात सुधार के उपाय किए जाएं। जहां आवश्यक हो, वहां सड़क का चौड़ीकरण किया जाए तथा जंक्शन सुधार, बॉटलनेक हटाने और अन्य जरूरी कार्य भी किए जाएं, ताकि यातायात का सुचारु संचालन बना रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके निर्माण के दौरान आम नागरिकों को आवागमन में कम-से-कम असुविधा हो, इसके लिए पथ निर्माण विभाग एवं संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करें।

### वैकल्पिक मार्गों को भी आवागमन के अनुकूल बनाया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क किनारे की गतिविधियों को सुव्यवस्थित किया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आम नागरिकों की सुविधा भी बनी रहे। मुख्यमंत्री ने नेहरू पथ पर उपयुक्त वेंडिंग जोन की पहचान करने का भी निर्देश दिया।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पथ निर्माण विभाग, पटना मेट्रो से संबंधित एजेंसियों, जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ट्रैफिक मैनेजमेंट, वैकल्पिक मार्ग, आवश्यकतानुसार सड़क चौड़ीकरण तथा अन्य यातायात सुधार कार्यों की समग्र कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जाए।

### निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों की सुविधा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। पटना मेट्रो के निर्माण के दौरान नेहरू पथ सहित प्रभावित क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम समयबद्ध तरीके से उठाए जाएं।

### ये रहे मौजूद:-

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सह नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आवागमन में किसी प्रकार की अनावश्यक बाधा न आए

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेट्रो निर्माण के दौरान लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की अनावश्यक बाधा न आए। जिन स्थानों पर निर्माण कार्य के कारण यातायात प्रभावित होने की संभावना है, वहां समय रहते वैकल्पिक मार्ग की पहचान कर समुचित व्यवस्था की जाए।

### नेहरू पथ पर 11 स्ट्रेच चिन्हित किए गए

समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल एवं पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर पुडुकलकट्टी ने बताया गया कि नेहरू पथ पर 11 स्ट्रेच चिन्हित किए गए हैं।

---

## मुख्यमंत्री ने रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की

# रेरा की कार्यप्रणाली पारदर्शी, सरल और डिजिटल हो, घर खरीदारों के हितों को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

- रेरा संस्था का उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देने के साथ-साथ घर खरीदारों के हितों की रक्षा करनी है

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने रियल एस्टेट क्षेत्र में व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देने के साथ-साथ घर खरीदारों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने रेरा की संस्थागत व्यवस्था एवं कार्य पद्धति की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि रेरा की कार्य प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसकी संस्थागत व्यवस्था पूरे देश में सबसे बेहतर है।

**रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश एवं कारोबार के लिए बेहतर वातावरण तैयार होगा:** बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रेरा की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाया जाए। रियल एस्टेट परियोजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब को समाप्त करते हुए प्रमोटर्स एवं डेवलपर्स को नियमानुसार कार्य करने में सहूलियत प्रदान की जाए।

उन्होंने कहा कि रेरा की कार्यप्रणाली को राज्य सरकार के डैशबोर्ड एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि लंबित मामलों, उनके निष्पादन तथा अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके। पारदर्शी और जवाबदेह नियामक व्यवस्था से घर खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा मुख्यमंत्री ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में सुधार का सबसे महत्वपूर्ण पहलू घर खरीदारों के हितों और अधिकारों की सुरक्षा है। घर खरीदारों से जुड़े मामलों एवं शिकायतों के निष्पादन में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह नियामक व्यवस्था से घर खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश एवं कारोबार के लिए बेहतर वातावरण तैयार होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित रेरा के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं ग्रामीण कार्य विभाग की लंबित योजनाओं की समीक्षा की

# सभी परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से करें पूरा: सीएम

- गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना तथा ग्रामीण कार्य विभाग की लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा ग्रामीण कार्य विभाग की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

**लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करें:** बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा निमार्णाधीन एवं लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क विकास का महत्वपूर्ण आधार है इसलिए सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की लंबित योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा तकनीकी बाधाएं हैं, उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

**विकास योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचे:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के दानापुर-फतुहा के बीच 976 करोड़ रुपये की मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने बिहार में पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर-फतुहा रेलखंड पर 29 किलोमीटर लंबी मल्टीट्रैकिंग परियोजना को 976 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस परियोजना से पटना रेलमार्ग पर ट्रेनों की भीड़ कम होगी और यात्री व मालगाड़ियों का संचालन आसान होगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, परियोजना के तहत दानापुर से पटना के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन, राजेंद्र नगर से पटना साहिब के बीच तीसरी रेल लाइन तथा पटना साहिब से फतुहा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाई जाएगी। इससे ट्रेनों की आवाजाही बेहतर होगी, देरी कम होगी और समय पर संचालन में सुधार आएगा। परियोजना शुरू होने के पहले ही वर्ष में इस रेलखंड पर हर दिन 22 अतिरिक्त यात्री ट्रेनें और 18 अतिरिक्त मालगाड़ियां चलाई जा सकेंगी। इसके साथ ही हर साल 52 लाख टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ जाएगी। यह परियोजना दिल्लीझ्रपंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शनझ्रपटनाझ्र किऊलझ्रभागलपुरझ्रखन्नाझ्र हावड़ा रेल मार्ग पर चल रहे क्षमता विस्तार कार्यक्रम का हिस्सा है। यह मार्ग ऊर्जा, खनिज और सीमेंट की ढुलाई के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। बक्सर जिले के चौसा में बन रहे 2120 मेगावाट ताप विद्युत संयंत्र के लिए भी इस रेलखंड की अहम भूमिका होगी। रेल मंत्रालय ने कहा कि इस परियोजना से बिहार में रेल ढांचा मजबूत होगा, माल ढुलाई तेज होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

---

# 11 सेटेलाइट टाउनशिप पर सरकार का बड़ा फैसला : जमीन खरीद-बिक्री पर हटी रोक

- राज्य सरकार सुनियोजित, आधुनिक एवं सतत शहरी विकास के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजधानी पटना के प्रस्तावित पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना को आगे बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बिहार शहरी आयोजना एवं विकास बोर्ड ने टाउनशिप की विकास योजना-2047 (प्रारूप) को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही विशेष क्षेत्र में भूमि की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर लगी रोक भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

**जमीन खरीद-बिक्री पर रोक हटी :** नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष, बिहार शहरी आयोजना एवं विकास बोर्ड की अध्यक्षता में 31 जुलाई को आयोजित बोर्ड की 14वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. इसके बाद पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए विकास योजना-2047 के प्रारूप को अधिसूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अधिसूचित प्रारूप का राजपत्र (गजट) में प्रकाशन किया गया है, जिसके माध्यम से 60 दिनों की अवधि तक आमजन एवं संबंधित हितधारकों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार विचार करने के उपरांत विकास योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि विकास योजना (प्रारूप) के अधिसूचित होने के फलस्वरूप पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विशेष क्षेत्र में भूमि के क्रय-विक्रय एवं हस्तांतरण पर लगाई गई रोक अधिसूचना जारी होने की तिथि से समाप्त कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विकसित, आधुनिक और सुनियोजित बिहार के विजन को साकार करने की दिशा में पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप एक महत्वपूर्ण पहल है। यह परियोजना विश्वस्तरीय शहरी अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, पर्यावरण-अनुकूल विकास और नागरिक-केंद्रित सुविधाओं के माध्यम से भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप एक सुव्यवस्थित, समावेशी एवं सतत शहरी विकास मॉडल स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के सुव्यवस्थित एवं नियोजित शहरी विकास को गति देने के साथ-साथ नागरिकों एवं हितधारकों को पारदर्शी एवं स्पष्ट नियोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार सुनियोजित, आधुनिक एवं सतत शहरी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# एयर मार्शल तेजपाल सिंह ने वायु सेना के डिप्टी चीफ का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। एयर मार्शल तेजपाल सिंह ने शनिवार को यहां वायु सेना के डिप्टी चीफ का कार्यभार संभाला। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश की सेवा में अपनी जान देने वाले बहादुर सैनिकों को नमन किया। एयर मार्शल को 16 जून 1990 को फाइटर पायलट के तौर पर कमीशन मिला था और उन्हें 3500 घंटे से ज्यादा की उड़ान का अनुभव है। वह कैट ए क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट हैं। एयर मार्शल ने वायु सेना में अहम संचालन, कमान और स्टाफ पदों पर काम किया है। उन्हें उत्कृष्ट सेवा के लिए वायु सेना पदक और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। एयर मार्शल सिंह को यह जिम्मेदारी एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती के स्थान पर मिली है जो 39 वर्ष की शानदार और बेहतरीन सेवा के बाद शुक्रवार को सेवा निवृत हो गये।

---

# बिहार : हवलदार अनुदेशक परीक्षा पेपर लीक मामले में इओयू की बड़ी कार्रवाई, बायोमीट्रिक सुपरवाइजर समेत तीन गिरफ्तार

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग के अधिनायक अनुदेशक (हवलदार अनुदेशक) भर्ती परीक्षा के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राज समदर्शी उर्फ राजा, अभिषेक कुमार और बायोमीट्रिक सुपरवाइजर नितेश कुमार शामिल हैं। तीनों को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपियों और पूरे नेटवर्क की भूमिका की भी जांच जारी है। आर्थिक अपराध इकाई की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आर्थिक अपराध थाना में 30 जुलाई को दर्ज एक प्राथमिकी के तहत बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 की धाराओं 10 और 11(1) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। यह प्राथमिकी हवलदार अनुदेशक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़ा है।

ईओयू के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के करसा निवासी राज समदर्शी उर्फ राजा, वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के सेदपुर रजौली निवासी अभिषेक कुमार तथा वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र के कटरा निवासी नितेश कुमार शामिल हैं। नितेश कुमार परीक्षा में बायोमीट्रिक सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नगर थाना हाजीपुर में दर्ज एक अन्य मामले की जांच के दौरान सूचना मिली थी कि आरोपी राज समदर्शी हाजीपुर परीक्षा केंद्र पर आयोजित हवलदार अनुदेशक परीक्षा में शामिल होने वाला है। इसके बाद उसे परीक्षा केंद्र के पास से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने की बात स्वीकार की और अपने सहयोगी के रूप में अभिषेक कुमार का नाम बताया। उसने यह भी स्वीकार किया कि अप्रैल 2026 में आयोजित एईडीओ परीक्षा में भी उसने अनुचित साधनों का इस्तेमाल किया था। जांच में यह भी सामने आया कि बायोमीट्रिक सुपरवाइजर नितेश कुमार के माध्यम से परीक्षा के प्रश्नों के उत्तर राज समदर्शी तक पहुंचाए जा रहे थे। जांच के दौरान राज समदर्शी और अभिषेक कुमार के मोबाइल फोन की जांच की गई, जिसमें परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड, उत्तर पत्रक और अन्य दस्तावेज मिले।

---

# कुलगाम आतंकी हमला : छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों की मौत

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू और कश्मीर के कुलगाम में आतकंवादी हमले में दो प्रवासी मजदूर मारे गए हैं। ऐसी रिपोर्ट हैं कि आतंकवादियों ने पहले उनका धर्म पूछा, हिंदू होने की पुष्टि की, इसके बाद ही उन्हें प्वाइंट-ब्लैंक रेंज से गोलियों से उड़ा दिया।

2025 में पहलगाम की बैसरन घाटी में भी आतंकियों ने धर्म पूछकर चुन-चुनकर हिंदू पर्यटकों को ही मौत की नींद सुलाया था, जिसमें एक लोकल की भी जान चली गई। कुलगाम जिले में एक ईंट के भट्ठे में काम कर रहे जिन प्रवासी मजदूरों पर आतंकी हमला हुआ है, रिपोर्ट के अनुसार वहां कई प्रवासी मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से सिर्फ दो ही हिंदू थे। माना जा रहा है कि इसी वजह से उन्हें निशाना बनाकर उनकी हत्या हुई है।शुरूआती जांच में इस ओर इशारा किया गया है कि इस आतंकी वारदात में एक लोकल और एक विदेशी दहशतगर्द शामिल हो सकते हैं।

आतंकी हमले में मारे गए दो मजदूरों के परिवार ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने गोली चलाने से पहले पीड़ितों से उनकी पहचान और धर्म के बारे में पूछा था। यह घटना अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बचे लोगों के बयानों जैसी ही है।

शुक्रवार रात कुलमाग में एक ईंट भट्टे पर आतंकियों के हमले में मारे गए दो प्रवासी मजदूरों में छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले के बुंदेली गांव के रहने वाले दीपक रात्रे भी शामिल थे। दूसरे पीड़ित की पहचान सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के 28 साल के भूपेंद्र भइना के तौर पर हुई है।

---

**अगलगी** | दो दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया

# ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के दफ्तर में आग लगी, कोर्ट के अहम रिकॉर्ड जलकर खाक

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। बिहार के मुंगेर जिले में किले के परिसर में स्थित ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) किरण कुमारी के दफ्तर में भीषण आग लग गई। शनिवार सुबह लगी आग के बारे में बताया जा रहा है कि कई जरूरी केस फाइलें, कानूनी दस्तावेज और पुराने रिकॉर्ड जलकर खाक हो गए। कोर्ट स्टाफ के मुताबिक, आग सुबह करीब 9:50 बजे कोर्ट खुलने से ठीक पहले लगी क्योंकि उस समय ऑफिस के अंदर कोई कर्मचारी या अधिकारी नहीं थे। फायर डिपार्टमेंट को तुरंत अलर्ट किया गया, जिसके बाद दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। इस घटना से कोर्ट कॉम्प्लेक्स में अफरातफरी मच गई। आग की खबर फैलने के बाद बड़ी संख्या में कोर्ट कर्मचारी, पुलिस वाले और वकील मौके पर जमा हो गए। शुरूआती जानकारी से पता चलता है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। हालांकि अधिकारी सही वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने नुकसान का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है और आग में जली फाइलों और डॉक्यूमेंट्स की डिटेल्ड लिस्ट तैयार कर रहा है। बिजली की वायरिंग और केबल्स का टेक्निकल इंस्पेक्शन भी किया जा रहा है। वे पूरे कोर्ट परिसर में वायरिंग और केबल की जांच कर रहे हैं ताकि भविष्य में दूसरे कोर्टरूम, ज्यूडिशियल हॉल, जजों के चैंबर, कैफेटेरिया और कोर्ट परिसर के अंदर दूसरी जरूरी जगहों पर आग लगने की ऐसी घटना को रोका जा सके। अधिकारी दूसरे संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं और उन लोगों की पहचान कर रहे हैं जो घटना के समय उस इलाके में या उसके आसपास मौजूद थे। हालांकि किसी की जान जाने की खबर नहीं है, लेकिन कोर्ट के रिकॉर्ड के नष्ट होने से जरूरी केस से जुड़े डॉक्यूमेंट्स को बचाने और दोबारा बनाने को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस घटना की वजह से शनिवार को लिस्ट किए गए मामलों की सुनवाई टाल दी गई है और अगली तारीख जल्द ही बताई जाने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### किराना दुकान की आड़ में चल रहे गांजा कारोबार का भंडाफोड़ 1.18 किलो गांजा के साथ एक को किया गया गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना क्षेत्र स्थित कच्ची दरगाह में पुलिस ने बीती रात एक किराना दुकान पर छापेमारी कर गांजा तस्करी के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दुकान से 1.18 किलोग्राम गांजा, 9,050 रुपये नकद तथा गांजा सेवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री बरामद की। मौके से कच्ची दरगाह निवासी धनंजय कुमार (पिता- श्याम बाबू राय) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और इससे पहले भी गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस (ठउद्धर) एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य सहयोगियों और पूरे नेटवर्क की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच में जुटी हुई है।

### पेट्रोल पंप प्रोपराइटर से साइबर ठगी , पुलिस जांच की जुटी

दानापुर। नगर के अंतर्गत शनिवार को सेना के अधिकारी बता कर एक पेट्रोल पंप प्रोपराइटर से साइबर ठगी करने की बात सामने आई है। इस संबंध में पंप कर्मी सराय के महुआरी बगीचा निवासी धर्मेंद्र यादव दानापुर थाना में शिकायत की है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि जनता सर्विस स्टेशन के प्रोपराइटर के मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने अपने को सेना का अधिकारी बताया और 600 लिटर सेना के गाड़ी में तेल भरवाने का बात किया। धर्मेंद्र ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर तेल का एडवांस पेमेंट करने के लिए वह मेरे मालिक से अकाउंट नंबर एवं आईएफएससी कोड पूछा। करीब 2:06 एवं 2:09 बाजे पैसा भेजने का दो फर्जी एसएमएस भी प्राप्त हुआ। जिसमें 55 हजार और 47066 रुपया प्राप्त होने का मैसेज था। उसके बाद पुणः ज्यादा पैसा भेजने की बात करके बाकी पैसा वापस करने के लिए परेशान करने लगा। सेना के अधिकारी के नाम पर विश्वास करके मेरे मालिक ने भूलवस बिना बैलेंस चेक किये। मेरे मोबाइल से फोन पे के द्वारा 42360 भेजवा दिया।

### दानापुर और पूर्णिया कोर्ट के मध्य 02 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

हाजीपुर। अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा पाटलिपुत्र-हाजीपुर- मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बारौनी-मानसी-सहरसा के रास्ते दानापुर और पूर्णिया कोर्ट के मध्य 02 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है -

1.गाड़ी सं. 03201/03202 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 03201 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर परीक्षा स्पेशल 02.08.26 एवं 04.08.26 को पूर्णिया कोर्ट से 16.00 बजे प्रस्थान कर 18.30 बजे सहरसा, 20.28 बजे मानसी, 20.40 बजे खगड़िया, 21.18 बजे बेगुसराय, 21.50 बजे बरौनी, 23.05 बजे समस्तीपुर, अगले दिन 00.15 बजे मुजफ्फरपुर, 01.45 बजे हाजीपुर, 02.00 बजे सोनपुर एवं 02.50 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए 03.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03202 दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल 03.08.26 एवं 05.08.26 को दानापुर से 19.30 बजे खुलकर 19.45 बजे पाटलिपुत्र, 20.38 बजे सोनपुर, 20.50 बजे हाजीपुर, 22.20 बजे मुजफ्फरपुर, अगले दिन 00.30 बजे समस्तीपुर, 01.55 बजे बरौनी, 02.23 बजे बेगुसराय, 02.58 बजे खगड़िया, 03.18 बजे मानसी एवं 05.55 बजे सहरसा रुकते हुए 08.30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी । इस परीक्षा स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 14, साधारण श्रेणी के 04 एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 03207/03208 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 03207 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर परीक्षा स्पेशल 03.08.26 एवं 05.08.26 को पूर्णिया कोर्ट से 16.00 बजे प्रस्थान कर 18.30 बजे सहरसा, 20.28 बजे मानसी, 20.40 बजे खगड़िया, 21.18 बजे बेगुसराय, 21.50 बजे बरौनी, 23.05 बजे समस्तीपुर, अगले दिन 00.15 बजे मुजफ्फरपुर, 01.45 बजे हाजीपुर, 02.00 बजे सोनपुर एवं 02.50 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए 03.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03208 दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल 04.08.26 एवं 06.08.26 को दानापुर से 19.30 बजे खुलकर 19.45 बजे पाटलिपुत्र, 20.38 बजे सोनपुर, 20.50 बजे हाजीपुर, 22.20 बजे मुजफ्फरपुर, अगले दिन 00.30 बजे समस्तीपुर, 01.55 बजे बरौनी, 02.23 बजे बेगुसराय, 02.58 बजे खगड़िया।

# एम्स पटना में अत्याधुनिक फोरेंसिक मेडिसिन संग्रहालय एवं मूट कोर्ट का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता





पटना। चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना ने शनिवार को फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी संग्रहालय तथा मूट कोर्ट का उद्घाटन किया। यह नई सुविधा फोरेंसिक मेडिसिन की शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को नई दिशा देगी।

आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं, विषाक्तता, हिंसा, लैंगिक अपराधों तथा अन्य मेडिको-लीगल मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में हर वर्ष लाखों मेडिको-लीगल मामलों और हजारों पोस्टमार्टम जांचों का निष्पादन किया जाता है जिनमें प्रशिक्षित फोरेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे समय में आधुनिक फोरेंसिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग द्वारा विकसित इस संग्रहालय में संरक्षित मानव अंगों के नमूने, कंकाल, विष विज्ञान (टॉक्सिकोलॉजी) से जुड़े नमूने, मेडिको-लीगल मॉडल, फोरेंसिक उपकरण तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदर्शित की गई है। इससे एमबीबीएस एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को विषय को व्यावहारिक रूप से समझने में मदद मिलेगी।

संग्रहालय का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह सहित संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य, चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि यह संग्रहालय केवल प्रदर्शनी का स्थान नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक जीवंत माध्यम है। इससे भविष्य के चिकित्सकों को फोरेंसिक मेडिसिन, मेडिको-लीगल मामलों और वैज्ञानिक जांच की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी।

प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि यह सुविधा चिकित्सा शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराएगी।

प्रो. (डॉ.) अमित पाटिल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने बताया कि संग्रहालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक मेडिको-लीगल परिस्थितियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

संग्रहालय के साथ एक अत्याधुनिक मूट कोर्ट भी स्थापित किया गया है जहाँ न्यायालय जैसी वास्तविक व्यवस्था तैयार की गई है। यहाँ मेडिकल छात्र और रेजिडेंट डॉक्टर विशेषज्ञ गवाह के रूप में साक्ष्य प्रस्तुत करने, मेडिको-लीगल मामलों की सुनवाई तथा न्यायिक प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझ सकेंगे। आधुनिक फोरेंसिक संग्रहालय और मूट कोर्ट का यह समन्वय विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं न्याय व्यवस्था के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में मदद करेगा और उन्हें वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार करेगा।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तोशल वानखेड़े ने संग्रहालय की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें विष और हथियारों से संबंधित प्रदर्शों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। इन क्यूआर कोड को स्कैन कर विद्यार्थी तुरंत उनसे जुड़ी वैज्ञानिक, विष विज्ञान एवं मेडिको-लीगल जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) उमेश कुमार भदानी (विभागाध्यक्ष, एनेस्थिसियोलॉजी), प्रो. (डॉ.) अंसारुल हक (विभागाध्यक्ष, एनाटॉमी), प्रो. (डॉ.) प्रमोद मांझी (अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फामाकोलॉजी), प्रो. (डॉ.) ज्योति प्रकाश (विभागाध्यक्ष, मेडिसिन), प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय (विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन), प्रो. (डॉ.) विनय कुमार, डॉ. अशोक कुमार रस्तोगी, डॉ. तोशल डी. वानखेड़े तथा डॉ. चैतन्य मित्तल सहित अनेक वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

इसके अलावा विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

फोरेंसिक मेडिसिन संग्रहालय और मूट कोर्ट की स्थापना के साथ एम्स पटना ने चिकित्सा शिक्षा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सुविधा न केवल विद्यार्थियों को आधुनिक और अनुभवात्मक प्रशिक्षण प्रदान करेगी बल्कि पूर्वी भारत में फोरेंसिक मेडिसिन, मेडिको-लीगल शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी।

## 20वीं मॉली गॉल्स्टन अंतरविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । द ऑल इंडिया एंग्लो इंडियन एसोसिएशन, पटना शाखा एवं संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल, नासरीगंज, दीघा, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 20वीं मॉली गॉल्स्टन अंतरविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें संत माइकल हाई स्कूल, डी.ए.वी.-बी.एस.ई.बी., नोट्रे डेम एकेडमी, संत कैरेन्स हाई स्कूल, संत कैरेन्स सेकेंडरी स्कूल, इंटरनेशनल स्कूल (सी.बी.एस.ई.), ज्ञान निकेतन, संत जोसेफ कॉन्वेंट, कारमेल हाई स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (ईस्ट), रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल, संत जेवियर्स हाई स्कूल, संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल तथा आर्मी पब्लिक स्कूल प्रमुख थे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा शारीरिक दक्षता का विकास करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार राज्य तैराकी संघ के मानद सचिव राम विलास पांडे, बिहार बहु-दौड़ संघ के सचिव गजेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व आर्मी पदाधिकारी एवं तैराकी प्रशिक्षक विनोद कुमार तथा द ऑल इंडिया एंग्लो इंडियन एसोसिएशन, पटना शाखा की अध्यक्ष ग्लेण्डा गॉल्स्टन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को पूरी निष्ठा, आत्मविश्वास एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता में फ्री-स्टाइल, बैक-स्ट्रोक, ब्रेस्ट-स्ट्रोक, बटरफ्लाई एवं रिले रेस सहित विभिन्न आयु वर्गों की 32 स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का परिचय दिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि रामकृपाल यादव, मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार ने विजेता खिलाड़ियों एवं विजेता विद्यालयों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में संत माइकल हाई स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल प्रथम रनर-अप तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल (ईस्ट) द्वितीय रनर-अप रहा। डी.पी.एस. (ईस्ट), पटना के आयुष कुमार को सर्वश्रेष्ठ कोच का सम्मान प्रदान किया गया।एसोसिएशन की सचिव सेंड्रा इलिस ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विद्यालयों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बिहार रेजीमेंट केंद्र में 24वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन बिहार का 33वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



दानापुर बिहार रेजीमेंट केंद्र में 24वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन बिहार का 33वां स्थापना दिवस अत्यंत भव्यता और गरिमा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिन उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर भी था, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है इस बटालियन की स्थापना 01 अगस्त 1994 को कर्नल उमेद सिंह के कुशल नेतृत्व में की गई थी। स्थापना के पश्चात बटालियन ने तैनाती क्षेत्र में सोंपे गए समस्त उत्तरदायित्वों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथकर्तव्यपरायणता, सजगता और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन से अपना परचम लहराया।

उग्रवाद-विरोधी अभियानों में इस बहादुर बटालियन के काम की सभी तारीफ करते हैं। इस यूनिट ने जिस भी इलाके या फॉर्मेशन में काम किया, वहाँ सम्मान हासिल किया। बटालियन के भीतर तैनात वीर बिहारी सैनिकों का उत्साह, जज्बा और राष्ट्रभक्ति सराहनीय है। इन योद्धाओं ने समय-समय पर अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए न केवल बटालियन बल्कि पूरे बिहार रेजीमेंट का मान बढ़ाया है। इन्हीं वीरता भरे कार्यों के चलते बटालियन को अनेक वीरता पुरस्कारों से नवाजा जा चुका हैं, जिनमें 2013 में थल सेनाध्यक्ष यूनिट प्रशस्ति पत्र, 2000 में जीओसी-इन-सी उत्तरी कमान यूनिट प्रशंसा पत्र, एक कीर्ति चक्र, छह शौर्य चक्र, 28 सेना मेडल और 84 प्रशस्ति पत्र शामिल हैं। बटालियन को ह्यसरताज ट्रॉफीह्व भी मिली और 2013 में इसे सबसे अच्छी राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का दर्जा दिया गया इस पावन अवसर पर देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को स्मरण और सम्मान देने हेतु बिहार रेजीमेंट केंद्र स्थित वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

इसगरिमामयी आयोजन में बिहार रेजीमेंट केंद्र के समादेष्टा महोदय ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने कर्नल ऑफ द बिहार रेजीमेंट की तरफ से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर समादेष्टा महोदय के अतिरिक्त बिहार रेजीमेंट केंद्र के दंडपाल लेफ्टिनेंट कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, सूबेदार मेजर नारायण प्रधान, सूबेदार संजय सिंह सहित कई जेसीओ एवं अन्य पद उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों, जेसीओ और सैनिकों ने वीर स्मृति स्थल पर हमारे शहीद नायकों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि के दौरान सेना के बैंड ने वंदे मातरम और रेजिमेंटल गीत सहित देशभक्ति की धुनें बजाई।

## ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य अभियान नहीं ,बल्कि भारत की सुरक्षा , साहस और शौर्य का प्रतीक : मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



पटना : राजधानी पटना का प्रेमचंद्र रंगशाला शनिवार की शाम एक वर्ष पूर्व हुए पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिक और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिको के शौर्य को याद कर भावुक हो उठा । संजय उपाध्याय द्वारा निर्देशित देशभक्ति आधारित विशेष नाट्य प्रस्तुति ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व की भव्य प्रस्तुति का कार्यक्रम भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, उनके परिवारों के त्याग तथा आतंकवादी हमलों में दिवंगत निर्दोष नागरिकों की स्मृति को समर्पित था।

नाटक का शुभारंभ राष्ट्र गान की धुन के साथ शुरू हुआ । इस मौके पर कला संस्कृति विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी , पर्यटन विभाग के मंत्री श्री केदार प्रसाद गुप्ता, मेयर सीता साहु एवं गुलमोहर मैत्री की सचिव मंजू सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को याद कर नाटक का शुभारंभ किया ।

नाट्य प्रस्तुति के पूर्व मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को प्रोत्साहित कि जानी चाहिए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य अभियान ही नहीं था यह नारी शक्ति के सम्मान में भारत के वीर सपूतों का संकल्प और साहस के साथ प्रतिशोध था । यह दुश्मनों को साफ संदेश था कि भारत की अस्मिता पर हर हमले का नापाक जवाब देने हमें आता है ।

दुश्मन भी भारत की सिंदूर की कीमत की ताकत को समझ नहीं सकें। आम भारतीय नागरिक की जान हमारे देश के महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो नैरेटिव फैलाया गया वह दुखद था ।

पर्यटन विभाग के मंत्री श्री केदार गुप्ता ने कहा कि समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक विजय गाथा किसी भी माध्यम से पहुंचे ताकि देशभक्ति जज्बा बना रहे।

## अमर सिंह की पुण्यतिथि पर भावुक हुआ लोकमंच पद्मश्री सम्मान की उठाई गई मांग

प्रातः किरण संवाददाता



पटना : लोकमंच के संस्थापक, महान समाजवादी विचारक, जनसेवा के लिए समर्पित जननेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद श्रद्धेय ठाकुर अमर सिंह की पुण्यतिथि पर भारतीय लोकमंच पार्टी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्षों और जनसेवा के आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने श्रद्धेय अमर सिंह के बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री कुणाल सिकंद , छात्र प्रदेश संगठन सचिव सह सारण प्रभारी अधिवक्ता प्रिन्स कुमार सिंह , महुआ प्रखंड संयोजक देवानंद दास, विकास विश्वकर्मा , संयोजक मूनटून कुमार सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री कुणाल सिकंद ने कहा कि श्रद्धेय ठाकुर अमर सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता, जनसेवा तथा वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन संघर्ष, संवेदना और जनसेवा की ऐसी मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देती रहेगी।उन्होंने कहा कि श्रद्धेय ठाकुर अमर सिंह के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए लोकमंच लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाता रहा है। समाज के पीड़ित, शोषित, वंचित और जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की लड़ाई में लोकमंच सदैव उनके साथ खड़ा रहा है।

## सिटी सेंटर मॉल में तीन दिवसीय कुटीर उद्योग मेला, तीज एवं राखी उत्सव शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । जिले के सिटी सेंटर मॉल में शनिवार को तीन दिवसीय कुटीर उद्योग मेला एवं तीजझराखी उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। उड़ान संस्था एवं रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला उद्यमियों एवं कुटीर उद्योग से जुड़े शिल्पकारों ने अपने आकर्षक एवं हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया। मेले में राखियां, हस्तशिल्प, पारंपरिक परिधान, आभूषण, गृह सज्जा की वस्तुएँ, हस्तनिर्मित खाद्य सामग्री सहित अनेक उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने।कार्यक्रम की मुख्य आयोजक आशा गोयल, प्रिया सर्राफ एवं जया महासारिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उनके हुनर को पहचान दिलाना तथा स्थानीय कुटीर उद्योगों को बाजार उपलब्ध कराना है। रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के अध्यक्ष रो. पंकज किशोर सिंह ने कहा कि ह्यवोकल फॉर लोकलह्व और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्व के संकल्प को साकार करने में कुटीर उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे आयोजन न केवल महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि समाज को स्थानीय उत्पाद अपनाने के लिए भी जागरूक करते हैं। तीज और रक्षाबंधन जैसे भारतीय पर्व हमारी संस्कृति, परंपरा, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण का सुंदर संगम हैं। उड़ान संस्था की टीम ने कहा कि भविष्य में भी महिलाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन लगातार किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल सके। रो.अनंत अरोड़ा जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा । मौके पर रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की ओर से रो . अनंत अरोड़ा, कोषाध्यक्ष रो.जगन्नाथ कुमार,रो . अमित सिंह आदि थे।

### विश्व युवक केंद्र एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन दिल्ली में सम्मानित

पटना। नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में मिला नेशनल क्लाइमेट लीडरशिप अवार्ड2026 केंद्र के देशव्यापी हरित अभियान की हुई सराहना

पटना - पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता, युवा सशक्तिकरण एवं सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली को राष्ट्रीय स्तर पर तथा प्रेम यूथ फाउंडेशन, बिहार को राज्य स्तर पर प्रतिष्ठित नेशनल क्लाइमेट लीडरशिप सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कंचन फाउंडेशन एवं नेचर केयर द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मृत्युंजय महापात्र, महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग , नई दिल्ली, थे। इस अवसर पर श्री अशुतोष रथ, कार्यकारी निदेशक डॉ. अरबिंद धाली, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता, ओडिशा; तथा श्रीमती सुलता देव, माननीय सांसद (राज्यसभा), की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।विश्व युवक केंद्र की ओर से उदय शंकर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संस्था की टीम के साथ राष्ट्रीय सम्मान ग्रहण किया।

### जमीन सील करने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल पहुंची

बिहिया में बियाडा से जमीन लीज पर लेने वाली अगोरा इम्पीरियम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की जमीन को सील करने दंडाधिकारी और पुलिस बल के साथ शनिवार को बियाडा की टीम पहुंची। इस दौरान लीज रद्द किए जाने के बाद दखल-सील की कार्रवाई को लेकर कंपनी संचालक और बियाडा के अधिकारियों के बीच मैराथन कीच कीच होता रहा।इस दौरान दंडाधिकारी के रूप में पहुँचे सीओ बिहिया के समक्ष दोनों पक्षों ने अपनी दलील रखी।बियाडा अधिकारी का कहना था कि जमीन लेने के बाद कंपनी संचालक द्वारा निर्धारित अवधि में कंपनी का निर्माण एवं उत्पादन शुरू नहीं किया गया।

## भारतीय रेलवे ने बिहार के दानापुर और फतुहा के बीच पूर्व मध्य रेलवे की 976 करोड़ रुपये की मल्टीट्रैकिंग परियोजना को दी मंजूरी

■ 29 किमी की यह परियोजना प्रतिदिन 22 अतिरिक्त यात्री ट्रेनों और 18 अतिरिक्त मालगाड़ियों को संभालने में सक्षम होगी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार में रेल क्षमता को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे के 29 किलोमीटर लंबे दानापुर से फतुहा खंड पर 976 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीट्रैक बिछाने की मंजूरी दी है। इस परियोजना से पटना रेल कॉरिडोर के सबसे व्यस्त खंडों में से एक पर भीड़ कम होगी और यात्री एवं माल ढुलाई सेवाओं में भारी वृद्धि की संभावना बनेगी।स्वीकृत कार्य में तीन घटक शामिल हैं। दानापुर और पटना के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाई जाएगी। राजेंद्र नगर और पटना साहिब के बीच तीसरी लाइन बिछाई जाएगी। पटना साहिब और फतुहा के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाई जाएगी। इन अतिरिक्त लाइनों से पटना क्षेत्र में यातायात जाम कम होगा, देरी कम होगी और समय की पाबंदी में सुधार होगा।परियोजना के संचालन के पहले वर्ष में, प्रतिदिन 22 अतिरिक्त यात्री ट्रेनें और 18 अतिरिक्त मालगाड़ियाँ चल सकेंगी। इससे प्रति वर्ष 52 लाख टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ेगी।यह परियोजना दिल्ली, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पटना, किउल, भागलपुर, खन्ना और हावड़ा मार्ग पर चौगुनी रेल सुविधा शुरू करने की पहल का हिस्सा है। यह मार्ग भारतीय रेलवे के ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर के अंतर्गत आता है। मजबूत किया गया यह खंड बक्सर जिले के चौसा में बनने वाले 2120 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो भारी मात्रा में कच्चे माल की रेल ढुलाई पर निर्भर करेगा।इस मंजूरी से उच्च घनत्व वाले मार्गों पर क्षमता विस्तार करने, ऊर्जा और उद्योग के लिए रसद को मजबूत करने और बिहार के सामाजिक-आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं० – 31 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू, मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग / डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं०–20–डीडीयू–वं०मं०इंजी०–।।–26–27,, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल अभियंता/गया के अंतर्गत गया में 60 बिस्तरों वाली RPF बैरक का निर्माण, कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,78,67,707.79, धरोहर राशि : ₹5,57,400/–

2. निविदा सं०–21–डीडीयू–वं०मं०इंजी०–।।–26–27,, कार्य का नाम एवं लोकेशन : KMGE स्टेशन पर UP दिशा में एक लूप लाइन की व्यवस्था, कार्य का अनुमानित लागत:₹2,23,07,189.27, धरोहर राशि : ₹4,46,200/–

3. निविदा सं०–22–डीडीयू–वं०मं०इंजी०–।।–26–27,, कार्य का नाम एवं लोकेशन : मानपुर – पं. दीन दयाल उपाध्याय : JHN स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग की व्यवस्था, कार्य का अनुमानित लागत :₹1,49,46,477.03, धरोहर राशि : ₹2,98,900/–, ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 20.08.2026 को 12.00 बजे तक, वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0650/डीडीयू/अभि./टी/26–27/40

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
निविदा सूचना सं०:–
ECR-CAO-C-S-ETEN-DOS-07

भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे उल्लिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– **क्र०सं० 1. ई निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–डीओएस–07 दो पैकेट प्रणाली में, कार्य का नाम :** अर्थवर्क, ब्लैकेटिंग, स्थायी पथ कार्य, लघु पुल निर्माण कार्य, रिटेनिंग वॉल, नाला/जल निकासी, प्लेटफॉर्म, पहुँच पथ, परिसंचरण क्षेत्र, ओएफसी कक्ष तथा प्रस्तावित संरेखण के अंतर्गत अन्य सहायक सिविल इंजीनियरिंग कार्य, जो ईस्ट सेंट्रल रेलवे के डीडीयू मंडल के अंतर्गत जीसी लाइन पर चिरैला पौथू (चेनेज 10196) से बीडी लाइन पर न्यू सोन नगर (चेनेज 1088) तक प्रस्तावित सोन नगर बाईपास लाइन के निर्माण के संबंध में किए जाने हैं। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** : 50,57,65,987.91, **बोली प्रतिभूति (₹)** : 1,01,15,300.00, **कर्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 19.08.2026 को 15.00 बजे। कोई भी ई–टेंडर जो डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा जाएगा, उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेंडर जमा करने के ऐसे सभी मैनुअल तरीके, भले ही वे फर्म के लेटर पैड पर हों या समय पर प्राप्त हुए हों, स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऊपर दिया गया ई–टेंडर दस्तावेज, पूरी जानकारी के साथ, वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटरू टेंडर नोटिस में कोई भी विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा। टेंडर देने वालों से अनुरोध है कि वे इस ई–टेंडर से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/सुधार आदि के लिए, टेंडर बंद होने की अतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं।

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण)**
**पू० म० रेलवे, डेहरी ऑन सोन**
**पीआर/0643/कंस्ट्रक्शन डीओएस/सीओएनएसटी/टी/26–27/44**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 02 अगस्त, 2026



## नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक सुनीता सिंह चौहान एवं पूर्व प्रदेश महासचिव राणा रणधीर सिंह



पटना। पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत बेलसंड विधानसभा के पूर्व विधायक सुनीता सिंह चैहान एवं पूर्व प्रदेश महासचिव राणा रंधीर सिंह चैहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री नीतीश कुमार ने उन्हें जनसेवा, संगठन की मजबूती तथा पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संदेश दिया। दोनों नेताओं ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनता की सेवा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा, उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार विधान परिषद् में सत्तारुढ़ दल के उप-नेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, पूर्व विधायक सुनीता सिंह चैहान, पूर्व प्रदेश महासचिव राणा रंधीर सिंह एवं पूर्व प्रदेश महासचिव लोक प्रकाश सिंह उपस्थित रहें।

## नीतीश कुमार के सपनों को साकार कर रही मौजूदा एनडीए सरकारः जदयू

पटना। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता शंभूनाथ सिन्हा एवं प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2025 से 2030 के बीच पांच वर्षों में राज्य के युवाओं को एक करोड़ सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने का जो ऐतिहासिक संकल्प लिया था, उसे वर्तमान एनडीए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारने का काम कर रही है। इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार ठोस एवं युवा हितैषी निर्णय ले रही है। विभिन्न विभागों में 1 लाख 72 हजार नई भर्तियों की घोषणा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे पर गंभीरता से काम कर रही है। इसके अतिरिक्त हाल ही में टीआरई-4 के माध्यम से 32 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली का निर्णय भी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए सरकार अपने कार्यकाल के दौरान एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके से उन्हें अमल में लाकर युवाओं के सपनों को साकार करना है।

## बिहार को अकाल क्षेत्र घोषित करें सरकारः भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि पूरा बिहार सूखे की चपेट में आ गया है। पूरे राज्य में धान की रोपनी प्रभावित है। बारिश की कमी के कारण धान की रोपनी नहीं हो रही है। धान का बिचड़ा जल रहा है। किसानों को खेती के लिए बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। नहरों में पानी नहीं है। नदी और तलाब सूखे हैं। भूमि के जल स्तर नीचे चला गया है। पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। इसके बावजूद सरकार की तरफ से सूखे से निपटने के लिए कोई ठोस तैयारी नहीं दिख रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार को अकाल क्षेत्र घोषित करने और अकाल में मिलने वाली सभी सुविधाएं आम जनता को उपलब्ध कराने की मांग करती है। किसानों को खेती के लिए मुफ्त में 24 घंटे बिजली और डीजल पर अनुदान देने की घोषणा सरकार करें। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में धान की रोपनी जुलाई महीने में होता है। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई महीने में भी सामान्य से कम बारिश हुई है। राज्य के सभी 38 जिलों में बारिश कम हुई है। उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिण बिहार में बहुत कम बारिश की संभावना है। बिहार में मानसून 11 जून, 2026 को प्रवेश किया था। मानसून के दौरान बिहार में 56 फीसद कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़े साफ बता रहा है कि बिहार सूखे की चपेट में है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सरकार से किसानों के कृषि ऋण माफ करने, खेती के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, डीजल पर अनुदान देने, सभी नहरों में पानी उपलब्ध कराने, किसानों को मुआवजा देने और पशु के लिए चारा उपलब्ध कराने की मांग करती है।

### मुख्यमंत्री ने बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के दिए निर्देश

# सहकारिता क्षेत्र को नई तकनीक, बेहतर प्रबंधन और प्रभावी योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनायें : सम्राट

**मुख्य बिंदु :-**

- किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहें

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण, आधुनिकीकरण, कार्यकुशलता तथा किसानों एवं आम लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सहकारी बैंकों को अधिक सशक्त एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जाए। उन्होंने सहकारी बैंकों के अपग्रेडेशन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने तथा इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके। इसके अतिरिक्त पैक्सों में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए आवश्यकतानुसार अधिनियम (एक्ट) में संशोधन का प्रस्ताव भी तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को नई तकनीक, बेहतर प्रबंधन और प्रभावी योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाकर किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। बिस्कोमान पटना शहर की पहचान है, इसे और व्यवस्थित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिस्कोमान पटना शहर की पहचान है, इसे और व्यवस्थित करें ताकि देखने में सुंदर और आकर्षक लगे। **ये रहे मौजूद :** बैठक में सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ वीरेन्द्र प्रसाद यादव, बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे, बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने 'हमारे राम' महानाट्य के भव्य मंचन कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



- भगवान श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित हमारे राम महानाट्य के भव्य मंचन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। हमारे राम महानाट्य के मंचन में लंकापति रावण की भूमिका निभा रहे अभिनेता आशुतोष राणा से मुख्यमंत्री ने मुलाकात कर बातचीत की। फेलिसिटी थिएटर चैरिटेबल आर्गेनाइजेशन, दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयोजक मंडल द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने नाट्य मंचन 'हमारे राम' में कलाकारों द्वारा दी गयी प्रस्तुति का अवलोकन भी किया।

## गांवों में सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकताः मंत्री



- मंत्री ने वारिसलीगंज में नवनिर्मित पंचायत प्रवेश द्वार का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और जदयू विधायक दल के नेता माननीय मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को कहा किग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। सरकारी विभाग भी सभी पंचायतों में विकास कार्यों को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि गांवों का सर्वांगीण विकास हो सके।

मंत्री ने नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत चकवाय पंचायत के बलवापर गांव में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन करते हुए यह बातें कहीं। प्रवेश द्वार का निर्माण पंचायत मुखिया मृत्युंजय कुमार एवं पंचायत सचिव विनोद के सौजन्य से कराया गया है। इस अवसर पर वारिसलीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शकील अहमद तथा वार्ड नंबर-4 की वार्ड सदस्य प्रतिभा कुमारी भी उपस्थित थीं। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि यह प्रवेश द्वार गांव की पहचान और गरिमा को बढ़ाएगा। पंचायत स्तर पर ऐसे कार्यों से स्थानीय लोगों में गर्व की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में उप मुखिया राजेश कुमार, सरपंच राजनिती शर्मा, समाजसेवी पंकज महतो और कृष्णा सिंह, पैक्स अध्यक्ष बाढ़न रविदास, जदयू के जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी, प्रखंड अध्यक्ष अजय राय, सोनू मुखिया, निवास मुखिया और सचिन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## एफएमडी से बचाव के लिए राज्य में 79 लाख से अधिक पशुओं का हुआ टीकाकरण

- 10 जुलाई से टीकाकर्मी घर-घर जाकर लगा रहे हैं टीके, पशुपालकों को मिलेगा इसका लाभ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य भर में पशुओं में होने वाली अत्यंत संक्रामक बीमारी एफएमडी यानी खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए 10 जुलाई से सातवें चरण में टीके लगाए जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 79 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। यह टीका पशुओं को मुंह में छाले एवं खुरों में घाव से बचाता है। सरकार की इस पहल से इस वर्ष अब तक 16 लाख से किसान लाभान्वित हुए हैं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग एफएमडी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इस टीकाकरण अभियान को चला रहा है। अभियान के दौरान टीकाकर्मी घर-घर जाकर गाय, बैल, बछड़ा, बछड़ी और भैंसों का टीकाकरण कर रहे हैं।

**2030 तक एफएमडी उन्मूलन का है लक्ष्यः** राज्य सरकार पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए करीब 18 वर्षों से निःशुल्क टीकाकरण अभियान चला रही है। एफएमडी टीकाकरण में राज्य के टॉप तीन जिले पूर्णियां, पटना और पूर्वी चंपारण हैं। पूर्णियां में अब तक करीब 5 लाख 98 हजार, पटना में 4 लाख 89 हजार और पूर्वी चंपारण में 4 लाख 61 हजार से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया गया है। पशु स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) के तहत वर्ष 2030 तक एफएमडी रोग को नियंत्रित करने और उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा गया है। एफएमडी टीकाकरण के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2.81 करोड़ पशुओं को टीका लगाया गया है, जिससे 50 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। वर्ष 2006-07 से वृहद पैमाने पर राज्यव्यापी अभियान के रूप में यह टीकाकरण शुरू हुआ था, तब पहले वर्ष में इसकी उपलब्धि 38.45 लाख रही थी।

**इस रोग से होती है भारी क्षतिः** एफएमडी रोग दुधारू पशुओं जैसे गाय और भैंसों को अधिक नुकसान पहुंचाता है। विषाणुजनित यह रोग पशुओं में अत्यधिक तेजी से फैलता है। इस रोग से पशुधन उत्पादन में भारी कमी आती है, साथ ही देश से पशु उत्पादों के निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने सभी पशुपालक किसानों से आग्रह किया है कि वे टीकाकर्मियों का सहयोग करें और इस निःशुल्क अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाकर एफएमडी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बिहार में इस साल 2.55 लाख हेक्टेयर में होगी गन्ना की खेती

- गन्ना उद्योग विभाग ने जिलावार निर्धारित किया गन्ना खेती का लक्ष्य

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों का पुनरुद्धार करने के साथ ही लगने वाली नई चीनी मिलों को देखते हुए इस साल 2 लाख 55 हजार 81 हेक्टेयर में गन्ना की खेती होगी। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने बुआई सत्र 2026-27 के लिए जिलावार गन्ना खेती का रकबा और उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। ताकि पेराई के लिए चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना मिल सकें। विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के अंतर्गत ह्यसमृद्ध उद्योग-सशक्त बिहारह्ण के लक्ष्य को पाने के लिए राज्य में बंद चीनी मिलों को खोलने के साथ ही नई चीनी मिलों को स्थापित करने का निर्णय लिया है। बिहार में स्थापित होने वाली कुल 25 नई चीनी मिलों के लिए पर्याप्त मात्रा में गन्ना चाहिए। इसको देखते हुए गन्ना उद्योग विभाग द्वारा बिहार में गन्ना के उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में गन्ना खेती का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए कई योजनाएं शुरू की गई है। गन्ना उद्योग विभाग ने गन्ना का उत्पादन बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर बुआई सत्र 2026-27 के लिए जिलावार गन्ना फसल की रकबा का कुल लक्ष्य 255081 हेक्टेयर निर्धारित किया है। वहीं गन्ना उत्पादन का कुल लक्ष्य 17403582 टन निर्धारित किया है। बताया जाता है कि सबसे अधिक गन्ना उत्पादन का रकबा 166090 हेक्टेयर पश्चिमी चम्पारण के लिए निर्धारित किया गया है। उसके बाद पूर्वी चम्पारण का रकबा 26693 हेक्टेयर निर्धारित है। वहीं सबसे कम अरवल जिले में गन्ना की खेती करने का रकबा 5 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है।

# पूर्व विधायक सुनीता सिंह चौहान एवं राणा रणधीर सिंह ने जदयू में की घर वापसी

- नीतीश के अनुभव और निशांत की ऊर्जा के समन्वय से जदयू सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य मिलन समारोह में बेलसंड की पूर्व विधायक सुनीता सिंह चौहान एवं वरिष्ठ नेता राणा रणधीर सिंह चौहान ने अपने अनेक प्रमुख सहयोगियों एवं बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ जदयू परिवार में घर वापसी की। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई तथा जदयू परिवार में गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमें गर्व है कि नेताओं की भीड़ में हमारे नेता नीतीश कुमार और पार्टियों की भीड़ में हमारी पार्टी जदयू की सबसे अलग पहचान है। श्री नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास के मॉडल के माध्यम से धरातल पर साकार किया है। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य करना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। श्री कुशवाहा ने कहा कि निशांत की राजनीतिक सक्रियता से जदयू का भविष्य आने वाले 25 वर्षों के लिए और अधिक उज्ज्वल एवं सशक्त हो गया है। नीतीश कुमार के अनुभव और निशांत की ऊर्जा के समन्वय से जदयू निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि पार्टी के पुराने और मजबूत साथी अपने घर वापस लौटे हैं। बिहार को देश के शीर्ष 5 विकसित राज्यों में शामिल करने के संकल्प को पूरा करना है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सुनीता सिंह चौहान एवं राणा रणधीर सिंह चैहान का पार्टी को मजबूत करने में शुरू से महत्वपूर्ण योगदान रहा है और वे हमेशा नीतीश कुमार के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने हर जाति, हर मजहब, हर घर और हर परिवार के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने आह्वान किया कि बिहार को देश के शीर्ष 5 विकसित राज्यों में शामिल करने का जो संकल्प नीतीश कुमार ने लिया है, उसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है।

### जदयू को और मजबूती मिलेगी : मंत्री

लेसी सिंह ने कहा कि राणा रणधीर सिंह चैहान समता काल से नीतीश कुमार के साथ रहे हैं। उनके पार्टी में पुनः शामिल होने से जदयू को मजबूती मिलेगी तथा न्याय के साथ विकासह्णके संकल्प को नए पंख लगेंगे। श्री संजय सिंह ने कहा कि श सुनीता सिंह चैहान एवं राणा रणधीर सिंह चैहान जदयू के पुराने साथी हैं और आज अपने पुराने घर में वापस आए हैं। उनके आने से पार्टी को नई ताकत मिलेगी और हम सब मिलकर जदयू को और मजबूती प्रदान करेंगे। श्री राणा रणधीर सिंह चैहान ने कहा कि नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास के रथ को बिहार की गली-गली तक पहुँचाने का काम किया है। उनके इस अभियान को हमें मिलकर और गति प्रदान करनी है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से नगेंद्र सिंह, लालबाबू पासवान, नवीन कुमार सिन्हा, अब्दुल खालिक, मुमताज हुसैन सहित कई अन्य लोगों ने जद(यू) की सदस्यता ग्रहण की।

## बिहार के हर जिले और गांव तक पहुंचेगा संत रविदास जयंती का पवित्र कलश, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना से करेंगे रवाना

- संत रविदास के समता संदेश को गांव-गांव पहुंचाएगी भाजपा : सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर वाराणसी से लाए गए पवित्र कलश को बिहार के सभी जिलों, मंडलों और गांवों तक पहुंचाने की व्यापक तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसनिया,प्रदेश महामंत्री राजेश झा,प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक, धनराज शर्मा, सरोज पटेल उपस्थित थे।पूर्व मंत्री जनक चमार सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना से इस पवित्र कलश को विधिवत रवाना करेंगे। इसके बाद यह कलश राज्य के सभी जिलों में पहुंचेगा। जिलों से इसे मंडलों और फिर गांव-गांव तक ले जाया जाएगा, जहां संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन, उनके सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और सद्भाव के संदेश पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, समरसता और समानता के महान प्रवर्तक थे। उन्होंने कहा कि भाजपा संत रविदास जी के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है और यह कलश यात्रा सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम बनेगी।

# गांव-गांव होगी खेल की धूम, राज्य की 5,285 पंचायतों में तैयार हुए खेल मैदान

- 8,050 पंचायतों में खेल मैदान निर्माण का लक्ष्य, 5,317 योजनाएं स्वीकृत इनमें 5,285 मैदान बनकर तैयार, शेष 32 अंतिम चरण में

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के युवा अब शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में ही नहीं खेल जगत में भी नई पहचान गढ़ रहे हैं। गांव-गांव में खेल का माहौल तैयार करने के लिए सरकार के स्तर से व्यापक पहल की जा रही है। इसी कड़ी में पंचायत स्तर पर खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य की 8,050 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 5,317 पंचायतों में खेल मैदान बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें 5,285 खेल मैदान पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 32 मैदानों का निर्माण अंतिम दौर में है।

**इन जिलों सबसे सबसे अधिक खेल के मैदानः** सबसे अधिक पूर्वी चंपारण जिले के 307 पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण पूरा हो गया है। मुजफ्फरपुर जिले में (263), मधुबनी (257), गया (218), समस्तीपुर (194), पश्चिम चंपारण (176), पूर्णिया (173), नवादा (169), सारण (168), रोहतास (166), बांका (162), दरभंगा (156), सीवान (155), भोजपुर (154), कटिहार (151), नालंदा (150), पटना (126) मैदानों का निर्माण पूरा हो गया है। वहीं जमुई में 10, खगड़िया में 5, मधुबनी में 4, जहानाबाद और मुंगेर में 3-3, कैमूर और सारण में 2-2, जबकि भागलपुर, किशनगंज और पूर्वी चंपारण में 1-1 कुल 32 खेल मैदानों का निर्माण अंतिम चरण में है।

**खेल अवसंरचनाओं ने बदली राज्य की तस्वीरः** पिछले कुछ वर्षों में बिहार सरकार ने खेल अवसंरचना के विकास को नई गति दी है। पंचायत स्तर पर खेल मैदान, प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, आधुनिक खेल परिसर और अंतरराष्ट्रीय मानकों की खेल सुविधाओं के निर्माण से राज्य में खेल का नया माहौल तैयार हो रहा है। राजगीर में विश्वस्तरीय खेल परिसर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, राज्य खेल 2026 जैसे बड़े आयोजनों की तैयारी और अब गांव-गांव खेल मैदानों का विस्तार इस बात का संकेत है कि बिहार खेल विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। सरकार का मानना है कि मजबूत खेल अवसंरचना ही भविष्य के खिलाड़ियों की सबसे बड़ी ताकत होती है। गांवों में तैयार हो रहे ये खेल मैदान न केवल बच्चों और युवाओं को नियमित अभ्यास का अवसर देंगे, बल्कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार की नई खेल प्रतिभाओं को भी पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बिहार में रफ्तार का नया युगः 18,289 करोड़ की 11 मेगा परियोजनाओं से बदलेगी आधारभूत संरचना

- राज्य में परियोजनाओं का कार्य पूरा होने के बाद कनेक्टिविटी में आएगा ऐतिहासिक उछाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जल्द ही एक अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिलेगा। पथ निर्माण विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। विभाग की ओर से 18 हजार 289 करोड़ रुपये से भी ज्याता की लागत से राज्य के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे, एलिवेटेड रोड का निर्माण और गंगा-गंडक जैसी प्रमुख नदियों पर महासेतु निर्माण का कार्य द्रुत गति से किया जा रहा है।

पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कुल 11 परियोजनाओं के माध्यम से कराए जा रहे 547 किमी. लंबे विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद न सिर्फ जिलों के बीच की दूरी घटेगी बल्कि राज्य में व्यापार, पर्यटन और रोजगार को भी एक नई दिशा मिलेगी।

पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल की मानें, तो राज्य में 18 हजार 289 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 11 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इनमें प्रमुख एनएच-119 डी (आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे) है, जो राज्य का पहला एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। इसे चार मुख्य पैकेजों में बांटकर तैयार किया जा रहा है, जिसमें पैकेज-1 के तहत 1,157.50 करोड़ रुपये की लागत से 55 किमी. लंबा आमस-शिवरामपुर, पैकेज-2 के तहत 54.30 किमी. लंबा 1,207.00 करोड़ रुपये की लागत से शिवरामपुर से रामनगर, पैकेज-3 के तहत 47 किमी. लंबा 1969.3 करोड़ रुपये की लागत से कल्याणपुर से बलभद्रपुर और पैकेज-4 के तहत 42.21 किमी. लंबा 1687.81 करोड़ की लागत से बलभद्रपुर-बेला नवादा रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सचिव श्री पाल ने बताया कि करीब 198.51 किलोमीटर लंबी यह परियोजना जीटी रोड (आमस) को सीधे उत्तर बिहार के केंद्र दरभंगा से जोड़ेगी। इससे औरंगाबाद, जहानाबाद, पटना, वैशाली और समस्तीपुर जैसे जिलों के निवासियों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह से 2848.00 करोड़ की लागत से एनएच-19 पर बनारस-औरंगाबाद के बीच 192.40 किमी लंबा 6-लेन कॉरीडोर का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

परियोजना का कार्य दो पैकेज में पूरा किया जाना है। इसके पूरा होने पर यूपी व झारखंड से बिहार का संपर्क मजबूत होगा। इसी तरह एनएच-131 जी के तहत 6,291.69 करोड़ की लागत से दिघवारा-शेरपुर 6-लेन पुल और सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। 13.53 किमी. लंबी परियोजना के पूरा होने से सारण, पटना के बीच भीषण जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा और दूसरे जिले के लोगों की भी सहूलियत बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि 812.50 करोड़ रुपये की लागत से छपरा से हाजीपुर के बीच एनएच-19/31 पर 66.65 किमी लंबी 4-लेन सड़क, बेगूसराय में 312.58 करोड़ रुपये की लागत से 4.255 किमी. लंबा 4-लेन एलिवेटेड रोड और देवानगर-कोटवां पथांश में डुमरियाघाट के पास गंडक नदी पर 210.05 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

परियोजना के पूरा होने के बाद लोगों को स्थानीय स्तर पर ट्रैफिक की समस्या से स्थायी समाधान मिलेगा। सचिव ने बताया कि आने वाले समय में पटना, दरभंगा, औरंगाबाद, बेगूसराय आदि जिलों के बीच सफर का समय घटकर आधा रह जाएगा। साथ ही कृषि उत्पाद, फल-सब्जियां और व्यापारिक सामान मंडियों तक समय से पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि आधुनिक 4-लेन व 6-लेन सड़कों के निर्माण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और ईंधन व समय दोनों की बचत होगी।

### औरंगाबाद-चोरदाहा के बीच सड़क चौड़ीकरण से मजबूत होगी दूसरे राज्यों से कनेक्टिविटी

सचिव श्री पाल ने बताया कि एनएच-2/नया एनएच 19 पर औरंगाबाद-चोरदाहा के बीच पैकेज-1 (29.83 किमी.) और पैकेज-2 (39.698 किमी.) लंबी सड़क का 6-लेन चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत दोनों पैकेज को मिलाकर कुल 1792.57 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण से यूपी और झारखंड बार्डर से बिहार की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। साथ ही अलग-अलग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉलेज में समस्याओं को लेकर एसएफआई का अल्टीमेटम, 16 से आंदोलन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत डीबीकेएन कॉलेज नरहन में व्याप्त अव्यवस्था के खिलाफ एसएफआई के प्रतिनिधिमंडल केशव कुमार झा, अभिनव कुमार चौधरी, प्रिंस कुमार ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है, जिसमें नामांकन रद्द होने की जांच, शुल्क वापसी और भ्रष्टाचार की जांच जैसी मांगें शामिल हैं। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 16 अगस्त से कॉलेज में अनिश्चितकालीन आंदोलन और भूख हड़ताल की जाएगी।

### विषहरी पूजा और मेले को लेकर सुरक्षा सख्त: 11 संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल होंगे तैनात

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र में 02 और 03 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले पारंपरिक विषहरी पूजा एवं मेले के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी कर ली है। अनुमंडल कार्यालय द्वारा जारी संयुक्त आदेश के अनुसार विभूतिपुर के 11 प्रमुख व संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी अपने क्षेत्रों में वरीय दंडाधिकारी के रूप में लगातार गश्त और निगरानी करेंगे। मेला परिसरों में पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल, सशस्त्र बल और लाठी बल तैनात करने का निर्देश दिया गया है। नागपंचमी और पूजा के दौरान मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति से निपटने और सुगम यातायात के लिए विशेष रूप से पुलिस और चौकीदारों को लगाया गया है प्रशासन ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अलर्ट पर रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचित करने का निर्देश दिया है। इस आदेश की प्रति सूचनार्थ जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर को भी भेज दी गई है।

### प्रो अशोक कुमार मेहता ने विश्वविद्यालय मैथिली विभाग के अध्यक्ष के रूप में संभाला अपना कार्यभार

दरभंगा। विश्वविद्यालय मैथिली विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता ने आज कुलसचिव कार्यालय में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा के समक्ष अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रो मेहता एक अनुभवी शिक्षक एवं पदाधिकारी रहे हैं, इनके मार्ग दर्शन में विश्वविद्यालय मैथिली विभाग अकादमीक स्तर पर सुदृढ़ होगा और शोध के क्षेत्र में एक अलग पहचान कायम करेगी। उक्त अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक- प्रो दमन कुमार झा, डॉ अभिलाषा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरेश पासवान के अतिरिक्त सीनेट सदस्य हाफिज अबु सहमा, उप अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ अनिन्द्र शर्मा, उप कुलसचिव प्रथम डॉ उमाकांत पासवान, विकास पदाधिकारी डॉ अभिषेक राय, उप परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज कुमार, चन्दन यादव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रो मेहता को पाग, चादर एवं फूल से स्वागत किया। अन्य पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी उन्हें शुभकामनायें दी।

### रेयाम चीनी मिल पुनरुद्धार को लेकर विधायक ने उठाई सड़क चौड़ीकरण की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

दरभंगा। मिथिलांचल की गौरवशाली रेयाम चीनी मिल के पुनरुद्धार के साथ क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की पहल तेज हो गई है। केवटी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने शनिवार को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर चीनी मिल क्षेत्र से जुड़ी पांच प्रमुख ग्रामीण सड़कों का पथ निर्माण विभाग के मानकों के अनुरूप चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराने की मांग की है। विधायक ने पत्र में बताया कि 68 एकड़ भूमि में फैली रेयाम चीनी मिल का पुनर्जीवन 504.67 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। मिल की प्रारंभिक पेराई क्षमता 3,500 टन गन्ना प्रतिदिन होगी, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 5,000 टीसीडी तक करने की योजना है। इसके अलावा परिसर में सह-विद्युत उत्पादन, इथेनॉल डिस्टिलरी तथा कम्प्रेस्ड बायोगैस इकाइयों की भी स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिल शुरू होने के बाद भारी वाहनों, ट्रैक्टरों और गन्ना उत्पादक किसानों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। वर्तमान ग्रामीण सड़कें इस बढ़ते यातायात का भार वहन करने में सक्षम नहीं हैं। समय रहते सड़क चौड़ीकरण नहीं होने पर जाम और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। डॉ. झा ने मुख्यमंत्री से किसानों की सुविधा और चीनी मिल के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए बलिया चौकहनवे चौक (7 किमी), औसी जोरी माहइहरवाम मुख्य मार्ग (6 किमी), हाजीपुर छतवन (7.5 किमी), हवाई अड्डाबहरडी (9.5 किमी) तथा खिरमा जलवारा असराहा पथ (9.5 किमी) को प्राथमिकता के आधार पर पथ मानकों के अनुरूप विकसित करने का अनुरोध किया है।

# डीएम व एसएसपी ने श्रावणी मेले को लेकर कुशेश्वरस्थान मंदिर का किया निरीक्षण

● श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। श्रावणी मेले को लेकर जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी ने संयुक्त रूप से कुशेश्वरस्थान पहुंचकर तैयारियों का व्यापक निरीक्षण किया।श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि श्रावणी मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा कुशेश्वरनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।उन्होंने वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, नियंत्रण कक्ष तथा श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेले के सफल आयोजन को सुनिश्चित करें। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। श्रावणी मेले का आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित, स्वच्छ एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक वातावरण में संपन्न हो सके। निरीक्षण क्रम में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित प्रशासनिक, पुलिस तथा मंदिर न्यास के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी, मधुबनी के सभी सीमा मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

● एसएसपी के निर्देश पर सघन वाहन जांच, गश्ती और निगरानी तेज, अफवाहों से बचने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील

प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे मधुबनी जिले के सभी प्रमुख एवं वैकल्पिक सीमा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीमा क्षेत्रो में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा चौबीसो घंटे सघन निगरानी, वाहन जांच और गश्ती अभियान चलाया जा रहा है।पुलिस प्रशासन के अनुसार, सीमा से होकर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर विशेष नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित या असामाजिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित थाना क्षेत्रो को सतर्क रहने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।मधुबनी पुलिस ने आम नागरिको से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करें, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाना अथवा डायल-112 पर दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# फुलपरास में ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मधुबनी पुलिस ने फुलपरास थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितो की पहचान फुलपरास निवासी धीरज तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी तथा बथनाहा निवासी राजा साह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर, 3,400 रुपये नकद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 30 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि धीरज तिवारी के घर और मेडिकल दुकान में ब्राउन शुगर रखकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही तीनों आरोपित भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान घर और दुकान में प्लास्टिक व स्टील के डिब्बों में छिपाकर रखी गई 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर, 3,400 रुपये नकद तथा एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि ब्राउन शुगर लदनिया थाना क्षेत्र के जोगिया निवासी सिकंदर पासवान तथा एक बंगाली व्यक्ति रहमान से खरीदी गई थी और इसकी बिक्री की जा रही थी। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।इस मामले में फुलपरास थाना कांड संख्या 329/26, दिनांक 30 जुलाई 2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपितो को न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है। मधुबनी पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# भौर में सारंग संस्था की सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता 50 से अधिक छात्र-छात्राओ ने दिखाई प्रतिभा

## जूनियर व सीनियर वर्ग के विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, आत्मविश्वास एवं प्रतियोगी भावना विकसित करने के उद्देश्य से सारंग संस्था द्वारा शनिवार को पंडौल प्रखंड के भौर स्थित बाबा झालेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक बसंत कुमार, प्रवीण कुमार झा एवं विनोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में कुल 25 प्रश्न पूछे गए, जिनके लिए 50 अंक निर्धारित थे। प्रश्न देश-दुनिया, खेल, सामयिक घटनाओं तथा सामान्य ज्ञान से जुड़े विषयों पर आधारित थे। प्रतियोगिता में भौर समेत आसपास के विभिन्न गांवों के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सारंग संस्था की संस्थापिका एवं बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग में ऑडिट ऑफिसर रानी राज ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चों में ज्ञानवर्धन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है। उन्होने कहा कि संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। प्रतियोगिता के परिणाम प्रवीण कुमार झा ने घोषित किए। जूनियर वर्ग में रविन्द्र कुमार झा ने प्रथम, मो. साहिल ने द्वितीय तथा शिवम कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में सुमित कुमार कामती प्रथम, प्रेम कुमार ठाकुर द्वितीय एवं दीपक कुमार मुखिया तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेता प्रतिभागियों को सारंग संस्था की ओर से पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुबोध चौधरी, गणेश कुमार, कल्याण ठाकुर, शुभम कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतिभागियो एवं उनके अभिभावको ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

# राजकीय पॉलिटेक्निक समस्तीपुर में 15 दिवसीय इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड प्रशिक्षण संपन्न



● अंतिम वर्ष के छात्रों को कॉर्पोरेट जगत के लिए किया गया तैयार

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। किशनपुर टभका स्थित कामेश्वर नारायण सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में इंफोसिस फाउंडेशन और सेंटम फाउंडेशन की संयुक्त पहल से चल रहे 15 दिवसीय ह्यइंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड लाइवलीहुड फेज-2ह्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस उच्च स्तरीय कौशल विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को रोजगार के अनुकूल बनाना तथा कॉर्पोरेट जगत की जरूरतों के अनुसार तैयार करना था।इस पूरे प्रशिक्षण को प्रसिद्ध सॉफ्ट स्किल ट्रेनर रिजवान अली द्वारा व्यावहारिक और ऊर्जावान तरीके से संचालित किया गया। उन्होंने लाइव मॉक इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से छात्रों के भीतर से इंटरव्यू का डर और झिझक पूरी तरह खत्म की। 15 दिनों के इस सत्र के बाद छात्रों के आत्मविश्वास, बातचीत की शैली और बॉडी लैंग्वेज में सराहनीय बदलाव देखा गया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आफताब अंजुम ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उनकी पेशेवर दक्षता को नई ऊंचाई देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स बेहद जरूरी हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) नेहा कुमारी ने बताया कि यह ट्रेनिंग बच्चों के करियर और आगामी कैंपस प्लेसमेंट में मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर कॉलेज के व्याख्याता, तकनीकी कर्मी सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जयनगर श्रावणी मेला जलाभिषेक को लेकर प्रशासन के द्वारा कमिटी के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित

● श्रावणी मेला कमला नदी शिवालय मन्दिरों की सीसीटीवी व ड्रोन से की जएगी निगरानी पुलिस बल रहेंगे तैनात

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना परिसर में शनिवार को डीएसपी सदानन्द कुमार की।अध्यक्षता में स्थानीय प्रशासन के साथ श्रावणी मेला महोत्सव आयोजन और शिवालय मन्दिरों में कांवरियों व श्रद्धालुओं के द्वारा दर्शन जलाभिषेक पूजा पाठ धार्मिक अनुष्ठान आयोजन को लेकर और विधि व्यवस्था के मद्देनजर श्रावणी मेला कमिटियों बोल बम सेवा समिति और प्रसिद्ध शिलानाथ धाम मन्दिर कमिटी के सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। सावन माह में श्रावणी महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष जयनगर स्थित कमला नदी के आसपास और शिवालयों के परिसर में मेला भव्य आयोजन किया जाता है। दर्शन जलाभिषेक को लेकर शनिवार, रविवार और सोमवार हजारों की संख्या में कमला नदी से जलबोझकर कपिलेश्वर शिलानाथ धाम कलना समेत विभिन्न शिवालयों को कांवरिया समेत श्रद्धालु भक्त जन जाते है। कमला नदी और शिवालयों में दर्शन जलाभिषेक पूजा पाठ व मेला देखने को लेकर भी श्रद्धालुओं काफी भीड़ जुटती है। विधि व्यवस्था सुविधा और तैयारी के मद्देनजर प्रशासन कमिटियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में कमला पुल के समीप मेला आयोजन करने वाले कमिटी के सदस्यों ने भी भाग लिया। कमिटियों के साथ प्रशासन के द्वारा कमिटी से विधिव्यवस्था मेला की तैयारी और कांवरियों श्रद्धालुओं की सुविधाओं नदी से जल बोझी शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर विस्तृत की जानकारी लेते हुए विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश कमिटी को दिए गये। डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि कमला पुल और आसपास क्षेत्रों में श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुरक्षा को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए मंदिरों शिवालयों और चिन्हित स्थलों पर मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस बल प्रशासन एवं मेडिकल टीम एसडीआरएफ की टीम की भी तैनाती रहेगी। जाम की समस्या को लेकर रूट का निर्धारण व पार्किंग रहेगा। भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। मेला परिसर कमला पुल के आसपास क्षेत्रों में कमिटियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने वाच टावर निर्माण मेकिंग की व्यवस्था लाईट रौशनी मेडिकल टीम स्वयं सेवकों को तैनात करने पे जल चेंजिंग रूम नदी में गहरे पानी से पहले स्नान व जल बोझने स्थलों को चिन्हित कर बांस बला रस्सी लगाने समेत अन्य सुविधाएं लगाने की व्यवस्था करने समेत श्रद्धालुओं कांवरियों की सुविधाओं को ले कई आवश्यक निर्देश दिया गया हैं। असामाजिक गतिविधियों असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी झूठी अफवाह फैलाने वालों पर करवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने वालों पे चिन्हित कर करवाई होगी। वाहनों के आवागमन को लेकर ट्रैफिक के मद्देनजर चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था रहेगी। कमला नदी में बीयर निर्माण के मद्देनजर निर्माण स्थल से हटकर श्रद्धालुओं को लिए स्नान जलाभिषेक को जल लेने पूजा पाठ को लेकर नदी परिसर में जगह चिन्हित कर बांस और रस्सी का ब्रेकेटिंग करने का निर्देश कमिटियों को दिया गया है। कमिटियों को श्रद्धालुओं को सहायता कक्ष बनाने कमिटी के सदस्यगण बैच लगा कर रहने का भी निर्देश दिया गया है। वही प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी। गोताखोरों बोर्ट एनडीआरएफ टीम की व्यवस्था रहेगी। कमला नदी मेला परिसर और कांवरिया पथ पर और क्षेत्र में पुलिस की सघन विशेष गश्ती रहेगी व पुरूष और महिला पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी।

# नवयुवक कला मंदिर के तत्वावधान में एक शाम रफी के नाम संगीत मय कार्यक्रम आयोजित

मधुबनी। जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय के कमला रोड स्थित आर्य कुमार पुस्तकालय के सभा कक्ष में नवयुवक कला मंदिर के तत्वावधान में एक शाम रफी के नाम संगीत मय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम का मंच संचालन सचिदानंद नीलू ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रसिद्ध चिकत्सक समाज सेवी गायक व सदस्य स्व.डॉ त्रिपुरारी प्रसाद को श्रद्धांजलि देने के साथ आरंभ हुआ।प्रो.कृष्ण कुमार और ईश्वर दयाल के द्वारा सरस्वती वंदना का गायन कर संगीत मय कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत कई वर्षो से सभी के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। स्वर कभी बूढ़े नहीं होते। समय बदलता है, पीढ़ियाँ बदलती हैं, लेकिन कुछ आवाजें हमेशा ज़िंदा रहती हैं। मोहम्मद रफी साहब की आवाज भी ऐसी ही अमर धरोहर है। प्रसिद्ध गायक इन्दरजी ने ह्लअकेले हैं चले आओ जहां होह्व गीत गा कर तो ईश्वर दयाल जी ने ह्लचौदहवीं का चांद हो या आफताब होह्व गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को रफी साहब की याद दिला दी। नंदू जायसवाल ने ह्लदर्द-ए-दिल दर्द-ए-जिगरह्व एवं सुरेंद्र ठाकुर ने ह्लजो वादा किया वो निभाना पड़ेगाह्व गीत पेश किए। बबलू गिरी ने ह्लतू इस तरह से ज़िंदगी में शामिल हैह्व व ह्लदीये जलते हैं फूल खिलते हैंह्व और रोहित शर्मा ने ह्लदिल का सूना साज तराना ढूंढेगाह्व व ह्लमैं हूं झूम-झूम झूम-झूम झूमड्रूह्व गीत गा कर समां बांध दिया। राजन जी ने ह्लरुख से जरा नकाब हटा दो मेरे हुजूरह्व व ह्लमेरी ज़िंदगी में आते तो कुछ और बात होतीह्व गीत गाए। डॉक्टर कुमार सच्चिदानंद ह्यनीलूजीह्व ने भी दो गीत ह्लबदन पे सितारे लपेटे हुएह्व व ह्लमेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसेह्व गा कर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। चांदनी सरगम ने ह्लसत्यम शिवम सुंदरमह्व व इक राधा इक मीराह्व गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। शक्ति ने ह्ललिखे जो खत तुझे समेत कई गायकों व कलाकारों के द्वारा गीत संगीत का गायन किया। मौके पर बीईओ पूनम राजीव, राजकुमार गिरी, कृष्ण कुमार झा, अरविंद तिवारी, धीरेंद्र झा, भारतीय रिजर्व बैंक से सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद, विमल मस्करा, अरुण जैन, राम प्रसाद राउत, सुमन शर्मा, डॉ० अशोक प्रसाद, शंभू गुप्ता, राजेश गुप्ता, प्रवीर महासेठ, रामू जायसवाल, बबलू गुप्ता, मनीष जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग बड़ी संख्या में स्रोताओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 1981 ई. से अनवरत जारी है।सगीत मय कार्यक्रम में गायकों कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक सु मधुर हिंदी मैथिली भक्ति देशभक्ति गीत संगीत की प्रस्तुतियां दी और स्रोताओं का मनमोह लिया व खूब वाह वाही तालियां बटोरी। वाद्य कलाकारों में कीबोर्ड पर रामउद्गार, ऑक्टोपैड पर आमोद निवार्णी एवं नाल पर इंद्र कुमार मंडल ने गायकों का साथ देते हुए गजब की जुगलबंदी पेश की।

# श्रावणी मेला-2026 : श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन अलर्ट

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। श्रावणी मेला-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। शनिवार को जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष श्रावण मास 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक रहेगा। इस दौरान प्रत्येक सोमवार को जिले के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। 28 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन तथा 4 अगस्त को चेहल्लुम पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है। प्रशासन के अनुसार पूरे जिले के 298 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं बिस्फी प्रखंड स्थित उगना महादेव मंदिर क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां 143 दंडाधिकारी, 124 पुलिस पदाधिकारी, 320 सशस्त्र बल, 268 लाठी बल, 86 महिला पुलिसकर्मी, 106 चौकीदार तथा 55 अन्य कर्मियों सहित कुल 1102 पदाधिकारी एवं कर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) की दो टीमें भी तैनात रहेंगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें, विधि-व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष और वरीय अधिकारियों को दें। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग भी तत्काल करने को कहा गया। उगना महादेव मंदिर के अलावा कपिलेश्वर स्थान, दोमंठा मंदिर, कलानेश्वर महादेव, भूतनाथ मंदिर सहित झंझारपुर, फुलपरास, जयनगर एवं जिले के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड और प्रमुख मार्गों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या जिला नियंत्रण कक्ष को देने की अपील की गई है।प्रशासन का कहना है कि श्रावणी मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन समन्वित रूप से कार्य करेगा।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट की एक पक्ष से फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के किशनपुर टभका में जमीनी विवाद को लेकर हुई दो पक्षों में मारपीट में दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। मामले को लेकर एक पक्ष किसनपुर टभका वार्ड 09 निवासी मनोज याजी ने इलाज के दौरान पुलिस के समक्ष फर्द बयान देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जिसमें गांव के ही 9 नामजद एवं तीन-चार अज्ञात को आरोपित किया है। घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया है कि 30 जुलाई की संध्या पछियारी टभका से घर जा रहा था। तभी पॉलिटेक्निक कॉलेज से पहले पेड़ के निकट 5-6 बाइक पर सवार उपर्युक्त नामित व अज्ञात घात लगाए बैठा था। ज्यो ही पहुँचा की सभी पीछा करने लगा। में भागने लगा। कुछ दूर जाने पर घेर लिया और गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और मारपीट करने लगा। सभी फरसा, लोहे का रॉड, हरवे हथियार से लैस था। तभी एक आरोपी फरसा चला दिया जो मेरा दाहिना हाथ में लगा। मेरा हाथ बुरी तरह कट गया। बीच बचाव करने में भतीजा मनीष कुमार, घनश्याम चौधरी, नरेश चौधरी के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार विभूतिपुर सीएससी में करवाया। इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। फिलहाल इलाज बेगूसराय में चल रहा है। वही इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने बताया कि फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक आरोपी संजीत कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# श्रावणी मेला में झूला झूलने का पैसा मांगने पर झूला संचालक कर्मी पर चाकू से हमला

## पुलिस मामले की जांच व आगे की कार्रवाई में जुटी



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। जिले के जयनगर कमलापुल पर शुक्रवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब झूला झूलने का किराया मांगने पर एक युवक ने झूला संचालक कर्मी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद मेला परिसर में कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।घटना में घायल झूला संचालक की पहचान अर्जुन कुमार, पिता श्याम बिहारी गुप्ता, निवासी मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन कुमार श्रावणी मेला में लगे झूले का संचालन कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक बच्चें को झूला झूलने पहुंचे। झूला झूलने के बाद जब संचालक ने निर्धारित किराया मांगा तो इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद कुछ ही देर में इतना बढ़ गया कि एक युवक ने धारदार चाकू निकालकर अर्जुन कुमार पर हमला कर दिया। चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए।स्थानीय लोगों की मदद से घायल अर्जुन कुमार को तुरंत जयनगर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वही मामले को लेकर थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि मामले की जांच व आगे की कार्रवाई की जा रही है। हमलावर की पहचान व गिरफ्तारी हेतू पुलिस छापेमारी कर रही है। वही मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# हथियार तस्करी मामले में प्राथमिकी दर्ज, आरोपी उपचाररत

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के किशनपुर टभका बेलागाछी के निकट से ग्रामीणों ने एक अवैध हथियार तस्कर को पकड़ा। जमकर पिटाई के बाद थाना में सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की बैग तलाशी किया तो बैग से एक देसी कट्टा, दो जिंदा 9 एम एम कारतूस, दो कलाम कट पेंसिल बरामद किया। पुलिस ने बरामद सामान को जप्त करते हुए बेहोशी की हालत में आरोपी को सीएचसी में भर्ती कराया।आरोपी की पहचान बरौनी पिपरा देवश निवासी अजय कुमार सिंह का पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई। इस संबंध सअनि मनोज कुमार चौधरी के बयान पर मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें हथियार तस्कर सहित हथियार के सौदागर कुल तीन लोगों को नामजद किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि वह पॉलिटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियर संकाय के पंचम सेमेस्टर का छात्र है। अवैध हथियार गोली क्षेत्र में लाकर बेचता है। उस दिन भी उसने 3 हथियार देसी कट्टा, गोली लेकर बेचने आया था। जिसमें से दो देसी कट्टा किशनपुर टभका के ही चंदन चौधरी व कन्हैया कुमार के हाथ को बेचा था। तीसरा हथियार बचाने की कोशिश में था। इस बीच शक के आधार ग्रामीणों ने पकड़ लिया। फिलहाल चौकीदार की देख देख में तस्कर का इलाज जारी है। अवैध हथियार रखने, खरीद बिक्री करने के आरोप में तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 02 अगस्त, 2026



# जिलाधिकारी ने की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी डिस्कॉम पदाधिकारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक तथा रूफटॉप सोलर के अधिकृत वेंडर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति, बैंक ऋण स्वीकृति, लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति में अनावश्यक विलंब अथवा अत्यधिक संख्या में ऋण आवेदन अस्वीकृत किए जा रहे थे, उनके प्रति जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सर्वाधिक ऋण आवेदन अस्वीकृत करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों को बैठक में विशेष रूप से बुलाया गया तथा प्रत्येक अस्वीकृत आवेदन की अलग-अलग समीक्षा कर अस्वीकृति के कारणों की जांच की गई। विशेष रूप से यह पाया गया कि राजस्थान बैंक की शाखाओं द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त शत-प्रतिशत ऋण आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया है। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को संबंधित शाखा प्रबंधकों से कारण-पृच्छा करने का निर्देश दिया। साथ ही लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं एसडीसी (बैंकिंग) को भी अपने स्तर से प्रकरण की जांच कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में यह पाया जाता है कि ऋण आवेदन अनावश्यक अथवा अनुचित कारणों से अस्वीकृत किए गए हैं, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अनुशंसा की जाएगी।

## मंत्री रमा निषाद ने विभागीय प्रदर्शनी शिविर सह कांवरिया शिविर का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमति रमा निषाद द्वारा विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत चंद्रहट्टी पंचायत के बायपास स्थित भूपनारायण इंटर कॉलेज के समीप विभागीय प्रदर्शनी शिविर सह कांवरियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विश्राम एवं अन्य सुविधाओं से युक्त सावन माह विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। विभागीय प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से आमजन को विभाग की विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्ति, छात्रावास, कौशल विकास तथा अन्य लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही सावन माह में बाबा धाम जाने वाले कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विश्राम, पेयजल, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के इस प्रयास की सराहना की।

## केन्द्रीय विद्यालय में फ्रीडम फाइटर थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।केंद्रीय विद्यालय, पूसा में शनिवार को विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यफ्रीडम फाइटरह्ण थीम पर भव्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों का वेश धारण कर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर पूरे समय देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने सरोजिनी नायडू, महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद एवं सरदार वल्लभभाई पटेल सहित अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित कपड़े पहनकर उनका जीवंत रूप प्रस्तुत किया। बच्चों ने प्रभावशाली संवाद, आत्मविश्वास से भरपूर अभिनय और आकर्षक मंच प्रस्तुति के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास को भी सजीव कर दिया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की खूब तालियां बटोरी। प्रतियोगिता में कक्षा पांच की छात्रा अपर्णा ने झांसी की रानी के रूप में अपनी दमदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कक्षा पांच की ही छात्रा नव्या ने सरोजिनी नायडू की वेशभूषा एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। दोनों छात्राओं के आत्मविश्वास और अभिनय की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक तरणजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी विभिन्न रचनात्मक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह, अनुशासन एवं सहभागिता के लिए बधाई दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरीय शिक्षक तरणजीत सिंह के साथ रंजना कुमारी, ममता स्वरूप, सोनी, हरि नारायण, शिवांशु कुमार, ज्ञानमोती, प्रियंका, प्रज्ञा भारी एवं बृजेश कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## केंद्रीय मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने जिला स्कूल में पढ़ाया गणित, फिजिक्स और बायोलॉजी



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर के सांसद डॉ. राज भूषण चौधरी ने शनिवार को ब्रह्मपुरा स्थित जिला स्कूल पहुंचकर कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के बीच विशेष शिक्षण सत्र आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को गणित, फिजिक्स और बायोलॉजी विषयों की पढ़ाई कराई तथा कठिन विषयों को सरल तरीके से समझाया। पढ़ाई के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के निर्माण, नैतिक मूल्यों और संस्कारों का महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान बनने की प्रक्रिया है। शिक्षित और संस्कारी युवा ही एक सशक्त समाज तथा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डॉ. चौधरी ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने, अनुशासन का पालन करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर और राष्ट्रनिमार्ता हैं, इसलिए उन्हें अपने व्यक्तित्व और ज्ञान दोनों का निरंतर विकास करना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने केंद्रीय मंत्री के इस प्रेरणादायी शिक्षण सत्र की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## एनटीपीसी के पीछे मिले महिला के शव की हुई पहचान , प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी प्लांट के पीछे झाड़ियों से पांच दिन पहले बरामद अज्ञात महिला के शव मामले का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस जांच में महिला की पहचान कांटी थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव निवासी मंजू कुमारी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस का कहना है कि हत्या कथित तौर पर प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के कारण की गई। मामले में मुख्य आरोपी के पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, पांच दिन पहले एनटीपीसी प्लांट के पीछे झाड़ियों से महिला का शव बरामद हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया और एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि मंजू कुमारी का विशुनपुर सुमेर निवासी विकास पासवान के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। बाद में मंजू की शादी हो गई और वह एक बच्चे की मां बन गई। पुलिस के अनुसार, इसी बात को लेकर विकास पासवान नाराज था। आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मंजू को मिलने के बहाने बुलाया, उसकी हत्या कर दी और शव को एनटीपीसी प्लांट के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया। पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास पासवान के पिता हरी पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हालांकि, मुख्य आरोपी विकास पासवान सहित अन्य नामजद आरोपी अभी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले का एक और गंभीर पहलू यह है कि घटना के बाद से मृतका का छह वर्षीय बेटा आर्यन भी लापता है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी और खोजबीन कर रही है। बच्चे की सुरक्षित बरामदगी को पुलिस ने अपनी प्राथमिकता बताया है। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि महिला की पहचान होने के बाद सभी पहलुओं से जांच की गई, जिसमें प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लापता बच्चे की सुरक्षित बरामदगी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राशन कार्ड निर्माण का निर्धारित लक्ष्य हर हाल में 14 अगस्त तक पूरा करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिले को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक लगभग 85 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है।

उन्होंने शेष लक्ष्य को 14 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण कराया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर राशन कार्ड उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए।जिलाधिकारी ने प्रखंड स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर तक सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए मिशन मोड में कार्य करें तथा लंबित एवं अपूर्ण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर नियमित अनुश्रवण एवं समन्वय के माध्यम से जिले को आवंटित निर्धारित लक्ष्य को 14 अगस्त तक शत-प्रतिशत पूरा किया जाए।

## विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की प्रखंडवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वीबी-जी एवं राम-जी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को चेतावनी दी तथा सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन योजनाओं के अंतर्गत लगाए जा रहे पौधों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित प्रखंडों को अविलंब सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वीबी-जी एवं राम-जी योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों के ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए जिन प्रखंडों में अधिक लंबित मामले हैं, उन्हें तत्काल शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही योजनांतर्गत नए खेल मैदानों के लिए प्राप्त लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। जल-जीवन-हरियाली अभियान की समीक्षा के दौरान चेक डैम निर्माण, छत वर्षा जल संचयन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, यूजर चार्ज में वृद्धि, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, भुगतान एवं लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन लाभुकों की जियो-टैगिंग पूर्ण हो चुकी है, उन्हें अविलंब भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित मामलों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पंचायती राज विभाग की समीक्षा के क्रम में सोलर स्ट्रीट लाइट, पंचायत सरकार भवन निर्माण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना, ई-ग्राम कचहरी तथा आरटीपीएस के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि जो आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी विद्यालय से 500 मीटर की परिधि में स्थित हैं, उन्हें संबंधित सरकारी विद्यालय परिसर में स्थानांतरित कर संचालित किया जाए। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों को संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से समन्वय स्थापित कर आंगनबाड़ी केंद्र हेतु एक कक्ष उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## एसबीआई शाखा परिसर से पूर्व सैनिक के 2 लाख रुपये चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र स्थित भगवानपुर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा परिसर में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। श्रमजीवी नगर निवासी पूर्व सैनिक उमेश कुमार सिंह बैंक से दो लाख रुपये निकालकर अपनी स्कूटी की डिक्की में रखकर दोबारा बैंक के अंदर गए। इसी दौरान बदमाशों ने स्कूटी की डिक्की तोड़कर पूरी रकम चोरी कर ली और फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, उमेश कुमार सिंह बैंक से नकदी निकालने के बाद चेक पर दोबारा हस्ताक्षर करने के लिए बैंक के भीतर चले गए थे। इसी मौके का फायदा उठाकर बदमाशों ने उनकी स्कूटी की डिक्की तोड़ी और उसमें रखे दो लाख रुपये लेकर फरार हो गए। घटना के बाद बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक संदिग्ध युवक स्कूटी की डिक्की तोड़कर नकदी लेकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## एसकेएमसीएच के बिचौलियों के जाल में फंसा टीबी मरीज , निजी अस्पताल ने वसूले ढाई लाख

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज कराने आए एक टीबी मरीज की कथित रूप से बिचौलियों और निजी अस्पताल के चक्कर में पड़ने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में सक्रिय बिचौलियों ने बेहतर इलाज का झांसा देकर मरीज को निजी अस्पताल भेज दिया, जहां सात दिनों में इलाज के नाम पर करीब ढाई लाख रुपये वसूल लिए गए। जब मरीज की हालत गंभीर हो गई तो उसे वापस एसकेएमसीएच भेज दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के हरसेर गांव निवासी देवेंद्र सहनी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि देवेंद्र को गंभीर हालत में इलाज के लिए एसकेएमसीएच लाया गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने सरकारी अस्पताल में उचित इलाज नहीं मिलने की बात कहकर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए राजी कर लिया। परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पताल में लगातार सात दिनों तक इलाज के नाम पर उनसे लगभग ढाई लाख रुपये वसूले गए। इसके बावजूद मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल के संचालकों ने उसे दोबारा एसकेएमसीएच भेज दिया, जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरीज की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने एसकेएमसीएच परिसर में हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि बिचौलियों और निजी अस्पताल की मिलीभगत के कारण उनके परिजन की जान चली गई। उनका कहना है कि बेहतर इलाज की उम्मीद में उन्होंने कर्ज लेकर पैसे जुटाए, लेकिन न मरीज बचा और न ही उनकी मेहनत की कमाई। पीड़ित परिवार ने एसकेएमसीएच ओपी पुलिस और अस्पताल अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर बिचौलियों एवं संबंधित निजी अस्पताल के संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही इलाज के नाम पर वसूली गई राशि की भी जांच कराने की मांग उठाई है। फिलहाल पुलिस और अस्पताल प्रशासन को मामले की शिकायत दे दी गई है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## मोम कला से मिलेगी मुजफ्फरपुर की लीची को नई पहचान

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार की पहचान मानी जाने वाली शाही लीची को नई सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यलीचीपुरम सांस्कृतिक पुनर्जागरण अभियानह्ण के तहत अब मोम कला का उपयोग किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मोम से लीची की प्रतिकृति वाले आकर्षक गिफ्ट और सजावटी उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। अभियान के संस्थापक सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस पहल के तहत मानसी श्रीवास्तव, सैम और ज्योति श्रीवास्तव मोम से लीची की आकृति वाले विभिन्न उत्पाद बना रहे हैं। इनमें लीची पॉट, बीयर ड्रिंक कप, टी कप, बास्केट, पॉजिटिव वाइब कैंडल तथा वार्डरोब में कपड़ों के बीच रखने के लिए सुगंधित वैक्स ब्रिक्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों का उद्देश्य केवल सजावट या उपहार तैयार करना नहीं, बल्कि स्थानीय कला, पर्यावरण संरक्षण और मुजफ्फरपुर की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई देना है। यह पहल स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ लीची को एक विशिष्ट सांस्कृतिक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। सुरेश गुप्ता ने कहा कि लीचीपुरम अभियान के तहत अब तक कपड़ों, कैनवस, अनुपयोगी लीची की लकड़ी, मेहंदी, लहठी, छाते, क्रोशिया बुनाई, सुजनी, चिकनकारी, पेड़ा तथा अन्य हस्तशिल्पों में भी लीची थीम पर आधारित कला विकसित की जा चुकी है। अभियान से जुड़े लोगों का मानना है कि लीची पर आधारित यह नवाचार मुजफ्फरपुर की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने के साथ-साथ स्थानीय हस्तशिल्प और स्वरोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा।

## गुरु जी को मिलेगी झंडा फहराने की ट्रेनिंग हर प्रखंड में बनेगी विशेषज्ञ टीम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने अहम पहल की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार अरविंद सिन्हा ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए झंडा बांधने, फहराने और उतारने का प्रशिक्षण आयोजित कराने का आदेश दिया है। डीईओ ने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों के दौरान कई बार सही जानकारी के अभाव में अनजाने में झंडा संहिता का उल्लंघन हो जाता है, जो अत्यंत खेदजनक है। इसे रोकने के लिए प्रत्येक प्रखंड में झंडोत्तोलन की तकनीकी जानकारी रखने वाले कुशल एवं अनुभवी बीआरपी, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों की 5 से 7 सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। यह टीम सरकारी और निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करेगी, ताकि सभी को राष्ट्रीय ध्वज के सही तरीके से बांधने, फहराने और उतारने की जानकारी मिल सके। शिक्षा विभाग ने प्रत्येक प्रखंड में 2 से 4 अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं की एक अलग सहायता टीम भी तैयार रखने का निर्देश दिया है। इनका नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि 15 अगस्त के दिन किसी विद्यालय में झंडोत्तोलन के दौरान तकनीकी समस्या आने पर तत्काल उनसे सहायता ली जा सके। डीईओ ने सभी विद्यालय प्रधानों को निर्देश दिया है कि 15 अगस्त को झंडोत्तोलन के समय विशेष सावधानी बरतें। ध्वजारोहण के बाद सलामी देने से पहले यह सुनिश्चित करें कि राष्ट्रीय ध्वज सही तरीके से फहराया गया है। यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई दे तो उसे तुरंत ठीक किया जाए। शिक्षा विभाग ने सभी प्रखंडों से इस संबंध में की गई तैयारियों और प्रशिक्षण की रिपोर्ट 12 अगस्त तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस पर सभी विद्यालयों में झंडा संहिता का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करना है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटा प्रशासन भव्य समारोह के लिए डीएम ने दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य राजकीय समारोह को ऐतिहासिक पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, सिकंदरपुर में गरिमापूर्ण एवं भव्य तरीके से आयोजित करने की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समयबद्ध और त्रुटिरहित तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रशासन का महत्वपूर्ण एवं प्रोटोकॉल आधारित आयोजन है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने संभावित मौसम को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था, नियमित पूर्वाभ्यास तथा सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी जिले के सभी महादलित बहुल टोलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इन स्थानों पर समुदाय के सबसे वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा तथा कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए जिला स्तर से पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति तथा शिक्षा, खेल, यात्री सुरक्षा, परेड सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के चयन के लिए तीन सदस्यीय पुरस्कार चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। बैठक में भवन प्रमंडल को रंग-रोगन एवं आधारभूत सुविधाएं दुरुस्त करने, नगर निगम को व्यापक सफाई एवं जलनिकासी, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और हाईमास्ट लाइटों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने, सिविल सर्जन को चिकित्सकीय दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था करने, अग्निशमन विभाग को आपातकालीन तैयारी रखने तथा यातायात पुलिस को सुचारु ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परेड की तैयारियों के तहत संयुक्त पूर्वाभ्यास 6 से 9 अगस्त तक होगा, जबकि अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, सिकंदरपुर में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन, सुदृढ़ विधि-व्यवस्था और सुचारु यातायात प्रबंधन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी पूरी सजगता, तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने जिलेवासियों से भी 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की।बैठक में नगर आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परीक्ष्यमान आईएएस, अनुमंडल पदाधिकारी ,पूर्वी एवं पश्चिमी, पुलिस अधीक्षक ,ग्रामीण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

मुजफ्फरपुर। नगर निकायों में सफाईकर्मियों और ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब मुजफ्फरपुर में भी दिखाई देने लगा है। हड़ताल के तीसरे दिन शनिवार को भी शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। एक भी कचरा उठाने वाला वाहन सड़कों पर नहीं निकला, जिससे गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजारों और डंपिंग प्वाइंट तक कचरे का अंबार लग गया है।शुक्रवार की शाम हुई बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। बारिश का पानी कचरे को सड़कों पर बहाकर ले आया, जिससे कई इलाकों में गंदगी फैल गई है। शनिवार को तेज धूप निकलने के बाद कचरे से उठ रही दुर्गंध ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार से राज्यभर के शहरी निकाय कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

## रौतिनिया कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का हुआ शुभारंभ, अब प्रतिदिन होगा 300 से 500 टन कचरे का निस्तारण

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मड़वन प्रखंड के रौतिनिया स्थित बहुप्रतीक्षित कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। स्थानीय विधायक ई. अजीत कुमार एवं अपर समाहर्ता धनंजय कुमार ने नगर विधायक रंजन कुमार, मेयर निर्मला साहू तथा उप मेयर मोनालिशा की मौजूदगी में नारियल फोड़कर एवं प्लांट का स्विच ऑन कर इसका उद्घाटन किया। वर्षों से कचरे के ढेर, बदबू और मक्खी-मच्छरों की समस्या से जूझ रहे आसपास के ग्रामीणों ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ई. अजीत कुमार ने कहा कि फिलहाल प्लांट में सूखे कचरे का निष्पादन शुरू किया गया है। लगभग 15 दिनों बाद गीले कचरे के प्रसंस्करण के साथ उससे गैस बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को दुर्गंध, मक्खी और मच्छरों की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। यह कांटी विधानसभा क्षेत्र के लिए सबसे सुखद दिनों में से एक है। विधायक ने बताया कि प्लांट में अत्याधुनिक प्रोमेल मशीन लगाई गई है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन 300 से 500 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। मशीन की सहायता से कचरे से मिट्टी, प्लास्टिक, कागज एवं अन्य सामग्री को अलग-अलग कर उनका उचित प्रबंधन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के विधायकों का दल भी जल्द ही इस प्लांट का निरीक्षण करेगा। कार्यक्रम में कांटी सीओ मुकेश कुमार, मड़वन सीओ पुष्कल कुमार, कार्यपालक अभियंता विजय कुमार, सहायक अभियंता, नगर पार्षद राजीव कुमार पंकू, अभिमन्यु चौहान, मो. इकबाल, मो. सैफ अली, सनत कुमार, अजय ओझा, अर्चना पंडित, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, पूर्व प्रमुख मो. मोहसीन, मोतीउर रहमान, मनोज सिंह, मो. अली अहमद, अजय चौधरी, सुरेश सिंह, मो. जाबिर, मो. मोहिब सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

सम्पादकीय

## भारतीय मानव अधिकार रक्षक संस्था का मिशन मानव अधिकारों की रक्षा और सामाजिक उत्थान

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

किसी भी सभ्य समाज की पहचान वहां के नागरिकों के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा से होती है। जब समाज में किसी व्यक्ति के मानव अधिकारों का हनन होता है या वह अन्याय का शिकार बनता है, तब ऐसी संस्थाओं की आवश्यकता महसूस होती है जो निष्पक्ष होकर पीड़ितों की आवाज बने। भारतीय मानव अधिकार रक्षक संस्था इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। संस्था का लक्ष्य केवल मानव अधिकारों की रक्षा करना ही नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। संस्था का प्रमुख उद्देश्य मानव अधिकारों के हनन के मामलों में पीड़ितों की आवाज उठाना और उन्हें उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। साथ ही, पारिवारिक विवादों को आपसी समझ और संवाद के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है ताकि छोटे-छोटे मतभेद बड़े विवाद का रूप न ले। संस्था प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखने का भी प्रयास करती है। इसका उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। भारतीय मानव अधिकार रक्षक संस्था समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए विभिन्न विभागों के उन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करती है, जो अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा से पालन करते हैं। इसके साथ ही संस्था समाज के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन करती है, जिससे समाज में सहयोग, भाईचारा और सेवा की भावना मजबूत हो सके। संस्था का मानना है कि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज होता है। इसी सोच के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाता है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को भी संस्था मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने का संकल्प रखती है, ताकि वे अपने भविष्य को बेहतर बना सके। बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए संस्था युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने का प्रयास करती है। प्रशिक्षण, मार्गदर्शन तथा आवश्यकता पड़ने पर आर्थिक सहयोग के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे आत्मनिर्भर भारत की भावना को भी मजबूती मिलती है। महिलाओं के आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए संस्था निरंतर प्रयासरत है। महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना, उनमें भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके अलावा ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न अभियान के माध्यम से समाज में बेटियों के सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया जाता है। दहेज प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संस्था लगातार जागरूकता अभियान चलाने का लक्ष्य रखती है। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास भी किया जाता है। संस्था की सदस्यता के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है। साथ ही उसका नाम किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए। नए सदस्य की सदस्यता प्रारंभिक रूप से 5 माह के लिए मान्य होगी। इस अवधि में सदस्य के कार्यों और सक्रियता का मूल्यांकन किया जाएगा। संतोषजनक कार्य करने वाले सदस्य की सदस्यता एक वर्ष के लिए बढ़ा दी जाएगी। संस्था के सभी सदस्यों को 5 माह के भीतर अपने अधीन रिक्त पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर अपनी समिति का गठन पूर्ण करना होगा। सक्रिय रूप से कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्यों को पदोन्नति दी जाएगी तथा उनका नियुक्ति पत्र संबंधित थाना प्रभारी से लेकर जिलाधिकारी तक प्रेषित किया जाएगा। सदस्यता के लिए आवश्यक दस्तावेज संस्था के व्हाट्सएप नंबर पर अथवा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं। भारतीय मानव अधिकार रक्षक संस्था का उद्देश्य केवल अधिकारों की बात करना नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के माध्यम से एक जागरूक, सुरक्षित और विकसित समाज का निर्माण करना है।

## मानसून का कहर बना राष्ट्रीय चुनौती

कांतिलाल मांडोत

देश में मानसून एक बार फिर अपने रौद्र रूप में दिखाई दे रहा है। उत्तर भारत से लेकर पश्चिम, मध्य और पूर्वोत्तर भारत तक बारिश ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कहीं नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तो कहीं शहरों में जलभराव ने परिवहन व्यवस्था ठप कर दी है। उत्तर प्रदेश में गंगा का पानी बिजनौर में बहसूमा-ठाकुरद्वारा राज्य मार्ग तक पहुंच गया है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा, घाघरा-सरयू सहित कई नदियां उफान पर हैं। बलिया में सरयू नदी के कटाव से मकान नदी में समा गए हैं और कई परिवारों के सामने विस्थापन का संकट खड़ा हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश तथा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर ऑरेंज और रेड अलर्ट लागू हैं। गुजरात और उत्तराखंड के कई जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गुजरात इस समय सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में शामिल है। बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के असर से सूरत, खेड़ा, नडियाद तथा आसपास के इलाकों में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। सूरत जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए बड़े होर्डिंग, कमजोर ढांचों और अस्थायी शेड हटाए जा रहे हैं। हाईमास्ट लाइटों को सुरक्षित स्थिति में लाया गया है और निर्माणाधीन परियोजनाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सूरत महानगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें तथा अफवाहों पर विश्वास न करें। पशुपालकों से भी कहा गया है कि वे अपने पशुओं को ऐसे स्थान पर न बांधें जहां बाढ़ की स्थिति में उन्हें नुकसान हो सकता है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एक अगस्त की सुबह तक का समय सबसे अधिक संवेदनशील माना जा रहा है और सभी विभाग चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं। सूरत के उद्योग क्षेत्रों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में बाढ़ से कई औद्योगिक इकाइयों में आठ से तीस फीट तक पानी भर गया था। करोड़ों रुपये की मशीनरी, कच्चा माल, तैयार उत्पाद, विद्युत उपकरण, दस्तावेज और फर्नीचर नष्ट हो गए। इसके बाद जुलाई के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश ने उद्योगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। उद्योगपतियों का कहना है कि प्रत्येक इकाई को दस से पंद्रह लाख रुपये अथवा उससे अधिक का नुकसान हुआ है। इसी कारण उन्होंने नगर प्रशासन से आगामी दो वर्षों का संपत्ति कर माफ करने की मांग की है। बाढ़ से परेशान उद्योगपतियों ने अपनी पीड़ा सीधे महापौर और नगर प्रशासन के समक्ष रखी तथा राहत पैकेज की मांग दोहराई। उत्तर प्रदेश में भले ही मैदानों में मानसून कुछ कमजोर पड़ा हो, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा का असर नदियों पर साफ दिखाई दे रहा है। गंगा, घाघरा और सरयू जैसी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। राज्य के चौबीस जिलों में वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है जबकि ललितपुर, मिर्जापुर और सोनभद्र में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से रुक-रुककर वर्षा जारी है। बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़क अवरोध की आशंका बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में भी कांगड़ा सहित कई जिलों में तेज बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है और मौसम विभाग ने आगामी दिनों तक मानसून सक्रिय रहने की संभावना जताई है।

# सोशल मीडिया की अदालत: क्या भीड़ का फैसला ही अंतिम सत्य है?

**आज के दौर में लगभग सभी लोगों के पास मोबाइल फोन है और कुछ ही सेकंड में कोई भी व्यक्ति अपने विचार पूरी दुनिया में साझा कर सकता है। सूचना का लोकतंत्रीकरण आधुनिक समाज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है, क्योंकि समाचार और विचार अब पारंपरिक संस्थानों तक ही सीमित नहीं हैं। लेकिन इस सशक्तिकरण में एक गंभीर खतरा भी छिपा है। आजकल तर्कपूर्ण बहस की जगह अधूरी जानकारी, अफवाहें, ऑनलाइन ट्रोलिंग और डिजिटल भीड़ के विचारों ने ले ली है। कई मामलों में, व्यूज, रेटिंग और वायरल होने की होड़ सच्चाई की खोज से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। महज कुछ घंटों में एक वीडियो ऑनलाइन आ जाता है, किसी मुद्दे का एक पक्ष सामने आता है, कुछ सोशल मीडिया अकाउंट उसे फैला देते हैं, और लाखों लोग बिना सबूत या उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को दोषी घोषित कर देते हैं। सोशल मीडिया की यह तत्काल अदालत न तो तथ्यों की समीक्षा करती है और न ही निष्पक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान करती है। इसने अक्सर अन्यायपूर्ण तरीके से, भावनाओं, अधूरी सच्चाइयों और भीड़ की मानसिकता के आधार पर फैसले सुनाए हैं।**





डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

डिजिटल युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूरी तरह बदल गई है। आज के दौर में लगभग सभी लोगों के पास मोबाइल फोन है और कुछ ही सेकंड में कोई भी व्यक्ति अपने विचार पूरी दुनिया में साझा कर सकता है। सूचना का लोकतंत्रीकरण आधुनिक समाज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है, क्योंकि समाचार और विचार अब पारंपरिक संस्थानों तक ही सीमित नहीं हैं। लेकिन इस सशक्तिकरण में एक गंभीर खतरा भी छिपा है। आजकल तर्कपूर्ण बहस की जगह अधूरी जानकारी, अफवाहें, ऑनलाइन ट्रोलिंग और डिजिटल भीड़ के विचारों ने ले ली है। कई मामलों में, व्यूज, रेटिंग और वायरल होने की होड़ सच्चाई की खोज से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। महज कुछ घंटों में एक वीडियो ऑनलाइन आ जाता है, किसी मुद्दे का एक पक्ष सामने आता है, कुछ सोशल मीडिया अकाउंट उसे फैला देते हैं, और लाखों लोग बिना सबूत या उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को दोषी घोषित कर देते हैं। सोशल मीडिया की यह तत्काल अदालत न तो तथ्यों की समीक्षा करती है और न ही निष्पक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान करती है। इसने अक्सर अन्यायपूर्ण तरीके से, भावनाओं, अधूरी सच्चाइयों और भीड़ की मानसिकता के आधार पर फैसले सुनाए हैं। हाल ही में एक स्कूल शिक्षक के मामले में यह चिंता फिर से सामने आई है। कुछ प्रारंभिक रिपोर्टों के आधार पर शिक्षक को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया का तुरंत इस्तेमाल किया गया। अनगिनत उपयोगकर्ताओं ने कठोर निर्णय लिए, उनके चरित्र पर संदेह जताया और सभी तथ्य सामने आने से पहले ही उन्हें दोषी घोषित कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे महीने बीतते गए, एक अलग ही कारण सामने आया। निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच के अधिकार को अधिकाधिक महत्व दिया जाने लगा। यह उन अहम सवालों में से एक है। क्या आरोपी की निंदा करने वाले लोग दूसरे पक्ष की बात सुनने को भी तैयार होंगे? क्या वे यह स्वीकार करेंगे कि उनसे जल्दबाजी में फैसला लेने की संभावना हो सकती है? लेकिन क्या रुझान, आक्रोश और ऑनलाइन लोकप्रियताह्न सच्चाई से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बने रहेंगे? भारतीय न्याय प्रणाली का एक मूलभूत पहलू यह है कि निर्दोषता का सिद्धांत भारतीय न्यायालयों में एक सार्वभौमिक नियम है, जिसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को दोषी सिद्ध होने तक निर्दोष माना जाता है। यह कोई कानूनी तर्क-वितर्क नहीं, बल्कि किसी भी सभ्य समाज का मूलभूत सिद्धांत है। जब इस सिद्धांत का उल्लंघन होता है, तो न्याय के स्थान पर अराजकता फैल जाती है, और कोई भी व्यक्ति किसी भी कारण से जन आक्रोश का शिकार हो सकता है। ट्रोलिंग सिर्फ आलोचना तक सीमित नहीं है, यह ऑनलाइन होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सार्वजनिक दंड के रूप में किया जाता है। लोग लाइक्स, शेयर्स और व्यूज के नाम पर किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा, करियर, परिवार और भविष्य को बर्बाद करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। दशकों की अच्छी प्रतिष्ठा पल भर में नष्ट हो सकती है। अदालत में निर्दोष साबित होने पर भी सामाजिक कलंक अक्सर मिटता नहीं है। तो फिर एक अहम सवाल उठता है। झूठे आरोप में फँसे व्यक्ति को सम्मान कौन दिलाएगा? क्या वायरल पोस्ट को हटाने से लोगों की याददाश्त मिट जाएगी? क्या सार्वजनिक रूप से अपमानित होने के बाद व्यक्ति पश्चाताप करेगा, या उसे भुला दिया जाएगा? ज्यादातर मामलों में ऐसा नहीं होता। कानूनी तौर पर निर्दोष साबित होने से सामाजिक क्षति की पूरी तरह भरपाई नहीं हो सकती। हालांकि, यह बात भी बेहद महत्वपूर्ण है कि असली अपराधियों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। महिलाओं, बच्चों या छात्रों की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी सजा लगाई जानी चाहिए। न्याय अवश्य होना चाहिए, चाहे वह निर्दोष ही क्यों न हो, और दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। न्याय का अर्थ केवल अपराध को दंडित करना ही नहीं है; इसमें उन लोगों की रक्षा करना भी शामिल है जिन पर गलत आरोप लगाए गए हैं। परंपरागत मीडिया और सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा ने इस समस्या को और भी गंभीर बना दिया है। ह्लसबसे पहले खबर देनेह्न की होड़ में अक्सर तथ्यों की पुष्टि नहीं हो पाती। सुर्खियों का उद्देश्य पाठक की भावनाओं को भड़काना होता है। यदि बाद में कोई घटनाक्रम मूल रिपोर्ट के विपरीत साबित होता है, तो सुधारों पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता। परिणामस्वरूप, गलत सूचना लाखों लोगों तक फैल जाती है जबकि सच्चाई उतनी देर तक नहीं पहुंच पाती। दुनिया को यह समझने की जरूरत है कि वायरल होने वाली कोई भी चीज हमेशा सही नहीं होती। मूल संदर्भ से अलग की गई सामग्री और जानकारी, कुछ सेकंड का वीडियो या एक अलग क्लिप, जनमत को पूरी तरह से गलत तरीके से प्रस्तुत कर सकती है। इसलिए, एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए धैर्य रखना, आलोचनात्मक रूप से सोचना और सत्यापित तथ्यों का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। परंपरागत रूप से, भारतीय समाज में शिक्षकों को भरोसेमंद और सम्मानित माना जाता है। जब कोई शिक्षक आपराधिक कृत्य द्वारा इस भरोसे को तोड़ता है, तो कानून को सख्त होना चाहिए क्योंकि यह न केवल कानून का, बल्कि जनता के भरोसे का भी उल्लंघन है। हालांकि, जब कोई शिक्षक झूठे आरोपों का शिकार होता है, तो यह समस्या केवल व्यक्तिगत नहीं होती, बल्कि शिक्षण पेशे की गरिमा का भी मामला बन जाती है। इसलिए, लोगों के निर्णय सबूतों पर आधारित होने चाहिए, न कि भावनाओं पर। अब समय आ गया है कि सोशल मीडिया को सकारात्मक चर्चा के मंच के रूप में इस्तेमाल किया जाए, न कि वैकल्पिक न्यायालय के रूप में। सभी नागरिकों को अपनी राय व्यक्त करने की स्वतंत्रता है, लेकिन केवल न्यायालयों को ही दोष सिद्ध करने का अधिकार है।

# दुनिया के प्रमुख जेन-जी आंदोलन - बदलता भारत, जागरूक युवा और लोकतंत्र की नई दिशा

**अब दुनिया जिस पीढ़ी की ओर सबसे अधिक उम्मीद से देख रही है, वह है जेनरेशन-जेड। लगभग 1997 से 2012 के बीच जन्मे युवाओं की यह पीढ़ी डिजिटल तकनीक, सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक संपर्क के युग में पली-बढ़ी है। इनके सोचने, संवाद करने और अपनी बात रखने के तरीके पहले की पीढ़ियों से काफी अलग हैं। दुनिया के अनेक देशों में बीते कुछ वर्षों के दौरान जेन-जी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन देखने को मिले। इन आंदोलनों ने शिक्षा, रोजगार, जलवायु परिवर्तन, लोकतांत्रिक अधिकार, सामाजिक न्याय और सरकारी नीतियों जैसे विषयों को वैश्विक बहस का हिस्सा बनाया। कई स्थानों पर इन आंदोलनों ने सरकारों को अपने फैसले बदलने पर मजबूर किया, तो कई जगह आंदोलन हिंसा, आगजनी, पुलिस कार्रवाई और व्यापक सामाजिक तनाव में भी बदल गए। भारत भी इस वैश्विक परिवर्तन से अछूता नहीं है। यहां भी युवाओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की है। हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और पारदर्शिता की मांग ने लाखों युवाओं को एक साझा मंच पर ला खड़ा किया।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा

(लेखक)

हर पीढ़ी अपने समय की चुनौतियों के अनुरूप समाज और राजनीति को नई दिशा देने का प्रयास करती है। स्वतंत्रता संग्राम की पीढ़ी ने आजादी का सपना साकार किया, उसके बाद की पीढ़ियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और आर्थिक विकास की नींव रखने में योगदान दिया। अब दुनिया जिस पीढ़ी की ओर सबसे अधिक उम्मीद से देख रही है, वह है जेनरेशन-जेड। लगभग 1997 से 2012 के बीच जन्मे युवाओं की यह पीढ़ी डिजिटल तकनीक, सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक संपर्क के युग में पली-बढ़ी है। इनके सोचने, संवाद करने और अपनी बात रखने के तरीके पहले की पीढ़ियों से काफी अलग हैं। दुनिया के अनेक देशों में बीते कुछ वर्षों के दौरान जेन-जी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन देखने को मिले। इन आंदोलनों ने शिक्षा, रोजगार, जलवायु परिवर्तन, लोकतांत्रिक अधिकार, सामाजिक न्याय और सरकारी नीतियों जैसे विषयों को वैश्विक बहस का हिस्सा बनाया। कई स्थानों पर इन आंदोलनों ने सरकारों को अपने फैसले बदलने पर मजबूर किया, तो कई जगह आंदोलन हिंसा, आगजनी, पुलिस कार्रवाई और व्यापक सामाजिक तनाव में भी बदल गए। भारत भी इस वैश्विक परिवर्तन से अछूता नहीं है। यहां भी युवाओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की है। हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और पारदर्शिता की मांग ने लाखों युवाओं को एक साझा मंच पर ला खड़ा किया। लेकिन भारत के कुछ आंदोलनों ने एक अलग उदाहरण भी प्रस्तुत किया, जहां विरोध के साथ अनुशासन, रचनात्मकता और लोकतांत्रिक मयार्दा को बनाए रखने का प्रयास दिखाई दिया। जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन इसी संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। भारत विश्व का सबसे युवा देशों में से एक है। देश की बड़ी आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह जनसांख्यिकीय स्थिति भारत के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाएं, समय पर रोजगार और समान अवसर मिले तो यही शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला बन सकती है। लेकिन जब युवाओं को लगे कि उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं या भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक लंबित रहती हैं, तब असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। लोकतंत्र में इस असंतोष को शांतिपूर्ण ढंग से व्यक्त करना नागरिकों का अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। आज का युवा केवल नौकरी नहीं चाहता है, बल्कि वह पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर की भी मांग करता है। वह सरकारों से यह अपेक्षा करता है कि नियम सभी पर समान रूप से लागू हों और प्रतिभा के आधार पर चयन सुनिश्चित किया जाए। जेन-जी को अक्सर डिजिटल नेटिव कहा जाता है। यह वह पीढ़ी है जिसने इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया को अपने जीवन का स्वाभाविक हिस्सा माना है। सूचना तक तत्काल पहुंच ने इनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाया है। आज किसी भी घटना की जानकारी कुछ ही मिनटों में देश-दुनिया तक पहुंच जाती है। छात्र संगठन, सामाजिक समूह और नागरिक मंच सोशल मीडिया के माध्यम से तेजी से एक-दूसरे से जुड़ते हैं। यही कारण है कि किसी भी परीक्षा में गड़बड़ी, प्रश्नपत्र लीक या भर्ती में अनियमितता की खबर कुछ ही समय में राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाती है। हालांकि डिजिटल माध्यम अवसर प्रदान करते हैं, लेकिन इनके साथ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। अपुष्ट सूचनाएं, अफवाहें और भ्रामक सामग्री कभी-कभी तनाव बढ़ा सकती हैं। इसलिए डिजिटल साक्षरता और तथ्य आधारित संवाद पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भारत में हर वर्ष करोड़ों युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इनमें केंद्रीय और राज्य स्तरीय सेवाओं, बैंकिंग, रेलवे, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विश्वविद्यालयों तथा अन्य सरकारी नौकरियों से संबंधित परीक्षाएं शामिल होती हैं। इन परीक्षाओं के साथ लाखों परिवारों की उम्मीदें जुड़ी होती हैं। अनेक अभ्यर्थी वर्षों तक तैयारी करते हैं, आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। ऐसे में यदि किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाए या परीक्षा रद्द करनी पड़े तो इसका सबसे बड़ा नुकसान ईमानदारी से तैयारी करने वाले छात्रों को होता है। पेपर लीक केवल परीक्षा की समस्या नहीं है, यह सामाजिक विश्वास, प्रशासनिक क्षमता और न्याय की भावना से भी जुड़ा विषय है। यही कारण है कि परीक्षा प्रणाली में सुधार आज राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है। किसी भी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होना केवल कानूनी अपराध नहीं है। यह लाखों मेहनती छात्रों के आत्मविश्वास और भरोसे को प्रभावित करता है। जब किसी परीक्षा को रद्द करना पड़ता है, तब छात्रों का समय, धन और मानसिक ऊर्जा तीनों प्रभावित होते हैं। पेपर लीक के दुष्परिणाम कई स्तरों पर दिखाई देते हैं- योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय की भावना। सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब। छात्रों पर मानसिक और आर्थिक दबाव। समाज में भ्रष्टाचार के प्रति निराशा का वातावरण। इसलिए परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित और पारदर्शी बनाना केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है। पिछले कुछ समय में सरकार ने परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

# अवैध प्रवासी बनेंगे यूरोप के महाविनाश का कारण?

डॉ. शैलेश शुक्ला

पिछले एक दशक में यूरोप जिस चुनौती से सबसे अधिक जूझ रहा है, वह केवल आर्थिक मंदी, ऊर्जा संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध या जनसंख्या की वृद्धावस्था नहीं है, बल्कि उससे कहीं अधिक जटिल और दूरगामी प्रभाव रखने वाला प्रश्न है—अवैध प्रवासन। यह समस्या अब केवल सीमाओं को पार करने वाले लोगों की संख्या तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक स्थिरता, सामाजिक विश्वास, कानून के शासन, राजनीतिक व्यवस्था और यूरोप की सांस्कृतिक पहचान तक पहुँच चुकी है। यूरोप की उदार लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ लंबे समय तक मानवाधिकारों और शरणार्थियों के संरक्षण की वैश्विक प्रतीक रही हैं, किंतु जब मानवीय संवेदनाएँ और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन बिगड़ने लगता है, तब सबसे विकसित लोकतंत्र भी कठिन निर्णय लेने के लिए विवश हो जाते हैं। आज यूरोप का वास्तविक संकट यही है कि वह मानवीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी सीमाओं, अपने नागरिकों और अपनी संस्थाओं की सुरक्षा किस प्रकार सुनिश्चित करे। यदि इस प्रश्न का व्यावहारिक और प्रभावी समाधान समय रहते नहीं निकाला गया, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या यूरोप की राजनीतिक, सामाजिक और सुरक्षा संरचना को गहराई से प्रभावित कर सकती है। यूरोप की सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि बाहरी देशों से लोग वहाँ पहुँच रहे हैं; वास्तविक चिंता यह है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी प्रवेश कर रहे हैं जिनकी पहचान, पृष्ठभूमि, यात्रा मार्ग और उद्देश्य का तत्काल सत्यापन संभव नहीं हो पाता। किसी भी आधुनिक राष्ट्र-राज्य की सुरक्षा इस सिद्धांत पर आधारित होती है कि सरकार को यह ज्ञात हो कि उसके क्षेत्र में कौन प्रवेश कर रहा है, कहाँ रह रहा है और किस उद्देश्य से रह रहा है। जब हजारों लोग एक साथ बिना वैध दस्तावेजों के सीमा पार करते हैं, तब यह पूरी व्यवस्था दबाव में आ जाती है। पहचान सत्यापन की प्रक्रिया लंबी हो जाती है, प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त भार पड़ता है, न्यायिक प्रणाली धीमी पड़ती है और सुरक्षा एजेंसियों को सीमित संसाधनों में अधिक जटिल कार्य करना पड़ता है। यह स्थिति किसी भी विकसित राष्ट्र के लिए गंभीर चुनौती है, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि प्रभावी सीमा प्रबंधन और विश्वसनीय पहचान प्रणाली से भी सुनिश्चित होती है। यूरोप के सुरक्षा विशेषज्ञ वर्षों से इस संभावना की ओर ध्यान आकर्षित करते रहे हैं कि अनियंत्रित और अवैध प्रवासन का लाभ संगठित अपराधी नेटवर्क, मानव तस्कर अथवा हिंसक उग्रवादी तत्व उठाने का प्रयास कर सकते हैं। सुरक्षा नीति का आधार संभावित जोखिमों का पूर्वानुमान होता है, न कि केवल घटित घटनाओं का विश्लेषण। यदि किसी व्यक्ति की पहचान, उसके पूर्ववृत्त या उसके दस्तावेजों का सत्यापन समय पर नहीं हो पाता, तो सुरक्षा एजेंसियों के लिए जोखिम का आकलन कठिन हो जाता है। आधुनिक आतंकवाद और संगठित अपराध अक्सर खुले युद्ध के बजाय प्रशासनिक कमजोरियों का लाभ उठाते हैं। इसलिए अनियमित प्रवासन का सबसे बड़ा खतरा उसकी संख्या नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे उन सीमित किंतु संभावित सुरक्षा जोखिमों में निहित है, जिन्हें समय रहते पहचानना आवश्यक होता है। अवैध प्रवासन के साथ मानव तस्करी का अंतरराष्ट्रीय कारोबार भी तेजी से विकसित हुआ है। भूमध्यसागर और अन्य मार्गों से लोगों को यूरोप पहुँचाने वाले गिरोह अरबों डॉलर के अवैध नेटवर्क का हिस्सा बन चुके हैं। ये गिरोह केवल लोगों को सीमा पार नहीं कराते, बल्कि नकली दस्तावेज, धन शोधन, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों के परिवहन और अन्य संगठित अपराधों से भी जुड़े पाए जाते हैं। इस प्रकार अवैध प्रवासन केवल मानवीय संकट नहीं रह जाता, बल्कि अंतरराष्ट्रीय अपराध जगत की आर्थिक शक्ति को भी बढ़ावा देता है। जब तक इन नेटवर्कों को समाप्त नहीं किया जाएगा, तब तक सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ाने के बावजूद नए मार्ग खोज लिए जाएँगे। यही कारण है कि यूरोप की अनेक सुरक्षा एजेंसियाँ अब अवैध प्रवासन को केवल आव्रजन नीति का विषय न मानकर संगठित अपराध और राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक ढाँचे में देख रही हैं।

# चेहल्लुम को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश

**जुलूस में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात होगा, सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगरानी**

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिले में आगामी चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार समेत सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश



दिया कि संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा करने और किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सोशल मीडिया की चौबीसों घंटे निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई तथा भ्रामक सूचनाओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शांति समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों एवं जुलूस आयोजकों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। गत 25 जुलाई की हिंसक घटनाओं के मद्देनजर जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों एवं थाना क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों के मार्ग, प्रतिभागियों की संभावित संख्या तथा आवश्यकता पड़ने पर आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापन कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन कर अंतिम निर्धारण समय पर पूरा करने को कहा। सावन माह को देखते हुए मस्जिदों, मंदिरों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करते तथा धारा 107, 110 एवं सीसीए के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विद्युत विभाग को जुलूस मार्गों पर झूलते या निम्न ऊंचाई वाले बिजली के तारों को तत्काल दुरुस्त करने तथा पूरे रूट का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। वहीं सिविल सर्जन को जुलूस स्थलों पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडलीय अस्पतालों एवं रेफरल अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं निर्बाध रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने कहा कि चेहल्लुम जुलूसों में डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ नारेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को बाउंड डाउन की कार्रवाई तेज करने, सांप्रदायिक एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सीसीए सहित अन्य कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता, सतर्कता और समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि सारण में चेहल्लुम पर्व पूर्ण शांति, सौहार्द और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो तथा कानून-व्यवस्था हर हाल में कायम रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मद्य निषेध, अतिक्रमण, यातायात नियंत्रण एवं खनन संबंधी समीक्षा बैठक की आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में मद्य निषेध, अतिक्रमण, यातायात नियंत्रण एवं खनन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं कारोबार के विरुद्ध नियमित छापेमारी और कठोर कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। थानावार समीक्षा के दौरान उन्होंने शराब विनष्टीकरण से संबंधित लंबित प्रस्तावों पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी थाना स्तर पर 15 दिनों से अधिक समय तक विनष्टीकरण का प्रस्ताव लंबित नहीं रहना चाहिए। मद्य निषेध के तहत जब्त वाहनों की नीलामी की समीक्षा में यह पाया गया कि 211 जब्त वाहनों का मूल्यांकन मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) स्तर पर लंबित है। इस पर जिलाधिकारी ने एमवीआई को एक सप्ताह के भीतर मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सके। अतिक्रमण संबंधी समीक्षा में जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। खनन संबंधी समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत एवं समन्वित अभियान चलाने, नियमित जांच अभियान संचालित करने तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा न्यायालय के आदेश के आधार पर बिना शुल्क वसूली के वाहन छोड़े जाने की जानकारी दी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। भोजपुर-छपरा सीमा पर स्थापित चेक पोस्ट की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण चेक पोस्ट प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कर चेक पोस्ट को पूर्णतः क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### लायंस क्लब के द्वारा गमला युक्त पौधा मंदिर परिसर में लगाया गया

छपरा। लायंस क्लब छपरा टाउन द्वारा सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के तहत छपरा शहर के प्रसिद्ध धर्मनाथ धनी मंदिर परिसर में 21 फूलों के गमले भेंट किए गए। इस पहल का उद्देश्य मंदिर परिसर को हराभरा एवं आकर्षक बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। क्लब के अध्यक्ष लायन आदित्य कुमार ने कहा कि प्रकृति की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है और ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस सेवा कार्य में सचिव लायन चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष लायन अमित सोनी, लायन आशुतोष पांडेय, लायन मनीष कुमार मणि, लियो उज्ज्वल मिश्रा, लियो दीपक पटेल एवं लियो अनिल सोनी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### चोरी कांड में दो अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

परसा। परसा थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 390/26 से जुड़े चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शनिवार को छपरा व्यवहार न्यायालय भेज दिया.गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के मारर गांव निवासी बैजनाथी सिंह के पुत्र हरेंद्र सिंह तथा योगेंद्र सिंह के पुत्र विक्की सिंह के रूप में की गई है. पुलिस ने दोनों को मामले में संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तार किया.थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत के लिए छपरा व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ?इस संबंध में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्तों के पास से चोरी की एक चापाकल की हैंडल भी बरामद की गई है. जिसे मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में देखा जा रहा है.उन्होंने बताया कि चोरी कांड की जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य पहलुओं की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है.

### शराब मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

इसुआपुर। थाना क्षेत्र के गोगोई गांव से पुलिस ने पूर्व के शराब मामले में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित जयकिशोर प्रसाद के पुत्र गोलू कुमार है। पुलिस ने उसे शुक्रवार की शाम उसके घर से गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को उसे छपरा मंडल कारा भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपित पूर्व से दर्ज शराब कांड में फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया और थाना में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में छपरा जेल भेज दिया गया।

### विद्यालय की जर्जर छत का प्लास्टर गिरने से छात्रा घायल, इलाज के बाद खतरे से बाहर

सीवान/दारौंदा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उस्ती में शुक्रवार को विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति एक छात्रा पर भारी पड़ गई। विद्यालय के बरामदे की छत का प्लास्टर अचानक टूटकर गिरने से पांचवीं कक्षा की छात्रा शालू कुमारी घायल हो गई। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्रा की पहचान उस्ती निवासी स्वर्गीय राकेश प्रसाद की पुत्री शालू कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम करीब तीन बजे शालू विद्यालय के बरामदे की ओर जा रही थी। इसी दौरान बरामदे की छत से प्लास्टर का एक हिस्सा अचानक टूटकर उसके सिर पर आ गिरा, जिससे वह घायल हो गई।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर 5 अगस्त को होगी बैठक बीडीओ शिम्पी कुमारी

प्रात: किरण संवाददाता



सीवान/दरौंदा। स्वतंत्रता दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर दरौंदा प्रखंड प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, बैंक प्रबंधकों एवं संबंधित पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। यह बैठक 5 अगस्त को दोपहर एक बजे प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित होगी। बीडीओ द्वारा जारी पत्रांक-726, दिनांक 31 जुलाई 2026 के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन, ध्वजारोहण कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियों, विभिन्न विभागों की सहभागिता, कार्यक्रमों की रूपरेखा, समय निर्धारण तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख, प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंक प्रबंधक भाग लेंगे। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने में सहयोग करने की अपील की है।

## रामकरण सिंह की पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री किट का वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज (सारण)। श्री अर्जुन सिंह हाई स्कूल, बिष्णुपुरा के प्रांगण में शनिवार को स्वर्गीय बाबू रामकरण सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि सेवा, शिक्षा और सामाजिक समर्पण के भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य शिक्षण सामग्री किट वितरण समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, ग्रामीणों एवं सैकड़ों स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद स्वर्गीय बाबू रामकरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजसेवा और शिक्षा के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह का मुख्य आकर्षण स्वर्गीय रामकरण सिंह के सुपुत्र श्री धुरंधर सिंह द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करना तथा स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं अध्ययन किट का वितरण रहा। शिक्षण सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। इस अवसर पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रघुनाथ सिंह, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि चंदन सिंह, धुरंधर सिंह, श्रीकांत सिंह, अमित सिंह, राजीव रंजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिक्षा के प्रसार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## विद्यार्थी प्रेरणा सह सद्भावना विमर्श शिविर का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। सदर प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उमधा,फकुली, सारण में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाजसेवी डॉ अरविंद आनंद के नेतृत्व मे विद्यार्थी प्रेरणा सह सद्भावना विमर्श शिविर आयोजित किया गया, इस अवसर पर स्वयं सेवक सह वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया साथ साथ बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता (जिन्दगी में माता पिता का महत्व) आयोजित किया गया जिसमें लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया, और इस प्रतियोगिता में प्रथम सुप्रिया कुमारी, द्वितीय रिद्धिमा कुमारी, तृतीय राधा कुमारी को शिखर वक्ता सम्मान से सम्मानित किया गया।और मैट्रिक में विद्यालय टॉपर को प्रतिभा श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ साथ नैतिक जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया जाना चाहिए और वर्तमान संस्कार के गिरते स्तर को रोकने की जरूरत है, उन्होंने बच्चों से ये भी कहा कि पढ़ाई लिखाई से संबंधित संसाधन की जरूरत पड़े तो बेहिचक याद करे हम यथा संभव सहयोग करेंगे। माता पिता के महत्व पर डॉ अरविंद ने बोलते हुए कहा कि जैसे प्राण और शरीर का संबंध होता है उसी प्रकार माता पिता का हमारे जीवन से संबंध होता है। अंत में बच्चों को माता पिता का सम्मान करने तथा अपनी पढ़ाई लिखाई ईमानदारी से करने हेतु शपथ दिलवाया साथ साथ उनके द्वारा अच्छे इंसान बनने का संकल्प मौके पर प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, शिक्षक बादल सिंह, मुकेश कुमार, प्रतिभा कुमारी उपस्थित रहे।

## अवधपुर में 'सखी वार्ता एवं विधिक साक्षरता शिविर' आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। महिला एवं बाल विकास निगम, सारण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (उ्छरअ), सारण के संयुक्त सहयोग से शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत अवधपुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ह्यसखी वार्ता एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिए डिस्ट्रिक्ट हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वुमेन (डीएचईडब्ल्यू), सारण के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।

दीप प्रज्वलन से हुई कार्यक्रम की शुरूआत: कार्यक्रम का शुभारंभ DHEW की जिला समन्वयक (डीएमसी) निभा कुमारी, उ्छरअ सारण के प्रतिनिधि अमन वत्स, माधवेन्द्र मिश्रा,





वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ सत्येंद्र कुमार, जेंडर स्पेशलिस्ट सुजाता श्री और स्थानीय आंगनबाड़ी सेविका द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, गर्भवती महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइनों पर विस्तृत चर्चा: विधिक साक्षरता सत्र को संबोधित करते हुए उ्छरअ प्रतिनिधि अमन वत्स एवं माधवेन्द्र मिश्रा के3 द्वारा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध कानून, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, महिलाओं के संपत्ति अधिकार और मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधियों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति या कानूनी सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर- 181 तथा उ्छरअ हेल्पलाइन नंबर 06152-233322 पर संपर्क किया जा सकता है।

सरकारी योजनाओं और वित्तीय साक्षरता पर जोर: सखी वार्ता सत्र में जिला समन्वयक निभा कुमारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और किशोरी स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। FLS सत्येंद्र कुमार ने महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और बचत के महत्व को समझाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के तरीके बताए। वहीं GS सुजाता श्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

नवजात बालिका की माता का सम्मान: कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवजात शिशु एवं बालिका प्रोत्साहन रहा। इस अवसर पर हाल ही में जन्म ली नवजात बालिका की माता को ऊ्लएह टीम की ओर से बेबी किट एवं बधाई संदेश देकर सम्मानित किया गया। टीम ने मां और नवजात के पोषण व स्वास्थ्य पर भी मार्गदर्शन दिया। जिला समन्वयक निभा कुमारी ने कहा, सखी वार्ता का उद्देश्य हर महिला तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें समाज में सुरक्षित व आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का समापन आंगनबाड़ी सेविका के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## रेल पहिया कारखाना का मनाया गया स्थापना दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

दरियापुर। रेल पहिया कारखाना बेला का पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में 12वा स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने किया।उन्होंने अपने संबोधन में रेल कारखाना के स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास की जमकर सराहना की।उन्होंने कहा कि संस्थान ने गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, सुरक्षा,नवाचार तथा कार्यकुशलता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।उनके द्वारा सभी कर्मचारियों से भविष्य में भी समर्पण, अनुशासन तथा तुम भावना से कार्य करते हुए भारतीय रेल के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया गया।इसके साथ ही इस





कार्यक्रम में संस्थान की विकास यात्रा, उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।साथ ही साथ कर्मचारियों को संस्थान की निरंतर प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

## राजेंद्र सिंह ने थामा भाजपा का दामन युवाओं में उत्साह की लहर

प्रात: किरण संवाददाता

महाराजगंज। महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के उभरते युवा राजेंद्र सिंह ने देश के विकास और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार प्रसाद ने माड़र गांव काली मंदिर में आयोजित एक सादे/भव्य समारोह के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पार्टी का पटका और माला पहनाकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया।

वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर पार्टी के महाराजगंज नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, महामंत्री व विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने राजेंद्र सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं के भाजपा से जुड़ने से संगठन को एक नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। पार्टी नेतृत्व को पूरा विश्वास है कि राजेंद्र



सिंह युवाओं को एकजुट करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि भाजपा की नीतियां, राष्ट्र प्रथम की सोच और विकासपरक राजनीति से प्रभावित होकर मैंने यह निर्णय लिया है। पार्टी मुझे जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करूँगा और समाजहित के लिए तत्पर रहूँगा। समर्थकों में खुशी की लहर: राजेंद्र सिंह के भाजपा में शामिल होने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और स्थानीय युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। इस मौके पर उनके कई साथी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्हें बधाई दी और नई राजनीतिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं देने वालों में नीरज कुमार सिंह,बसंत कुमार सिंह, हेमन्त कुमार सिंह,मैनेजर सिंह, लालाबाबू सिंह, प्रमोद सिंह आदि सैकड़ों गणमान्यजन मौजूद रहे।

## पैसेंजर ट्रेन से 12.72 लीटर विदेशी शराब बरामद, आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता

सीवान। आरपीएफ पोस्ट सीवान एवं ट्रेन एस्कॉर्ट कंपनी गोरखपुर की संयुक्त टीम ने गोरखपुर-सीवान पैसेंजर ट्रेन से लावारिस हालत में विदेशी शराब बाराम्द की है। यह कार्रवाई 31 जुलाई को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश एवं प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ सीवान के पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 55042 गोरखपुर-सीवान पैसेंजर के कोच संख्या 259236 की तलाशी के दौरान लावारिस अवस्था में रखी शराब जब्त की गई। बरामद शराब में 180 एमएल की 54 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की तथा 750 एमएल की चार बोतल स्मिरनॉफ जामुन व्हिस्की शामिल हैं। जब्त शराब की कुल मात्रा 12.72 लीटर तथा अनुमानित कीमत 17,260 रुपये बताई गई है। आरपीएफ ने जब्त शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, सीवान को सौंप दिया। इस संबंध में उत्पाद विभाग ने मुकदमा अपराध संख्या 616/26 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम की धारा 30(ए) के अंतर्गत अज्ञात के विरुद्ध 1 अगस्त 2026 को प्राथमिकी दर्ज की है। इस कार्रवाई में आरपीएफ पोस्ट सीवान के उपनिरीक्षक नंद किशोर सिंह, हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय तथा कांस्टेबल नीरज कुमार पांडेय शामिल रहे।

## डुमरी गांव में तीन दिवसीय श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, तैयारियां पूरी

प्रात: किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदा। प्रखंड के डुमरी गांव में श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की शुरूआत 3 अगस्त (सोमवार) को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद 4 अगस्त (मंगलवार) को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री हनुमान जी की



प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। वहीं 5 अगस्त (बुधवार) को अखंड अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। तीनों दिनों तक पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## जनता दरबार में 15 भूमि विवादों की सुनवाई, 11 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा। प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के उद्देश्य से जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 15 फरियादी अपनी शिकायतों के साथ पहुंचे, जिनकी सुनवाई अंचल अधिकारी वेद प्रकाश नारायण एवं थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह की मौजूदगी में की गई। सुनवाई के दौरान प्राप्त 15 मामलों में से 11 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं शेष चार मामलों में आवश्यक दस्तावेजों एवं तथ्यों की जांच के लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए मामलों को लंबित रखा गया। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से विवादों के समाधान का प्रयास किया। अंचल अधिकारी वेद प्रकाश नारायण ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों का त्वरित,



निष्पक्ष एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने आम लोगों से भूमि विवादों के समाधान के लिए जनता दरबार का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जनता दरबार के दौरान राजस्व कर्मचारी, डीईओ ब्रजेश राज, संबंधित फरियादी एवं अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## एंटी पेपर लीक बिल पारित होना छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी : डॉ. आनंद

प्रात: किरण संवाददात

सीवान/दारौंदा बिहार विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आनंद ने संसद के दोनों सदनों से एंटी पेपर लीक बिल के पारित होने का स्वागत करते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एंटी पेपर लीक बिल पास होना देश के करोड़ों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा युवाओं और छात्रों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कहा कि एंटी पेपर लीक बिल से परीक्षा में होने वाली अनियमितताओं, पेपर लीक और संगठित नकल जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी। इससे मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा



तथा उन्हें अपनी योग्यता और मेहनत के आधार पर आगे बढ़ने का निष्पक्ष अवसर मिलेगा। श्री आनंद ने कहा कि पेपर लीक केवल एक परीक्षा की समस्या नहीं है, बल्कि यह लाखों युवाओं के सपनों और उनके परिवारों की वर्षों की मेहनत के साथ खिलवाड़ है। ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## भूमिहीनों के चयन में अनियमितता की शिकायत पर डीसीएलआर ने की जांच

प्रात: किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदा। बिहार सरकार के अभियान बसेरा-2 के तहत भूमिहीन परिवारों के बीच भूमि बंदोबस्ती पर्चा वितरण का अभियान चल रहा है। इसी क्रम में दरौंदा प्रखंड में भूमिहीन परिवारों के चयन में व्यापक अनियमितता की शिकायत अनुमंडल कार्यालय को प्राप्त हुई। शिकायत के आलोक में महाराजगंज के डीसीएलआर अमन आनंद ने शनिवार को दरौंदा प्रखंड की छेरही एवं हड़सर पंचायतों का दौरा कर मामले की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने लाभार्थियों के चयन से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की तथा स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली। डीसीएलआर अमन आनंद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अनियमितता के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दरौंदा प्रखंड के बसेरा-2 योजना के सभी लाभार्थियों के चयन की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की गड़बड़ी या अपात्र व्यक्तियों को लाभ दिए जाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा है कि योजना का लाभ केवल वास्तविक भूमिहीन एवं पात्र परिवारों को मिले। इसलिए लाभार्थियों के चयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कुआं में शव बरामद मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

सहार । भोजपुर (चौरी थाना क्षेत्र कुआं में शव बरामद मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विशम्भरपुर निवासी रामानंद राम के पुत्र चितरंजन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### राजस्व कर्मचारियों के बीच हल्कों का आवंटन

कोइलवर। जिला पदाधिकारी भोजपुर के आदेश के आलोक में कोईलवर अंचल कार्यालय ने राजस्व कर्मचारियों के हल्कों का पुनः आवंटन कर दिया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रशासनिक आवश्यकता एवं कार्यों के सुचारू संचालन को देखते हुए नए सिरे से हल्का आवंटित किया गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। राजस्व कर्मचारियों को उनके संबंधित हल्के का प्रभार तत्काल प्रभाव से ग्रहण करने का निर्देश दिए गए हैं। अंचल कार्यालय कोईलवर से जारी आदेश के अनुसार अनिल कुमार को सकड्डी, अमित कुमार को गोपालपुर, जोगता एवं जलपुरा, महेश कुमार गुप्ता को नरबीरपुर एवं गीधा, स्वामिनी प्रिया को चंदा एवं भदवर, संतोष कुमार को खनगांव एवं धनडीहा, मनीष कुमार को दौलतपुर एवं राजापुर, रवि कुमार को कायमनगर एवं बीरमपुर, आलोक आनंद को नगर पंचायत एवं खेसरहिया तथा मनीषा कुमारी को मथुरापुर एवं कुल्हड़िया हल्का आवंटित किया गया है। अंचलाधिकारी ने सभी संबंधित राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने आवंटित पंचायतों का प्रभार तत्काल ग्रहण कर राजस्व एवं भू-अभिलेख से जुड़े सभी कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि सर्वेक्षण, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, ई-म्यूटेशन, अभियान बसेरा, एग्रीस्टैक सहित विभाग की अन्य योजनाओं का कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित किया जाएगा।

### फुहां में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सैकड़ों ग्रामीणों की हुई जांच

बड़हरा। प्रखंड के फुहां स्थित श्री त्रिदण्डी देव ब्रिलिएंट विद्यालय परिसर में शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, बिहटा के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आंख, दांत, पेट, हड्डी सहित विभिन्न सामान्य एवं जटिल रोगों की जांच की। साथ ही मरीजों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया। शिविर में विद्यालय प्रबंधन की ओर से मरीजों के पंजीकरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे पूरे आयोजन का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन कराने की मांग की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी समाजहित में इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### उच्च विद्यालय खवासपुर में साइबर सुरक्षा व महिला जागरूकता अभियान आयोजित

बड़हरा । प्रखंड के उच्च विद्यालय, खवासपुर में साइबर क्राइम, सामाजिक सुरक्षा एवं महिला जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खवासपुर थाना प्रभारी सुशांत कुमार ने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर एएसआई राहुल कुमार एवं एएसआई शैलेंद्र पासवान ने भी छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता, साइबर हेल्पलाइन तथा कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस टीम ने विस्तार से उत्तर देकर उन्हें जागरूक किया।

# चेहल्लुम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर बैठक

## प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की हुई संयुक्त ब्रीफिंग

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुकूल वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक एवं अपर समाहर्ता ने की। बैठक में पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण हेतु किए गए प्रशासनिक एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई। बताया गया कि पूरे जिले में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि प्रत्येक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थल पर सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पूरी सतर्कता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था का प्रभावी संधारण सुनिश्चित करें, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। असामाजिक, शरारती, सांप्रदायिक, कट्टरपंथी एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर सतत एवं पैनी निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका पर तत्काल कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर लगातार पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने, जुलूसों में डीजे एवं लाउडस्पीकर से संबंधित सरकारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने, सभी जुलूसों की अनिवार्य वीडियोग्राफी कराने तथा जुलूसों के आगे एवं पीछे पर्याप्त पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर सतत निगरानी रखते हुए भ्रामक एवं भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा तथा सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को जुलूस मार्गों की आवश्यक मरम्मत, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, आरा एवं जगदीशपुर को जुलूस मार्गों पर विद्युत तारों की जांच एवं आवश्यक मरम्मत समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना नही रहे।

# भूमि विवाद के मामलों की सुनवाई , चार का निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता



कोइलवर। कोइलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कोईलवर, चाँदी, बबुरा एवं गीधा थाना क्षेत्र से प्राप्त कुल आठ मामलों पर सुनवाई हुई। राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर आवश्यक निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान चाँदी थाना क्षेत्र से आए एक मामले में प्रथम पक्ष स्वर्गीय किश्टो साह के परिजनों तथा द्वितीय पक्ष छोटन लाल सिंह के बीच चल रहे भूमि विवाद पर विस्तार से विचार किया गया। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद राजस्व अधिकारी ने मामले से संबंधित राजस्व कर्मचारी को विस्तृत प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तलब किया तथा अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी। इसके अलावा अन्य मामलों की भी क्रमवार सुनवाई की गई, जिनमें से चार मामलों का आपसी सहमति एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों में आवश्यक जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए गए। राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने कहा, भूमि विवादों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जा रहा है। जिन मामलों में जांच या रिपोर्ट की आवश्यकता है, उनमें सभी तथ्यों के सत्यापन के बाद ही निर्णय लिया जाएगा, ताकि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो।

# टोल पर नई दरें लागू एनएचएआई का नया आदेश लागू

प्रात : किरण संवाददाता

कोइलवर। पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर स्थित कुल्हड़िया टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को अब अधिक टोल शुल्क देना होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टोल दरों में संशोधन करते हुए नई दरें 1 अगस्त 2026 से लागू कर दी हैं। इस संबंध में परियोजना कार्यान्वयन इकाई, पटना ने 31 जुलाई 2026 को आदेश जारी किया है। एनएचएआई के अनुसार टोल दरों में संशोधन थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में हुए बदलाव के आधार पर किया गया है। नई दरों के तहत कार, जीप, वैन एवं हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) के लिए एकल यात्रा का शुल्क 110 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा का शुल्क 165 रुपये तथा 50 यात्राओं के मासिक पास का शुल्क 3,625 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार हल्के वाणिज्यिक वाहन, मिनी बस एवं एलजीवी के लिए एकल यात्रा 175 रुपये, वापसी यात्रा 265 रुपये तथा मासिक पास 5,860 रुपये होगा। बस एवं दो एक्सल ट्रक के लिए एकल यात्रा 370 रुपये, वापसी यात्रा 550 रुपये तथा मासिक पास 12,275 रुपये तय किया गया है।तीन एक्सल वाले वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा 400 रुपये, वापसी यात्रा 605 रुपये और मासिक पास 13,390 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं चार से छह एक्सल वाले भारी वाहनों के लिए एकल यात्रा 580 रुपये, वापसी यात्रा 865 रुपये तथा मासिक पास 19,250 रुपये होगा। सात या उससे अधिक एक्सल वाले ओवरसाइज वाहनों के लिए एकल यात्रा 705 रुपये, वापसी यात्रा 1,055 रुपये और मासिक पास 23,435 रुपये निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले गैर-व्यावसायिक वाहन मालिकों के लिए 360 रुपये का मासिक स्थानीय पास उपलब्ध रहेगा। प्राधिकरण ने टोल संचालन एजेंसी को निर्देश दिया है कि 1 अगस्त 2026 से संशोधित दरों के अनुसार ही टोल शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाए।

# एक करोड़ रुपये की अवैध विदेशी शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

● पंजाब से मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही थी शराब की खेप

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब से बिहार लाई जा रही करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की 8,071.92 लीटर विदेशी शराब से भरे 14 चक्का ट्रक को जब्त कर लिया। जगदीशपुर-पीरो रोड स्थित दलिपपुर मोड़ के समीप की गई इस कार्रवाई में ट्रक पर सवार दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया। ट्रक से विभिन्न ब्रांडों की 14,748 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई, जिन पर फॉर सेल इन पंजाब अंकित था। प्रारंभिक जांच में शराब की खेप मुजफ्फरपुर पहुंचाई जानी थी। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी भोजपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि पंजाब से एक ट्रक के जरिए भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार लाई जा रही है। इसके बाद मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर तथा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (पटना) की संयुक्त टीम ने जगदीशपुर-पीरो रोड स्थित दलिपपुर मोड़ के समीप वाहन जांच के दौरान एमएच40सीडी-2304 नंबर के 14 चक्का ट्रक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक से रॉयल स्टेज व्हिस्की की 750 एमएल की 6,216 बोतल, 375 एमएल की 1,656 बोतल तथा 180 एमएल की 3,744 बोतल, मैकडॉवेल्स नंबर-1 व्हिस्की की 750 एमएल की 864 बोतल और 375 एमएल की 624 बोतल, रॉयल चैलेंज व्हिस्की की 750 एमएल की 1,572 बोतल तथा इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की की 750 एमएल की 72 बोतल बरामद की गई। इस प्रकार कुल 14,748 बोतल (8,071.92 लीटर) विदेशी शराब जब्त की गई। सभी बोतलों पर फॉर सेल इन पंजाब अंकित थाम प्रारंभिक जांच में पता चला कि शराब की यह खेप मुजफ्फरपुर (बिहार) ले जाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के लोहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पांगरी गांव निवासी गोविंद केशव सूर्यवंशी तथा अनिल मारुति बुड्डक को गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि राज्य में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी है और आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिजली संकट और लगातार कटौती के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक, शीघ्र सुधार की मांग

● उर्जा मंत्री बिहार सरकार को संयुक्त हस्ताक्षर से लिखित आवेदन दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

सहार । सहार प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, कम आपूर्ति और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक सहार सोन नदी तट पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमोद चन्द्रवंशी और संचालन राकेश सोनी द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों, किसानों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। बैठक में सभी ग्रामिणों ने उर्जा मंत्री बिहार सहार को संयुक्त हस्ताक्षर कर आवेदन दिया गया है। उर्जा मंत्री को लिखित आवेदन में वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी और खेती-बारी के मौसम में अनियमित बिजली आपूर्ति से आम लोगों के साथ-साथ किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों में निर्धारित समय से काफी कम बिजली मिल रही है, जबकि बार-बार होने वाली कटौती के कारण घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई और छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि किसानों कि धान की खेती के इस महत्वपूर्ण समय में सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने बिजली विभाग से नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जर्जर तारों एवं उपकरणों की मरम्मत कराने तथा शिकायतों के त्वरित निपटारे की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक के अंत में बिजली संकट के समाधान हेतु संबंधित उर्जा मंत्री बिहार सरकार को मांग-पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल मुख्य लोगों में राकेश कुमार , पैक्स अध्यक्ष गोविन्द कुमार, मो हसबुद्दीन, डाक्टर गुड्डू कुमार, इजहार अहमद, शिवम कुमार, प्रदीप कुमार विक्की कुमार प्रदुम्न गुप्ता जमील शाह, भरत तिवारी सहित ग्रामीणों जनता शामिल थे।

# वीकेएसयू : स्नातक नामांकन के लिए फिर खुलेगा पोर्टल नए आवेदन और त्रुटि सुधार का मिलेगा मौका

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। वीकेएसयू आरा ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2026-30) में नामांकन से वंचित विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीसरी मेरिट सूची जारी होने से पहले एक बार फिर ऑनलाइन नामांकन पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। शनिवार से पोर्टल छात्रों के लिए उपलब्ध रहेगा, जिससे नए अभ्यर्थी आवेदन करने के साथ-साथ पूर्व में आवेदन कर चुके छात्र-छात्राएं अपनी त्रुटियों का भी सुधार कर सकेंगे।विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अब तक दूसरी मेरिट सूची तक ही नामांकन प्रक्रिया पूरी हो सकी है। बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी हैं, जो किसी कारणवश आवेदन नहीं कर सके या आवेदन में हुई त्रुटियों के कारण उनका नाम मेरिट सूची में शामिल नहीं हो पाया। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 34 अंगीभूत तथा लगभग 70 संबद्ध डिग्री कॉलेजों में स्नातक स्तर पर नामांकन होना है। इनमें 19 अंगीभूत और 15 नए डिग्री कॉलेज भी शामिल हैं। इसके बावजूद अब तक अपेक्षा के अनुरूप नामांकन नहीं हो पाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार अभी तक लगभग 60 हजार विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है, जबकि सीटों की तुलना में यह संख्या काफी कम है।आवेदन कर चुके 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों का नाम अब तक किसी भी मेरिट सूची में शामिल नहीं हो सका है। इनमें अधिकांश मामलों में आवेदन पत्र में त्रुटियां, दस्तावेजों की कमी अथवा अन्य तकनीकी कारण सामने आए हैं। वहीं सैकड़ों छात्र-छात्राएं अब तक ऑनलाइन आवेदन भी नहीं कर पाए हैं।नामांकन समिति ने ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अवसर देने के लिए पोर्टल दोबारा खोलने का निर्णय लिया है। निर्धारित अवधि के भीतर विद्यार्थी नया आवेदन कर सकेंगे, आवश्यक संशोधन कर सकेंगे तथा इसके बाद जारी होने वाली तीसरी मेरिट सूची में शामिल होने का अवसर प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सभी आवश्यक दस्तावेज सही ढंग से अपलोड करें, ताकि नामांकन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सहार स्थित जीएनपीएस में व्यक्तित्व विकास और प्रेरणा शैक्षणिक सत्र का आयोजन हुआ

प्रात : किरण संवाददाता



सहार। सहार प्रखंड स्थित जीएनपीएस विद्यालय में शुक्रवार को व्यक्तित्व विकास और प्रेरणा शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध मास्टर ट्रेनर सलमान खान ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सलमान खान ने छात्रों को संवाद कौशल,आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत व्यक्तित्व और प्रभावी संवाद क्षमता न केवल व्यक्ति का भविष्य बदल सकती है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी अहम भूमिका निभाती है। दिल्ली एनसीआर निवासी ट्रेनर सलमान खान, टीच इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक एवं सीईओ हैं वे पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर सहित देशभर में छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से लाखों छात्रों का मार्गदर्शन किया है।जीएनपीएस में आयोजित इस सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। इस दौरान सलमान खान ने छात्रों को अंग्रेजी बोलने में झिझक दूर करने, सही उच्चारण तथा लीडरशिप स्किल्स विकसित करने के व्यावहारिक टिप्स भी दिए। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सरफराज अहमद, प्रधानाध्यापक तहसीन अहमद भी मौजूद रहे। अंग्रेजी शिक्षक पिंटू कुमार पाठक एवं गोपाल राय ने इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद उपयोगी होते हैं। छात्रों ने भी इस सत्र को प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

# बीसीए नामांकन शुल्क पर छात्रों ने उठाया सवाल, कॉलेज ने दिया समाधान का आश्वासन



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय में बीसीए (सत्र 2026-29) नामांकन शुल्क को लेकर शनिवार को छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा विश्वविद्यालय इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानाचार्य से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों से दो बार आवेदन शुल्क लिए जाने का मुद्दा उठाते हुए पहले जमा कराए गए 800 रुपये लौटाने की मांग की।जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने बताया कि पहले महाविद्यालय ने बीसीए नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित कर छात्रों से 800 रुपये शुल्क लिया था। बाद में विश्वविद्यालय के निर्देश पर ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से दोबारा आवेदन करना पड़ा, जिसके लिए 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क जमा करना पड़ा। इस पर प्रधानाचार्य ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिन छात्रों का विश्वविद्यालय की चयन सूची में नाम आएगा, उनके प्रथम सेमेस्टर के नामांकन शुल्क से पहले जमा किए गए 800 रुपये समायोजित कर दिए जाएंगे। वहीं, जिन छात्रों का चयन नहीं होगा, उन्हें महाविद्यालय द्वारा पूर्व में जमा की गई 800 रुपये की राशि वापस कर दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में छात्र नेता विकास पासवान, बद्रीनारायण पाठक और सोनू उपाध्याय भी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मीय पत्र मिला तो गर्व से भर गया हृदय : डॉ. आदित्य विजय जैन






प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारत के प्रधानमंत्री का विकसित भारत 2047 के संकल्प को लेकर भेजा गया आत्मीय पत्र प्राप्त होने पर स्थानीय शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आदित्य विजय जैन ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। डॉ. जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का पत्र मेरे लिए गर्व, प्रेरणा और जिम्मेदारी तीनों का विषय है। यह केवल एक पत्र नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता का आह्वान है।राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पण का संकल्प एक शिक्षक, समाजसेवी और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित व्यक्ति होने के नाते डॉ. जैन ने कहा कि मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि हम अपने युवाओं में राष्ट्रभक्ति, नैतिकता, उत्कृष्ट शिक्षा और सेवा भाव के संस्कार विकसित करें। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।डॉ. आदित्य विजय जैन ने पत्र के लिए प्रधानमंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार का मार्गदर्शन हम सभी के लिए ऊर्जा का स्रोत है।उन्होंने अपने संदेश के अंत में जय हिंद ! के साथ देश सेवा का संकल्प दोहराया।

# टाटा साल्ट ने गुणवत्ता नेतृत्व को किया मजबूत

आसनसोल। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रमुख नमक ब्रांड टाटा साल्ट ने एक प्रयोगशाला मूल्यांकन में परीक्षण किए गए 100 नमक नमूनों में उच्चतम शुद्धता के साथ उभरने के बाद अनिवार्य आयोडीन मानकों को पूरा करते हुए भारत के आयोडीन युक्त नमक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है। कंपनी ने कहा कि यह निष्कर्ष देश भर के उपभोक्ताओं को निरंतर गुणवत्ता और पोषण प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। कंपनी ने कहा कि टाटा साल्ट उच्च स्तर की शुद्धता और हर पैक में पर्याप्त आयोडीन की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़े आंतरिक गुणवत्ता बेंचमार्क के साथ-साथ नियामक मानकों के तहत अपने उत्पादों का कठोर परीक्षण करना जारी रखता है। उसने कहा कि गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रिया उपभोक्ता कल्याण और दैनिक पोषण पर उसके ध्यान को दर्शाती है। टाटा साल्ट के अनुसार, स्वतंत्र प्रयोगशाला सत्यापन ऐसी श्रेणी में उसकी विश्वसनीयता को मजबूत करता है जहां शुद्धता और पोषण मूल्य प्रमुख खरीदारी मानदंड बने हुए हैं। कंपनी ने उल्लेख किया कि जैसे-जैसे उपभोक्ता भोजन की गुणवत्ता के प्रति जागरूक हो रहे हैं, पैकेज्ड नमक खंड में विश्वसनीय उत्पाद मानकों को बनाए रखना एक महत्वपूर्ण विभेदक बन गया है।

# वीकेएसयू में स्नातकोत्तर की 5,900 सीटों पर नामांकन शुरू, आवेदन में त्रुटि सुधार का भी अवसर

आरा। वीकेएसयू ने स्नातकोत्तर (पीजी) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2026-28 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों की कुल 5,900 सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 6 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहली और दूसरी मेधा सूची में चयन से वंचित रह गए अभ्यर्थियों को राहत देते हुए आवेदन पत्र में हुई त्रुटियों को सुधारने का अवसर भी दिया है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित पीजी विभागों में विभिन्न विषयों की 1,639 सीटों पर नामांकन होगा, जबकि दो प्रमुख अंगीभूत कॉलेजों में लगभग 4,000 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जूलॉजी, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, लोक प्रशासन, इतिहास, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, संगीत, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भोजपुरी तथा कॉमर्स सहित कुल 22 विषयों में पीजी की पढ़ाई संचालित होती है। नामांकन के लिए सर्वाधिक आवेदन इतिहास, रसायनशास्त्र, जूलॉजी, वनस्पति विज्ञान तथा गणित विषयों में प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय परिसर के अतिरिक्त एचडी जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, एसबी कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, एसपी जैन कॉलेज, जगजीवन कॉलेज सहित अन्य अंगीभूत कॉलेजों में भी विभिन्न विषयों में पीजी की पढ़ाई होती है। कुछ कॉलेजों में विषयवार सीटों की संख्या सीमित होने के कारण प्रतिस्पर्धा अधिक रहने की संभावना है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी, शैक्षणिक विवरण अथवा अपलोड किए गए दस्तावेजों में कोई त्रुटि रह गई है, वे निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं। इसके साथ ही कॉलेज वरीयता (कॉलेज प्रेफरेंस) में भी आवश्यक बदलाव करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्देश दिया है कि संशोधन करने के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र को ह्यसेव एंड लॉकह्न करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी ऐसा नहीं करते हैं, तो किए गए संशोधन मान्य नहीं होंगे। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अंतिम रूप से आवेदन लॉक करने से पहले सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच करने की अपील की है, क्योंकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी प्रकार का अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा।छात्र कल्याण विभाग के अनुसार यह व्यवस्था विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों के हित में की गई है, जो पहली और दूसरी मेधा सूची में स्थान नहीं बना सके थे या आवेदन के दौरान तकनीकी अथवा अन्य त्रुटियों के कारण परेशानी का सामना कर रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गया नगर निगम की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, स्टोर से नहीं निकलीं कचरा उठाव गाड़ियां

गया जी। राज्यव्यापी आह्वान के तहत गया नगर निगम के सफाई कर्मियों और कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। सुबह से ही बड़ी संख्या में कर्मचारी नगर निगम स्टोर के मुख्य गेट पर एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया है। हड़ताल के कारण निगम स्टोर से कचरा उठाने वाली एक भी गाड़ी नहीं निकली, जिससे पूरे शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही है।दो दिनों से कचरे का उठाव नहीं होने के कारण शहर के विभिन्न वार्डों, मुख्य सड़कों, बाजारों और आवासीय इलाकों में कचरे का ढेर लग गया है। जगह-जगह फैले कचरे से दुर्गंध फैलने लगी है और लोगों को आवागमन के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि वे राज्यस्तरीय निर्देश के तहत आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में ठेका प्रथा समाप्त कर सेवा स्थायी करना, नियमित वेतनमान, लंबित सुविधाओं का भुगतान तथा अन्य कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों का समाधान शामिल है। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### सावन की हरियाली में विश्व स्तनपान सप्ताहः पौधारोपण से दिया स्वस्थ माँ, स्वस्थ शिशु और सुरक्षित भविष्य का संदेश

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ह्लसावन में पौधारोपणः एक स्वस्थ पर्यावरण, एक स्वस्थ माँ, एक स्वस्थ शिशु, एक सुरक्षित भविष्यह्व विषय पर जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की थीम जीवन की एक टिकाऊ (सतत) शुरूआत के लिए स्तनपानः जो कारगर है उसे मजबूत करें। अर्थात जीवन की सतत एवं स्वस्थ शुरूआत के लिए स्तनपानः जो प्रभावी है, उसे और सशक्त बनाएँ से जोड़ते हुए मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के महत्व पर बल दिया गया है।कार्यशाला में दक्षिण बिहार के युवा शक्ति प्रमुख प्रिंस कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए हैं। उन्होंने छात्राओं को ह्लवेस्ट से बेस्टह्व की अवधारणा के अंतर्गत घरेलू अपशिष्ट एवं अनुपयोगी पदार्थों से उपयोगी वस्तुएँ तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने वेस्ट सामग्री से फिनाइल, प्लास्टिक के कचरे से ईको-ब्रिक तथा घर में उपलब्ध विभिन्न अनुपयोगी सामग्रियों से अन्य उपयोगी वस्तुएँ तैयार करने की विधियाँ समझाई। इसके साथ ही कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया है।इस कार्यशाला का विशेष आकर्षण ह्लपर्यावरण तालीह्व रही, जिसे श्री प्रिंस कुमार ने छात्राओं को सिखाया है। इसके माध्यम से स्वच्छता, पौधारोपण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी का संदेश सरल और सहभागितापूर्ण तरीके से दिया गया है।इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आज की युवतियों, जो भविष्य की माताएँ हैं, के स्वास्थ्य से विशेष रूप से जोड़ा गया है। बताया गया कि स्वस्थ मातृत्व एवं स्वस्थ शिशु के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ शुद्ध वायु, स्वच्छ जल, स्वच्छ परिवेश और प्रदूषण-मुक्त वातावरण भी अत्यंत आवश्यक हैं। पर्यावरण की गुणवत्ता का प्रभाव वर्तमान पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को पौधे प्रदान किए गए, जिन्हें वे अपने घरों में लगाकर उनकी देखभाल करेंगी। इस पहल के माध्यम से छात्राओं को स्वयं पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया है। कार्यशाला ने स्तनपान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पौधारोपण और घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन को एक साझा उद्देश्य से जोड़ते हुए यह संदेश दिया कि स्वस्थ एवं सुरक्षित भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए स्वस्थ पर्यावरण आवश्यक है। कार्यक्रम स्वस्थ पर्यावरणस्वस्थ माँस्वस्थ शिशुसुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ संपन्न हुआ है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के तीसरे दिन योग एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

गया। गया महाविद्यालय, गया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) के विशेष शिविर के तीसरे दिन विभिन्न जागरूकता एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल योग शिविर से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों को योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई है। वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकेश कुमार जी ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# जलापूर्ति में लापरवाही पर जिला पदाधिकारी की सख्ती

## जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर एवं स्पष्टीकरण के निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



गया। गया शहर में आम नागरिकों को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिला पदाधिकारी, गया श्री शशांक शुभंकर ने आज समाहरणालय सभागार में गया नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में नगर आयुक्त, गया नगर निगम, बुडको के परियोजना निदेशक, उप परियोजना निदेशक तथा निगम एवं बुडको के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

इस बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना पूर्व सूचना के किसी भी परिस्थिति में शहर के किसी भी क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने बताया कि पिछले दो दिनों से पुलिस लाइन सिंगरा स्थान जलापूर्ति केंद्र पर मोटर का संचालन नहीं किए जाने के कारण जलमीनार में पानी नहीं भर सका, जिससे एपी कॉलोनी सहित आसपास के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति पूरी तरह प्रभावित हुई। इस कारण हजारों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा है।

इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने बुडको के परियोजना निदेशक से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही नगर आयुक्त, गया नगर निगम को निर्देश दिया कि बुडको के उप परियोजना निदेशक श्री नील कुमार एवं संबंधित जलापूर्ति पंप ऑपरेटर के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जाए। इसके अतिरिक्त उक्त जलापूर्ति केंद्र की निगरानी के लिए गया नगर निगम की ओर से नामित एरिया इंचार्ज सह निगम पदाधिकारी श्री शुभम कुमार से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रत्येक जलापूर्ति केंद्र की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या बाधा आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश किसी क्षेत्र में जलापूर्ति अस्थायी रूप से बंद करनी पड़े, तो इसकी पूर्व सूचना संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

इस बैठक में जिला पदाधिकारी ने दोहराया कि गया शहर में निर्बाध एवं नियमित जलापूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जलापूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय स्थापित करते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु बनाए रखने तथा आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# नगर आयुक्त ने किया पितृपक्ष मेला को ले विभिन्न विकास एवं सफाई कार्यों का निरीक्षण

## शीघ्र कार्रवाई का दिया गया आश्वासन

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।गया नगर निगम के नगर आयुक्त डॉ. गगन एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का पितृपक्ष मेल को देखते हुए संयुक्त निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान टेकारी रोड स्थित नाले की समुचित सफाई, नई कलवर्ट एवं नाला निर्माण, के.पी. रोड पर शेष बचे डिवाइडर को हटाने, किरानी घाट पुल के समीप बने बड़े गड्ढे को तत्काल भरने तथा पुल के सामने स्थित जर्जर एवं खंडहरनुमा दुकानों को हटाकर वहां पार्किंग स्थल विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई है।

इस निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. गगन ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनहित से जुड़े इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा, बेहतर यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं शहरी सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से संपन्न किए जाएंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह डीएम, गया द्वारा गठित सफाई कोषांग के सदस्य विकास कुमार, स्वास्थ्य कोषांग के सदस्य जितेंद्र कुमार, भाजपा नेता ऋषि लोहानी, मनीष कुमार सोनू, राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।

इस निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने नगर आयुक्त का ध्यान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया तथा जनहित में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की। नगर निगम प्रशासन ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक पहल करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विधान सभा अध्यक्ष ने रेड क्रॉस परिसर में दंत चिकित्सा सेवा का शुभारंभ किया

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी। रेड क्रॉस परिसर में दंत चिकित्सा सेवा का शुभारंभ बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया है।

आज का दिन रेड क्रॉस, गया के लिए ऐतिहासिक है। विभिन्न सेवाओं में दंत चिकित्सा सेवा के रूप में नया अध्याय जुड़ गया है। चेयरमैन उपेंद्र नारायण सिंह के दिशा निर्देश में सारी व्यवस्था की गई है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन डॉ. राम सरेख सिंह ने किया है। उन्होंने सभी आगंतुकों का स्वागत किया है। प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. कौशलेन्द्र प्रताप ने रेड क्रॉस द्वारा वर्तमान में प्रदान किए जाने वाली सेवाओं को विस्तार से बताया है। नियमित टीकाकरण, फिजियोथेरेपी, पैथोलॉजी, टी. बी. उन्मूलन कार्यक्रम, एम्बुलेंस सेवा, मुक्ति रथ, शव वाहन, कल्याण भवन, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार, एवं ब्लड सेंटर के अतिरिक्त अब दंत चिकित्सा के अंतर्गत विभिन्न सेवाएं भी बाजार दर से काफी कम शुल्क पर उपलब्ध होगी। दंत चिकित्सक डॉ. तृषा कुमारी प्रति दिन 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विभिन्न सेवाएं प्रदान करेंगी। मुख्य अतिथि एवं उद्घाटन कर्ता के रूप में संबोधित करते हुए बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नई सेवा प्रारंभ करने पर रेड क्रॉस परिवार को बधाई और शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो विश्व भर में हर तरह की आपदा, दुर्घटना, चिकित्सा सेवा सहित मानव सेवा के अनेक कार्यों को जन - जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। गया में भी काफी दिनों से सभी लोगों के सहयोग से विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने समस्त क्रिया कलापों पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और आह्वान किया कि स्वास्थ्य जाँच और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सेवाओं को और अधिक विस्तार दिया जाए ताकि इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर रहे लोगों तक सुलभ रूप से पहुंच सके।इस कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ. तनवीर उस्मानी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. कौशलेन्द्र प्रताप ने किया है।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह, प्रबंधन समिति के सदस्य, बिपेंद्र अग्रवाल, अमरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा, डॉ. अंबुज कुमार, डॉ. राम नरेंद्र प्रसाद, डॉ. आदित्य तिवारी, डॉ. इकबाल, डॉ. जेड. एच. खान सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया (सनराइज) द्वारा दंत स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




गया। समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय इनर व्हील क्लब ऑफ गया (सनराइज) द्वारा शंकर बालिका प्राथमिक विद्यालय, दुर्गा स्थान, न्यू गोदाम, गया में दंत स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया है।शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. सुनीता एवं डॉ. मानसी राजपूत ने छात्राओं के दांतों का निःशुल्क परीक्षण किया तथा उन्हें दांतों की नियमित सफाई, सही ब्रश करने की तकनीक एवं मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी छात्राओं को दवाइयाँ, डेंटल ऑइंटमेंट, मेडिकेटेड टूथपेस्ट एवं माउथवॉश का निःशुल्क वितरण भी किया गया है।इस क्लब की अध्यक्षा मधु प्रिया ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लस्वस्थ मुस्कान, स्वस्थ जीवन की पहचान हैह्व उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन दो बार ब्रश करने एवं नियमित दंत परीक्षण कराने का आग्रह किया है। सचिव श्रीमती स्नेहा शाही ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ उन्हें जीवनभर अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस सेवा कार्य में क्लब की सदस्य डॉ. सादिया सूरी, दीपाली, अम्बरीन, वंदना तथा शाज़िया ने सक्रिय सहभागिता निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इनर व्हील क्लब विद्यालय की शिक्षिकाओं रचना एवं इंदु का विशेष आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग से छात्राओं के साथ प्रभावी संवाद स्थापित हुआ तथा दंत स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सफलतापूर्वक साझा की जा सकी।

इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा, सचिव एवं सभी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया है।

# बाबा बैद्यनाथ धाम की महिमा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, यहां जलाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त होना भगवान शिव की विशेष कृपा का प्रतीक है: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।पावन श्रावण मास के तृतीय दिन देवों की नगरी देवघर स्थित विश्वविख्यात बाबा बैद्यनाथ धाम में पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चना किया गया। एबं बाबा बैद्यनाथ के चरणों में श्रद्धापूर्वक शीश नवाकर देश, प्रदेश एवं समाज के सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की तथा भगवान भोलेनाथ से सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाए रखने का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूजा अर्चना के बाद भाजपा के बरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम की महिमा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां जलाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त होना भगवान शिव की विशेष कृपा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की गई है कि वे देशवासियों को उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति, समृद्धि एवं निरंतर प्रगति का आशीर्वाद प्रदान करें।

साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना सदैव बना रहे बाबा बैद्यनाथ से राष्ट्र की उन्नति, किसानों की खुशहाली, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, समाज में सुख-शांति तथा विश्व कल्याण की कामना करते हुए सभी के लिए मंगलमय जीवन का आशीर्वाद मांगा गया है। अभिषेक करने वालों में प्रमोद कुमार मंटू कुमार बबलू गुप्ता।

# मुंशी प्रेमचंद की 147वीं जयंती के अवसर पर सावित्री महाजन सभागार में एक विशेष व्याख्यान का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



बोधगया।गौतम बुद्ध महिला कॉलेज, गया के हिन्दी विभाग द्वारा मुंशी प्रेमचंद की 147वीं जयंती के अवसर पर सावित्री महाजन सभागार में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ है।

जगजीवन कॉलेज के हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रदीप कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे हैं। अपने ओजस्वी वक्तव्य में उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चेतना के बिना सामाजिक न्याय की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। प्रेमचंद आज इतने प्रासंगिक हो गए हैं कि उनके बिना साहित्य की समझ अधूरी है। उन्होंने स्थानीयता के गहरे अचूक रंग बिखेरे। उनकी लेखनी में समाज की ऐसी विविधता समाई है कि उससे निकला हरेक पात्र अमर हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने आमजन को साहित्य का ह्यकहृ ह्यखहृ ह्यगहृ लिखना सिखाया है। अपने व्याख्यान के अंतिम हिस्से में डॉ. प्रदीप ने प्रेमचंद की दो बैलों की आत्मकथाहृ, सद्गति, ह्यकफनहृ आदि कहानियों का रंगमंचीय पाठ किया है। यह इतना प्रभावी बन पड़ा कि उपस्थित श्रोता मंत्र- मुग्ध हो गए।

प्राचार्या डॉ. सीमा पटेल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रेमचंद ने सामंतवाद के युग के ग्रामीण जीवन की त्रासदी को बखूबी रूपायित किया है। इस कार्यक्रम के दौरान हिन्दी विभाग की डॉ. सुरबाला कृष्णा ने प्रेमचंद की रचनायात्रा का वर्णन किया, वहीं विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्यारे माँझी ने उन्हें कठिन समय का रचनाकार बताया है। डॉ. सुनीता कुमारी ने ह्यरंगभूमिहृ उपन्यास के अंश का जिक्र करते हुए जीवन को एक खेल बताया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपनी प्रस्तुतियाँ दीं है। सेमेस्टर तृतीय हिन्दी मेजर की छात्रा सुहानी, सातवीं सेमेस्टर की मानसी, प्रथम सेमेस्टर की खुश्बू (कबीर के दोहे), तथा वनस्पति विज्ञान की डॉली, अंजलि एवं काजल ने काव्य पाठ किया। अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका प्रो अफसा नाहिद ने प्रेमचंद को एक विचार धारा बताया है।

इस अवसर पर कॉलेज के बर्सर प्रो. सहदेव बाउरी, प्रो. शगुफ्ता अंसारी, डॉ. अफसा सुरैया, डॉ. बनिता, डॉ. रुक्सराना प्रवीण, डॉ. जया चौधरी, डॉ. कृति सिंह आनंद, डॉ. अनामिका, डॉ. अमृता घोष, डॉ. पूजा, डॉ. पूजा राय, प्रीति शेखर, डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ. वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ. दीपिका, डॉ. सपना पांडेय, डॉ. सूचि सिन्हा, डॉ. सबाना, डॉ. विजेता, डॉ. फातिमा, डॉ. प्रमिला कुमारी, डॉ. रानी, डॉ. गणेश प्रसाद सहित विभिन्न विभागों की सैकड़ों छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# नव पदस्थापित सीडीपीओ का आंगनबाड़ी संघ ने किया स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी। गया सदर परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को नव पदस्थापित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) आभा कुमारी का आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की ओर से स्वागत किया गया। संघ की प्रखंड मंत्री एवं सह मीडिया प्रभारी मधु कुमारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संघ की पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि नई सीडीपीओ के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाएगा। सीडीपीओ आभा कुमारी ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं से समन्वय बनाकर कार्य करने और बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

स्वागत कार्यक्रम में संगठन की कोषाध्यक्ष सुमन कुमारी, मुख्य संरक्षक सुनीता रानी, उपाध्यक्ष मधु देवी के अलावा तारा देवी, मेघा कुमारी, रीना कुमारी, मीना कुमारी सहित संघ की कई सदस्य उपस्थित रहीं।

# मित्रता जीवन की सबसे अनमोल निधि है, यही वह शक्ति है जो हमें प्रेम विश्वास और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है: मधु प्रिया

प्रात: किरण संवाददाता

गया,इनर व्हील क्लब ऑफ गया (सनराइज) द्वारा मित्रता दिवस के अवसर पर बोधगया स्थित इम्पीरियल होटल में एक भव्य फेलोशिप समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्लब की सदस्याओं के बीच मित्रता, एकता, आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था।

इस कार्यक्रम की शुरूआत सभी सदस्याओं द्वारा एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर की गई है। यह भावपूर्ण पहल प्रेम, सम्मान और आजीवन मित्रता का प्रतीक बनी। इसके बाद विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ, जिनमें सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। सामूहिक नृत्य, हंसी-खुशी और आत्मीय माहौल ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट फेलोशिप लंच का आनंद लेते हुए आपसी संवाद और सौहार्द को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा मधु प्रिया ने कहा, ह्लमित्रता जीवन की सबसे अनमोल निधि है। यही वह शक्ति है जो हमें प्रेम, विश्वास और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इनर व्हील का आधार मित्रता है और इसी भावना के साथ हम समाज सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

क्लब की सचिव स्नेहा शाही ने कहा, ह्लमित्रता वह बंधन है जो दिलों को जोड़ता है और सेवा की भावना को मजबूत करता है। ऐसे आयोजन सदस्यों के बीच आत्मीयता बढ़ाने के साथ-साथ समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को भी और अधिक सशक्त बनाते हैं।

इस कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। सभी ने मित्रता, एकता और सेवा के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया है। यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा तथा सभी सदस्य अविस्मरणीय स्मृतियों के साथ लौटे।

# अतिथि देवो भव: की भावना से पितृपक्ष मेला महासंगम 2026 को विश्वस्तरीय बनाने हेतु 09 सूत्रीय सुझाव सौंपे गए

प्रात: किरण संवाददाता

गयाजीः बिहार बुनकर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल प्रसाद पटवा ने आज जिला पदाधिकारी, गया (भा.प्र.से.) से शिष्टाचार भेंट कर पितृपक्ष मेला महासंगम 2026 को सुगम, स्वच्छ, सुरक्षित एवं श्रद्धालु अनुकूल बनाने हेतु 09 सूत्रीय सुझाव पत्र सौंपा है। पटवा ने कहा कि पितृपक्ष मेला केवल गया का नहीं, बल्कि सनातन आस्था का राष्ट्रीय महासंगम है। देश-विदेश से आने वाले हर पिंडदानी के लिए ह्लअतिथि देवो भवःह्व और ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ह्व की संस्कृति को जीवंत करना हमारा संकल्प होना चाहिए।दिए गए 09 प्रमुख सुझावः1. जियो फेंसिंग सुरक्षा घेराः काशी विश्वनाथ, वाराणसी के सावन मॉडल की तर्ज पर विष्णुपद मंदिर, फल्गु घाट, सीताकुंड, अक्षयवट, रामशिला को उउळश व जियो फेंसिंग से लैस किया जाए।2. सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध एवं थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई।3. सीताकुंड मार्ग पर छाया सेड, कारपेट व जल छिड़काव ताकि नंगे पैर श्रद्धालुओं को राहत मिले।4 शीतल विश्राम स्थल - शीतल जल, पंखा व बैठने की व्यवस्था।

5. शौचालयों हेतु पर्याप्त साइनेज* ताकि तीर्थयात्रियों को भटकना न पड़े।

6. सीताकुंड से मंदिर तक वीआईपी वाहनों का पूर्ण प्रतिबंध*।

7. सुधा डेयरी का अस्थाई बिक्री केंद्र।8. स्थानीय बुनकरों को उचित मूल्य स्टॉल आवंटन - धोती, साड़ी, गमछा, गंजी आदि।9. सुसज्जित काउंटर व पर्याप्त व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर की व्यवस्था।इस बैठक के दौरान पटवा ने पीडब्ल्यूडी की सड़कों का कालीकरण,पिचिंग कराने का भी अनुरोध किया।जिला पदाधिकारी ने सभी सुझावों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि इन सुझावों को यथासंभव पितृपक्ष मेला 2026 में लागू करने पर गंभीरता पूर्वक विमर्श होगा।

# टिकारी की नन्ही प्रतिभा वाणीकांत ने रचा इतिहास 195 देशों के झंडों की पहचान कर बनाया रिकॉर्ड

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया जिले के टिकारी अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत उतरेन के रहने वाले नन्हे प्रतिभाशाली बालक वाणीकांत, पिता रविकांत पांडेय ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे टिकारी और गया जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

वाणीकांत ने बेहद कम उम्र में दुनिया के 195 देशों के राष्ट्रीय झंडों को पहचानने और उनका नाम तुरंत बताने की अद्भुत क्षमता विकसित की है। खास बात यह है कि वह झंडे को देखते ही बहुत कम समय में संबंधित देश का नाम बता देते हैं। उनकी इसी असाधारण प्रतिभा को देखते हुए उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

### कम उम्र में बड़ी उपलब्धि

वाणीकांत की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि इतनी कम उम्र में 195 देशों के झंडों को याद रखना और उन्हें सही-सही पहचानना सामान्य बात नहीं है। इसके पीछे उनकी याददाश्त, सीखने की क्षमता, निरंतर अभ्यास और परिवार का प्रोत्साहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से प्राप्त प्रमाण-पत्र ने उनकी इस उपलब्धि को एक आधिकारिक पहचान दी है। वाणीकांत के रिकॉर्ड बनाने की खबर जैसे ही परिजनों और ग्रामीणों तक



पहुंची, लोगों में खुशी का माहौल बन गया।

टिकारी के ग्राम पंचायत उतरेन जैसे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले वाणीकांत ने यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। यदि बच्चों को सही दिशा, उचित माहौल और परिवार का सहयोग मिले तो वे छोटी उम्र में ही बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।वाणीकांत की उपलब्धि से उनके माता-पिता रविकांत पांडेय सहित परिवार के सदस्यों में खासा उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि वाणीकांत ने अपने गांव और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है और आने वाले समय में वह इससे भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होने के बाद वाणीकांत का लक्ष्य अब और बड़ा है। परिवार के अनुसार, वह आगे एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उनका लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड बनाने का भी है।वाणीकांत की यह कहानी उन तमाम बच्चों के लिए प्रेरणादायक है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, रविवार, 02 अगस्त, 2026


# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

■ **विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा**

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद-सह-अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने की। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन एवं वर्तमान प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में जन-जन स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, कृषि एवं किसान कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अल्पसंख्यक कल्याण, खेलो इंडिया सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही सिठी विद्यालय के समीप खेल मैदान का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-4) के अंतर्गत अधिक से अधिक योजनाएं शामिल करने तथा रिक्त पदों के विरुद्ध शत-प्रतिशत डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध हो, प्रत्येक प्रखंड में नियमित रूप से आत्मा की बैठकें आयोजित हों, उदयपुर एवं लौरिया नंदनगढ़ के समीप सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाए तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध वसूली पर प्रभावी रोक लगाई जाए।

बैठक के दौरान नल-जल योजनाओं के अनियमित संचालन की शिकायतों पर सांसद डॉ. जायसवाल ने सभी विधायकों से दो-दो पंचायतों के नाम उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन पंचायतों में पीएचईडी द्वारा संचालित नल-जल योजनाओं की गहन जांच कराई जाएगी और गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सांसद, विधायक, विधान पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों की तरफ माननीय अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया। अध्यक्ष ने समुचित कार्रवाई करने हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया गया कि उनके द्वारा दिये गए निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में सांसद सुनील कुमार, विधायक रेणु देवी, विधायक नन्दकिशोर राम, राम सिंह, संजय पाण्डेय, विनय बिहारी, नारायण प्रसाद, अभिषेक रंजन, विधान पार्षद वीरेन्द्र नारायण यादव एवं सौरभ कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह, उप विकास आयुक्त वैभव नितिन, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता भी बैठक में मौजूद रहे।

# 30-50 रुपये में घर-घर पहुँचेगी बकरियों की स्वास्थ्य सेवा: प्रशिक्षित 'पशु सखियाँ' बदलेंगी ग्रामीण पशुपालन की तस्वीर

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। ग्रामीण क्षेत्रों में अब बकरी पालकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए पशु चिकित्सालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रशिक्षित ह्यपशु सखियाँह्ण अब बेहद मामूली शुल्क पर उनके घर पहुँचकर बकरियों की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराएँगी। यह पहल न केवल पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और उत्पादकता को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका का नया माध्यम भी बनेगी। इसी उद्देश्य से जीविका, पश्चिम चम्पारण के तत्वावधान में ह्यबकरी स्वास्थ्य एवं प्रबंधनह्ण विषय पर पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन होटल नील गगे, बेतिया में किया गया। प्रशिक्षण में लौरिया, बगहा-2, मैनाटांड़, गौनाहा, चनपटिया, नौतन और रामनगर प्रखंडों से आई जीविका की पशु सखियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक बकरी पालन की तकनीकों से अवगत कराया गया। इसमें पंचसूत्र आधारित बकरी पालन, संतुलित पोषण, चारा प्रबंधन, बेहतर आवास व्यवस्था, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य देखभाल, वैज्ञानिक विधि से बधियाकरण तथा कृमिनाशक दवाओं के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

जीविका एवं आगा खान फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित प्रत्येक पशु सखी अपने क्षेत्र के लगभग 120 बकरी पालक परिवारों को मात्र 30 से 50 रुपये के नाममात्र शुल्क पर उनके घर जाकर प्राथमिक पशु स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराती है। इससे ग्रामीण पशुपालकों को समय पर उपचार मिलने के साथ पशुओं की मृत्यु दर में कमी, उत्पादन में वृद्धि तथा पशुपालन से होने वाली आय में सुधार की उम्मीद है। साथ ही यह मॉडल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीविका के प्रभारी पशुधन प्रबंधक सह युवा पेशेवर अमन तिवारी, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ राहुल कुमार रंजन तथा आगा खान फाउंडेशन के डॉ. अंकित यादव ने विशेषज्ञ प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभागियों को बकरी पालन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पूर्व से प्रशिक्षित पशु सखी मुन्नी देवी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपने क्षेत्र में बकरियों का प्राथमिक उपचार कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 5,000 रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल उनकी आय का साधन ही नहीं, बल्कि गाँव के पशुपालकों के लिए एक भरोसेमंद सेवा भी बन गया है। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को उन्नत बकरी पालन से संबंधित तकनीकी पुस्तकों का वितरण किया गया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रशिक्षित पशु सखियों को अपने-अपने गाँवों में विशेष अभियान चलाकर 300 से 500 बकरियों को कृमिनाशक दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया, ताकि पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर हो, रोगों की रोकथाम हो सके तथा बकरी पालन को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल से शराब पीकर लौटे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बगहा। स्थानीय थाना पुलिस ने शराब के नशे में थाना के सामने हो-हल्ला और हंगामा करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान धीरज कुमार, पिता छोटेलाल यादव, निवासी ग्राम भेड़ियारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कांड संख्या 117/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि धीरज कुमार नेपाल से शराब का सेवन कर लौट रहा था। थाना के समीप पहुंचने के बाद उसने नशे की हालत में शोर-शराबा और हो-हल्ला करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बिहार में लागू मद्यनिषेध कानून एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार युवक को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### नेपाल में प्रदर्शन के दौरान 26 लोग हिरासत में, सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

बगहा । नेपाल के विभिन्न हिस्सों में जारी प्रदर्शन और विरोध कार्यक्रमों के दौरान नेपाल पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करते हुए 26 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार हिरासत में लिए गए लोगों पर सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने तथा सुरक्षा बलों के निर्देशों की अनदेखी करने का आरोप है। नेपाल पुलिस ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में शांति और सामाजिक सद्भाव बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।

### नेपाल में सद्भावना रैलियों का सिलसिला तेज, कई शहरों में हजारों लोग सड़कों पर उतरे

बगहा। नेपाल में हाल के दिनों में बढ़ते सामाजिक तनाव और असहिष्णुता के माहौल के बीच देशभर में सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के समर्थन में रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को चितवन में निकली विशाल सद्भावना रैली में हजारों लोगों ने भाग लेकर शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। रैली में शामिल लोगों ने हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई, हम सभी दाजुभाइ, हिमाल, पहाड़, तराई झ्र कोई नहीं पराया,जैसे नारे लगाए। प्रतिभागियों ने कहा कि नेपाल की पहचान उसकी धार्मिक सहिष्णुता, सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता रही है, जिसे हर हाल में बनाए रखना जरूरी है। चितवन के अलावा बुटवल, इटहरी, सिरहा,नवल परासी तथा अन्य कई श हरों में भी नागरिक, सामाजिक संगठन, युवाओं और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि सड़कों पर उतरे। इन रैलियों के माध्यम से लोगों ने किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक नफरत, हिंसा और सामाजिक विभाजन का विरोध करते हुए शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। रैलियों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। आयोजकों ने कहा कि देश की एकता और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को मिलकर काम करना होगा तथा अफवाहों से बचते हुए आपसी विश्वास और भाईचारे को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# दो दिन में दो मौतें, रिहायशी इलाकों में बाघ की दस्तक से बढ़ा खौफ

■ **वीटीआर से सटे गांवों में दहशत, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील**

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। नसीमवाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) से सटे वनवर्ती क्षेत्रों में बाघों की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों में बाघ के हमले में दो लोगों की मौत के बाद जंगल से सटे गांवों में दहशत का माहौल है।

खेतों में काम करने, मवेशी चराने और जंगल किनारे आने-जाने से लोग डरने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब खेती-किसानी भी जोखिम भरा काम बन गई है। इधर, वन विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही हैं और बाघों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। बतादें,पहली घटना शुक्रवार को नौरंगिया थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया रेता गांव में हुई। यहां 45 वर्षीय उमरावती देवी धान के खेत में सोहनी कर रही थीं। इसी दौरान पास के गन्ने के खेत से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बाघ महिला को गर्दन से दबोचकर खेत की ओर खींच ले गया। आसपास मौजूद मजदूरों ने शोर मचाते हुए लाठी-डंडे लेकर दौड़ लगाई, जिसके बाद बाघ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हालांकि तब तक महिला की मौत हो चुकी थी।दूसरी घटना गुरुवार को वाल्मीकिनगर के हाथीमहल खाता के समीप हुई थी। यहां मवेशी चरा रहे अकलू यादव पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गोरखपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग ने सर्च अभियान चलाकर घायल बाघ को बरामद किया और उसका उपचार कराया, लेकिन उसकी भी मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार बाघ काफी बूढ़ा और कमजोर था।

# बाघ हमले में मृत दोनों परिवारों को मिलेगा 10-10 लाख रुपये मुआवजा: रेंजर



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) क्षेत्र में बाघ के हमले में जान गंवाने वाले दोनों मृतकों के परिजनों को वन विभाग की ओर से 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के रेंजर सत्यम कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मृतक परिवारों को तत्काल राहत के रूप में 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है। ज्ञात हो कि हाल ही में वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के बिसहा गांव में बकरी चराने के दौरान एक व्यक्ति की बाघ के हमले में मौत हो गई थी। वहीं नौरंगिया थाना क्षेत्र के रेता गांव में धान के खेत में काम कर रही एक महिला पर बाघ ने हमला कर दिया था, जिससे उनकी भी मौत हो गई थी। इन दोनों घटनाओं के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। रेंजर सत्यम कुमार ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि मुआवजा से संबंधित सभी आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि जल्द उनके खाते में उपलब्ध करा दी जाएगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल और गन्ने के खेतों के आसपास अकेले न जाएं तथा किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत विभाग को सूचना दें। विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और गश्त भी बढ़ा दी है ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोका जा सके।

# दैनिक वेतन बढ़ाने की मांग पर सफाई कर्मियों की हड़ताल, नगर की सफाई व्यवस्था ठप

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। दैनिक वेतन बढ़ाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर बगहा नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने शनिवार को हड़ताल कर दी। हड़ताल के कारण नगर परिषद के सभी 25 वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही और कई स्थानों पर कचरे का उठाव नहीं हो सका। इसके बाद सफाई कर्मियों ने अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। धरने पर बैठे सफाई कर्मियों ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से नगर परिषद में कार्यरत हैं, लेकिन आज भी उन्हें मात्र 350 रुपये प्रतिदिन की दर से मजदूरी मिल रही है। उनका आरोप है कि बारिश या रविवार के दिन भी उनकी मजदूरी काट ली जाती है और भुगतान भी समय पर नहीं किया जाता। उनका कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच इतनी कम मजदूरी में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है। सफाई कर्मी पूनिया देवी, धर्मेंद्र कुमार, प्रभु कुमार समेत अन्य कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें न्यूनतम 15 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए तथा मजदूरी का नियमित और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक सफाई कार्य बंद रहेगा। इधर, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने कहा कि सफाई कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही भुगतान किया जा रहा है।

# प्रेम संबंध में महिला कर्मी की हत्या करने वाले स्वाभिमान बटालियन के मुंशी को उम्रकैद

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। पश्चिम चंपारण के बगहा व्यवहार न्यायालय ने स्वाभिमान बटालियन में कार्यरत महिला कर्मी पूजा देवी की हत्या के मामले में दोषी अजय सिंह उर्फ कृष्णा कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-चतुर्थ मानवेंद्र मिश्रा की अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुमार्ना अदा नहीं करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।अभियोजन के अनुसार अजय सिंह स्वाभिमान बटालियन, वाल्मीकिनगर में मुंशी के पद पर कार्यरत था, जबकि पूजा देवी वहीं भोजन बनाने का कार्य करती थीं। दोनों की पहचान कार्यस्थल पर हुई थी। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत मोबाइल टावर लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य तथा गवाहों के बयानों से यह साबित हुआ कि घटना से पहले दोनों को एक साथ देखा गया था। अगले दिन पूजा देवी का शव पानी में बरामद हुआ।न्यायालय ने पोस्टमार्टम एवं फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर माना कि पूजा देवी की मौत डूबने से नहीं हुई थी। रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि हत्या के बाद शव को नहर में फेंककर इसे डूबने से हुई मौत का रूप देने का प्रयास किया गया। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि घटना की रात आरोपी को गीले और कीचड़ से सने कपड़ों में देखा गया था तथा मृतका का मोबाइल फोन भी उसके कब्जे से बरामद हुआ था। इन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभियोजन के आरोपों को संदेह से परे सिद्ध माना।

# खत्म हुई तलाश, पंडई नदी किनारे मिला कंकाल

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। एहसान अली उर्फ रेहान की तलाश शुक्रवार को उस समय समाप्त हो गई, जब साठी थाना क्षेत्र के सोमगढ़ गांव के तेलीयाबारी स्थित पंडई नदी किनारे उसका कंकाल बरामद हुआ। मृतक की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी ढाला खैरवा टोला निवासी जुल्फकर मियां के पुत्र एहसान अली उर्फ रेहान के रूप में हुई। परिजनों ने कपड़ों और अन्य पहचान के आधार पर उसकी शिनाख्त की। घटना की पुष्टि होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, 16 जुलाई को रेहान अपने साथियों के साथ खैरवा स्थित पंडई नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद स्थानीय गोताखोरों तथा प्रशासन की टीम ने कई दिनों तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। वहीं शुक्रवार को नदी किनारे एक कंकाल मिलने की सूचना पर साठी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को बुलाया, जिन्होंने कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान रेहान के रूप में की। लंबे समय तक पानी में पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह कंकाल में बदल चुका था। साठी पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रेहान की मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंच रहे हैं।

# दियारा में शीशम के पेड़ से लटका मिला 18 वर्षीय युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

■ **तीन दिनों से घर से थी लापता, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा**

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के पिपरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत सौरहा पंचायत के भिलोरवा टोला दियारा में शुक्रवार को 18 वर्षीय युवती का शव शीशम के पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पिपरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती पिछले तीन दिनों से घर से लापता थी। परिजन सामाजिक कारणों और लोकलाज के चलते थाने में सूचना दिए बिना अपने स्तर पर उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को ग्रामीणों ने दियारा क्षेत्र में एक शीशम के पेड़ से लाल रंग के दुपट्टे के सहारे युवती का शव लटका देखा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# बिना आंधी-तूफान भरभराकर गिरा विशाल पेड़, दो घर चपेट में आए, बड़ा हादसा टला

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। वाल्मीकिनगर के ऊपरी शिविर स्थित मंदिर कॉलोनी के तीन नंबर पहाड़ क्षेत्र में शनिवार सुबह एक पुराना खटलीची (स्थानीय प्रजाति) का विशाल पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हैरत की बात यह रही कि उस समय न आंधी थी और न ही तेज बारिश, फिर भी पेड़ अचानक गिर गया।

गिरा हुआ पेड़ भोला राउत और सुभाष राउत के टीन वाले घरों पर आ गिरा। घटना के समय घरों में लोग मौजूद थे, लेकिन संयोगवश सभी सुरक्षित बच गए। पेड़ गिरने से दोनों मकानों की टीन की छत क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि घर में रखा सामान भी सुरक्षित रहा। किसी प्रकार की जनहानि या अन्य बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पेड़ काफी पुराना और जर्जर हो चुका था। अचानक गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए।

लोगों का कहना है कि यदि यह घटना कुछ देर पहले या बाद में होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र के पुराने और जर्जर पेड़ों का सर्वे कर समय रहते उन्हें हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से जन-धन की हानि न हो।

# दहेज उत्पीड़न में पति व ससुर दोषी, अदालत ने सुनाई दो-दो वर्ष की सजा

■ **बगहा न्यायालय का फैसला, देवर साक्ष्य के अभाव में बरी, दोनों दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना**

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बगहा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार चतुर्वेदी की अदालत ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में पति और ससुर को दोषी करार देते हुए दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, मामले में नामजद देवर को पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण बरी कर दिया गया। अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी डॉ. अनीश कुमार ने बताया कि यह मामला बगहा महिला थाना कांड संख्या 28/24 से संबंधित है। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने महुडा, बगहा थाना क्षेत्र निवासी शांतनु सिंह (ससुर) और दीपक सिंह (पति) को दहेज प्रताड़ना से संबंधित दो अलग-अलग धाराओं में दोषी पाया। अदालत ने दोनों को दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाने के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना अदा नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार, भैरोगंज निवासी निक्की कुमारी ने अपने पति दीपक सिंह, ससुर शांतनु सिंह तथा देवर प्रभात सिंह के खिलाफ दहेज की मांग और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए बगहा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया, जिसके आधार पर मामले की सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने पति और ससुर को दोषी ठहराया। वहीं, देवर प्रभात सिंह के विरुद्ध आरोप सिद्ध नहीं होने और पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में उसे दोषमुक्त कर दिया। अदालत के फैसले के साथ मामले का न्यायिक निस्तारण हो गया।

# नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय- निर्माण में मानक गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं: गरिमा

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने पक्की पुलवारी मुहल्ले के आंगनबाड़ी केंद्र और उत्तरवारी पोखरा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के समीप स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.0) के तहत निमार्णाधीन सार्वजनिक शौचालय का शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित अभियंता और संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों, स्वीकृत प्राक्कलन तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा घटिया सामग्री का उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा।महापौर ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं राहगीरों को स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना है। इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता, मजबूती और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संवेदक को निर्देश दिया कि ब्लैक स्टोन, सोन बालू सहित सभी निर्माण सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उपयोग की जाए तथा कार्य की नियमित तकनीकी निगरानी सुनिश्चित की जाए। महापौर श्रीमती सिकारिया ने नगर निगम के साइट इंचार्ज अभियंता को भी निर्देशित किया कि निर्माण के प्रत्येक चरण की जांच कर मापी पुस्तिका के अनुसार कार्य का सत्यापन करें। कार्यस्थल पर सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित रहे तथा निर्माण की प्रगति का फोटोग्राफिक अभिलेख भी सुरक्षित रखा जाए।

# मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



मोतिहारी। मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी निधि कुमारी द्वारा मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया है कि संबंधित विभागों से आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये ताकि योजना का उद्देश्य पूरा हो सके। बैठक में सचिव उछर नितिन त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार सिंह,जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला योजना पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधन राजेंद्र कुमार पांडे सहित जिला संचालन समिति के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 02 अगस्त 2026


## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक आज, संगठनात्मक गतिविधियों पर होगी चर्चा

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर मंडल हवेली खड़गपुर की मासिक बैठक रविवार, 2 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन सामुदायिक भवन, सिंहपुर में सुबह 10 बजे होगा। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी करेंगे। नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने बताया कि बैठक में संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न मंच एवं मोर्चा के अध्यक्ष और पदाधिकारी, मातृ शक्ति, नगर मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं सह-प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा सभी पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने सभी आमंत्रित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है। बैठक को संगठन की आगामी रणनीति और कार्यक्रमों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### मानवाधिकार संगठन मुंगेर की बैठक, जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

मुंगेर। शनिवार कोअंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, जिला शाखा मुंगेर की बैठक माधव निवास, सुभाष नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शाखा के अध्यक्ष गिरिजा शंकर नलिन ने की। बैठक में संगठन द्वारा एक दिवसीय जन जागरूकता अभियान एवं आईडी कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष गिरिजा शंकर नलिन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने वार्ड में एकदिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम निर्धारित करने की सलाह दी।मानवाधिकारों की रक्षा पर दिया गया जोर इस अवसर पर जिला विधिक सलाहकार निर्भय कुमार अधिवक्ता ने कहा कि मानवाधिकारों का मुख्य कार्य व्यक्ति को सम्मान, समानता, स्वतंत्रता और न्यायपूर्ण जीवन प्रदान करना तथा उसके मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है।

बैठक में शम्मी कपूर जिला संयोजक, चंदन कुमार अधिवक्ता, संतोष कुमार पंडित अधिवक्ता, अजय कुमार, सुनील कुमार अधिवक्ता, प्रभाकर कुमार, संदीप कुमार, मोहम्मद शहजाद अली, चंदन कुमार, कालीचरण, संजीव कुमार अधिवक्ता सहित संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### उधार के 3 लाख रुपये मांगने पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप

धरहरा (मुंगेर)। धरहरा थाना क्षेत्र में उधार दिए गए रुपये वापस मांगने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धरहरा थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, धरहरा थाना क्षेत्र के ओड़ाबगीचा निवासी विक्रांत कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने 21 जनवरी 2026 को मोहनपुर निवासी सौरव कुमार सिंह को 3 लाख रुपये उधार दिए थे।

# चारदीवारी के अभाव में नए थाना भवन पर नहीं लग पा रहा ताला

## पुराने भवन से ही चल रही पुलिस व्यवस्था

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित टेटिया बंबर का अत्याधुनिक थाना भवन निर्माण पूरा होने के बावजूद अब तक पूरी तरह चालू नहीं हो सका है। वजह है परिसर की अधूरी सुरक्षा व्यवस्था। चारदीवारी का निर्माण अधूरा रहने से पुलिस प्रशासन नए भवन में शिफ्ट होने का जोखिम नहीं उठा रहा है, जिसके कारण थाना का संचालन आज भी पुराने भवन से किया जा रहा है। बताया जाता है कि थाना परिसर के पिछले हिस्से में चारदीवारी का निर्माण हो चुका है, लेकिन मुख्य प्रवेश द्वार और सामने का बड़ा हिस्सा अब भी खुला है। ऐसे में परिसर में बाहरी लोगों की आवाजाही रोकना मुश्किल हो रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि खुले परिसर में सरकारी वाहनों, जब्त वाहनों, मालखाना में रखे सामान तथा अन्य सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि 23 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान टेटिया बंबर थाना परिसर में 30 जवानों की क्षमता वाले आधुनिक बैरक और नए थाना भवन का उद्घाटन किया गया था। भवन में आधुनिक कार्यालय, रिकॉर्ड कक्ष, बैरक सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन अधूरी चारदीवारी के कारण इन सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार केहरी ने बताया कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जब तक चारदीवारी का निर्माण पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक नए भवन में थाना का नियमित संचालन शुरू करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि खुले परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना कठिन है। इधर, स्थानीय लोगों ने भी संबंधित विभाग से जल्द चारदीवारी का निर्माण पूरा कर नए थाना भवन को चालू कराने की मांग की है, ताकि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सरकारी संपत्ति का समुचित उपयोग हो सके।

# हवेली खड़गपुर में सजी एक शाम मोहम्मद रफी के नाम, सदाबहार गीतों से देर रात तक झूमे श्रोता

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। मारवाड़ी टोला स्थित प्रज्ञा मैरिज हॉल में शुक्रवार की शाम आयोजित 'एक शाम रफी के नाम' संगीतमय कार्यक्रम में सुरों की ऐसी महफिल सजी कि श्रोता देर रात तक मोहम्मद रफी के अमर गीतों के साथ झूमते रहे। शाम सात बजे से रात 11 बजे तक चले इस आयोजन में मेलोडी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने रफी साहब के एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को स्वर्णिम संगीत युग की यादों से रूबरू कराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार, खड़गपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव नीरज कुमार साह तथा आयोजक मनोज कुमार रघु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों ने महान पार्श्वगायक मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मन्ना डे, मुकेश एवं महेंद्र कपूर के तैलचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का सफल संचालन शिबू दा ने किया। संगीत संध्या के दौरान कलाकारों ने रफी साहब के कालजयी गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को सुरमयी बना दिया। खड़गपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव नीरज कुमार साह ने भी अपनी मधुर गायकी से रफी के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भरपूर सराहना की। मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन ने कहा कि मोहम्मद रफी की आवाज और उनके गीत समय की सीमाओं से परे हैं। उनके गीत हर पीढ़ी के लोगों के दिलों में आज भी समान रूप से लोकप्रिय हैं और जीवन के हर भाव को सहजता से अभिव्यक्त करते हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि रफी साहब भारतीय फिल्म संगीत के ऐसे अमर गायक हैं, जिनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने रफी साहब के संगीत को भारतीय सिनेमा की अमूल्य धरोहर बताया। आयोजक मनोज कुमार रघु ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी कलाकारों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन संगीत की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

# पूर्णिमा पांडे बनीं शेरघाटी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की नई प्राचार्य

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी ।टीचर ट्रेनिंग कॉलेज को नई प्राचार्य के रूप में पूर्णिमा पांडे का नेतृत्व मिल गया है। शुक्रवार को उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन शुरू किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कॉलेज में शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

नई प्राचार्य पूर्णिमा पांडे ने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी, अनुशासित, व्यवहारिक और शिक्षक-उपयोगी बनाना है। उन्होंने कहा कि बदलते शैक्षणिक परिवेश में प्रशिक्षु शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इसके लिए कॉलेज में उपलब्ध आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) और मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, नियमित शैक्षणिक गतिविधियों, समयबद्ध कार्यक्रमों और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कॉलेज के समग्र विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा।

पूर्णिमा पांडे ने विश्वास जताया कि सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग से कॉलेज को उत्कृष्ट शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के रूप में नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।पदभार ग्रहण के अवसर पर कॉलेज परिवार ने नई प्राचार्य का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं तथा उनके नेतृत्व में संस्थान के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास की उम्मीद जताई।

# 17 संकुलों में संयुक्त कार्यशाला आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के बारून प्रखंड अंतर्गत शिक्षण गुणवत्ता में सुधार हेतु चलाए जा रहे टीचिंग ऐट द राइट लेवल कार्यक्रम के तहत संकुल स्तर पर एक विस्तृत संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुल सत्रह संकुल पर आयोजित इस कार्यशाला का सफल संचालन सीआरसी के संकुल संसाधन व्यक्ति आर पी द्वारा किया गया।इस कार्यशाला में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से लागू करने और बच्चों के शिक्षण स्तर में सुधार लाने के लिए कई मुख्य बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।इसके लक्ष्य और रणनीति पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों और बच्चों की बुनियादी दक्षता (भाषा एवं गणित) सुधारने के लक्ष्यों पर चर्चा हुई।इसकी बारीकियों को समझाया गया ताकि बच्चों के सही शैक्षणिक स्तर का आकलन किया जा सके। ग्रुप एक्टिविटी एवं कक्षा संचालन में रोचक और प्रभावी तरीके से पठन-पाठन कराने के लिए ग्रुप एक्टिविटीज और सही कक्षा संचालन के तरीकों को प्रायोगिक तौर पर बताया गया। दक्षता,चाइल्ड वाइज एवं स्कूल समेकन कर प्रत्येक बच्चे की प्रगति रिपोर्ट (चाइल्ड वाइज) और स्कूल स्तर पर आंकड़ों के समेकन (

पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रत्येक शिक्षाकों के सही मार्गदर्शन और उन्मुखीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।

5 अगस्त तक बेसलाइन की समय-सीमा तय की गई।सभी विद्यालयों में 5 अगस्त तक बेसलाइन एसेसमेंट का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया।

मैनुअल के सही उपयोग और स्कैनर के माध्यम से खेल-खेल में भाषा और गणित की विभिन्न गतिविधियों को कराने की विधि बताई गई।

### सदर थाने में भूमि विवाद मामले की गई सुनवाई

अरवल। भूमि विवाद से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से सदर थाना में सुनवाई की गई। मौक पर उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कुमार संजय एवं सदर थाना अध्यक्ष, दरबारी चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से की सुनवाई की गई।इस दौरान दोनों पक्षों को सुनकर मामले की गहन जांच की गई तथा विधि सम्मत का-र्रवाई करते हुए आपसी सहमति एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया।पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि भूमि विवाद से संबंधित किसी भी मामले में कानून को हाथ में लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई कि विवाद की स्थिति में थाने में आकर शिकायत दर्ज कराएं।

### सदर अंचल कार्यालय में लगा साप्ताहिक जनता दरबार, 8 में से 2 मामलों का निष्पादन

मुंगेर। सदर अंचल कार्यालय में शनिवार को प्रभारी राजस्व अधिकारी हरि विक्रम कुमार की अगुवाई में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान निकालने का प्रयास किया गया। प्रभारी राजस्व अधिकारी हरि विक्रम कुमार ने बताया कि आज के जनता दरबार में एक भी नया मामला नहीं आया। पूर्व से 8 मामले लंबित थे, जिनमें से 2 मामलों का निष्पादन कर दिया गया। शेष 6 मामलों पर भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस दौरान सदर अंचल क्षेत्र के सभी थानों के थाना प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान करना है।जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन और अन्य राजस्व से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई।

### महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ने की मां तुतला भवानी धाम में हेलीकॉप्टर सेवा बहाल करने की मांग

औरंगाबाद रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी स्थित महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल तुतला भवानी मंदिर में न्यास समिति के पहल पर रोहतास के जिला पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा धाम के विकास कार्यक्रम को जल्द गति मिलने की उम्मीद जगी है। औरंगाबाद जिले के बड़े निवासी, न्यास समिति के मुख्य संरक्षक महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इसके लिए सक्षम अधिकारियों से वार्ता एवं धाम के विकास योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्नमुख पर्यटक स्थलों से धाम में शीघ्र हेलीकॉप्टर सेवा शुरू कराने अनुशंसा करने की मांग की गई। साथ ही साथ पूर्व स्वीकृत मांग में गेस्ट हाउस, धर्मशाला,शौचालय चेंजिंग रूम, सूर्य पोखरा कला निर्माण कार्य में तेजी लाने की भी बात कही है। संरक्षक ने बताया कि वन विभाग द्वारा बनाया गया शौचालय वर्षों से बंद पड़ा है। डीएफओ स्टालिन फीडल कुमार ने बताया कि बंद शौचालय को शीघ्र चालू करने का आश्वासन दिया है। मुख्य द्वार से धाम तक पैदल चलने के लिए मोरम बिछाया जाएगा। श्रावणी मेला को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक अभियान किए गए हैं।अध्यक्ष गुरुचरण यादव एवं सचिव धर्मेंद्र सिंह धाम के विकास में दिन-रात लगे हुए हैं।

### देव में एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

औरंगाबाद। प्रखण्ड संसाधन केन्द्र देव में कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के निमित्त प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रखण्ड के सभी 16 संकुलों से चयनित शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षक डॉ. शशि भूषण कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारियों को केवल कक्षाओं तक सीमित न रखें बल्कि इसे सही मायने में धरातल पर उतारें ताकि हर विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।मास्टर प्रशिक्षक अरुण कुमार पाठक ने कहा कि जो विद्यार्थी हिंदी और गणित में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान में पिछड़े हैं उन्हें उपचारात्मक तरीके से सिखाने की आवश्यकता है। मास्टर प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी एवं टीचिंग ऐट द राइट लेवल की कार्यप्रणाली , शिक्षण गतिविधियों में विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के हिसाब से अध्यापन कराने पर बल देने को कहा।कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षक डॉ. शशि भूषण कुमार सिंह, अविनाश कुमार पाठक, जितेन्द्र कुमार सिन्हा व अरुण कुमार पाठक सहित 16 संकुल के शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

### आज गोह मध्य विद्यालय का मनाया जाएगा शताब्दी समारोह

गोह( औरंगाबाद)( सं.)। गोह प्रखंड मुख्यालय के ब्रिटिशकालीन मध्य विद्यालय का आज शताब्दी समारोह मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।आयोजन समिति के संयोजक दलीप कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में गोह विधायक, एसडीओ दाउदनगर, एसडीपीओ दाउदनगर, डीईओ औरंगाबाद, बीडीओ गोह, सीओ गोह, बीईओ गोह एवं झारखंड राज्य के दुमका जिले के न्यायाधीश भी शिकरत करेंगे। मध्य विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जाएगी। सभी कार्यक्रम का संचालन गोह बुद्ध नगर भवन में किया जाएगा। समारोह में बच्चो को प्रोत्साहित के अलावा अतिथियों को सम्मान किया जाएगा। मिडिल स्कूल के सौ साल की उपलब्धि को लोगो को बताया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले लोग को भी सम्मान दिया जाएगा।

### खवासपुर थाना के समीप चला वाहन जांच अभियान, नियम तोड़ने पर एक वाहन चालक से वसूला गया जुर्माना

बड़हरा। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर खवासपुर थाना पुलिस ने थाना परिसर के समीप शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने आने-जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, वाहन के आवश्यक कागजात तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई।वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एक वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की हिदायत दी।थाना पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान: कन्या प्राथमिक विद्यालय मोथा में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




अरवल। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, के निदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यालय एवं वन स्टॉप सेंटर, अरवल द्वारा कन्या प्राथमिक विद्यालय, मोथा,में कक्षा 3 से 5 तक की बच्चियों के साथ सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुड टच बैड टच बच्चियों को अपने शरीर की सुरक्षा के बारे में बताया गया। किसी भी गलत हरकत की तो जानकारी तुरंत शिक्षक या अभिभावक को देने की सलाह दी गई।बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे मे बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह करने से पढ़ाई छूटती है, स्वास्थ्य खराब होता है और कुपोषण व प्रसव के समय खतरा बढ़ जाता है।बाल श्रम, यौन उत्पीड़न जैसी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रशासक शिम्पू कुमारी, मनो सामाजिक परामर्शी,प्रिया कुमारी, एवं जिला हब की वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ कविता सिंह ने बच्चियों को मार्गदर्शन दिया।इस संबंध में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम, अरवल श्रीमती माला कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। बेटियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जानकारी देना ही हमारा लक्ष्य है।

### एक्चुअली हम क्या हैं, कौन हैं, क्यूँ हैं? पता है?:राजीव थेपडा

एक्चुअली ऐसी पोस्ट डालना, जिससे खुद का माथा गर्व से ऊंचा हो जाता हो ! ऐसा करने में बड़ा मजा आता है! आपको कोई पर्सनली तो जानता नहीं कि वह आपकी बात को काट सकें ! आप कैसे हैं, इसकी बाबत कोई नहीं जानता । अरे ! कभी-कभी तो मैंने यहां तक देखा है कि हम खुद को जिन्हें निजी तौर पर बहुत वर्षों से न जाने कितनी गहराई से जानते हुए समझते हैं, एक दिन उनके लिए पता चलता है कि वह तो कुछ और ही थे !! तो अपने बारे में कुछ भी बोल देना, लिख देना या दुनिया में प्रोपेगेंडा फैला देना बहुत आसान है ! एक्चुअली हम क्या हैं, इस बात को हमसे ज्यादा कोई नहीं जानता !! फिर भी हमारे साथ रहने वाले लोग यह समझते हैं कि हम इन्हें जानते हैं कि ये ऐसे ऐसे ऐसे हैं । उसी ढंग से हम भी अपने साथ रहने वाले को उसी तरह जानते हैं कि ये ऐसे ऐसे ऐसे हैं !! एक्चुअली कौन क्या है और किसका कौन-सा और कितना अंधेरा पक्ष है और वह दुनिया को एक्चुअली किस तरह से देखता है, इस चीज का पता हमें तब चलता है, जब हम उसके घर में झांकते हैं या जब कोई हमारे घर में झांकता है ! तो वास्तव में हम एक्चुअली क्या हैं, वह हमारे खुद के घर से पता चलता है इसलिए जब तक हम किसी के घर में आते जाते नहीं हों, तब तक उसके बारे में कुछ भी नहीं जान सकते और जितना जानने का दावा हम करते हैं उसके बारे में , वह अक्सर समय के साथ झूठा साबित हो जाता है! क्योंकि हम सब के पास दिखावे के चेहरे अलग हैं और जीने के चेहरे अलग हैं ! तो यह जीना और दिखावा इतना अलग-अलग है कि लोगों का सामाजिक जीवन मुझे छल कपट से ज्यादा कुछ नहीं लगता और क्या हम छल कपट करते हैं ? इसके बात का जवाब क्या हम वास्तव में ईमानदारी पूर्वक दे सकते हैं ??

# जनता दरबार में भूमि विवाद के मामलों की सुनवाई, कई का हुआ निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। हवेली खड़गपुर अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान कई लंबित मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि कई नए मामलों के आवेदन भी प्राप्त हुए। स्वराज पदाधिकारी आशीष यादव ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों की विधिसम्मत जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों का निष्पादन संभव था, उनका मौके पर ही समाधान किया गया।

जनता दरबार में हवेली खड़गपुर थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार, गंगटा थाना एवं शामपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी सहित संबंधित राजस्व कर्मी और अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पक्षकारों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए विधिक प्रक्रिया के तहत विवादों के समाधान में सहयोग करने की अपील की।

# प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बारुण ने डीलरों संग की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

बारुण (औरंगाबाद)। जिले के बारुण प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में पदाधिकारी अमरजीत कुमार ने डीलरों की बैठक की। बैठक में सभी पंचायत के डीलरों से नए राशन कार्ड बनाने को लेकर फार्म कलेक्शन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरजीत कुमार ने डीलरों से फार्म कलेक्शन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि डीलर ग्रामीणों को नए फार्म भरने में सहयोग करें और योग्य लाभार्थियों का फार्म लेकर कार्यालय में जमा करें। उन्होंने बताया कि बारुण लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर रहा है। जो भी डीलर फार्म कलेक्शन में लगे हैं वे फॉर्मेट के अनुसार कागजात भी जमा कराएं। बिना वैध कागजात के फार्म रिजेक्ट हो सकते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि 13 अगस्त तक पात्र आवेदकों के नए राशन कार्ड बनाए जाने हैं। इसके लिए डीलर अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त कर समय पर प्रखंड कार्यालय में जमा कराएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की है।

अमरजीत कुमार ने डीलरों से कहा कि वे पात्र लाभार्थियों को योजना की जानकारी दें, आवेदन भरने में सहयोग करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिक से अधिक आवेदन जमा कराना सुनिश्चित करें। बैठक में लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की गई और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने पर विशेष बल दिया गया। डीलरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड से वंचित न रह जाए।

# इटवा पंचायत के वार्ड संख्या 4 में ग्रामीणों ने विकास कार्यो की उठाई मांग

प्रात: किरण संवाददाता



धरहरा(मुंगेर)। धरहरा प्रखंड अंतर्गत इटवा पंचायत के वार्ड संख्या 4 के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की है। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड में लंबे समय से कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे लोगों को दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक विकास कार्यों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है, ताकि वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस संबंध में अपनी बात रखने वालों में पप्पू चौधरी, पागो मंडल, दिनेश चौधरी, टुनटुन चौधरी, दिलखुश चौधरी, कमलेश चौधरी, राजकुमार चौधरी, राजेश चौधरी, संजय चौधरी, अरुण मंडल तथा हीरालाल चौधरी शामिल हैं। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे संबंधित अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे और आवश्यक होने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से वार्ड का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने तथा आवश्यक विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की मांग की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और वार्ड संख्या 4 में भी विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### दानिका द्वारा एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम में कलाकारों ने दिखाया जलवा

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में भारत के महान पार्श्व गायक जन जन के चितेरे मोहम्मद रफी की 46 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर औरंगाबाद के जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह,गणितज्ञ डॉ शिव पूजन सिंह,अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना बाबू,शब्दाक्षर के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी,मथुरा रंजन,डॉ रविंद्र कुमार सहित अन्य लोगों द्वारा किया गया।संबोधन के क्रम में वक्ताओं ने कहा कि रफी साहब एक ऐसे सदाबहार गायक कलाकार के रूप में जाने जाते हैं जिनकी गायकी को सुनकर हृदय के तार झंकृत हो जाते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम के निमित्त दानिका के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।मथुरा रंजन ने रफी की आवाज में गायन प्रस्तुत कर विषय प्रवेश किया। राजीव सिन्हा,सनोज सागर,अंजली सिंह,शिवांगी सिंह,अमीषा गायकवाड की प्रस्तुति बेजोड़ रही। वहीं पल्लवी,शिखा,आराध्या, निहारिका,अक्षत,कोमल कंचन, खुशबू,शिवम,जूही, दिव्या,अंजली यादव,अस्मित कृष्णा,नीतीश, गौतम,जय किशन,आयुष सिमरन, स्मृति रामश्लोक विश्वकर्मा ने भी प्रस्तुतियां दी।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-रिक्शा पलटने व मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में नौ लोग हुए घायल

पीरो (आरा)। पीरो अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार की रात हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं और मारपीट की घटनाओं में कुल नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीरो पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, आरा रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार, नगर परिषद क्षेत्र के ओझवलिया के समीप एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चांदा निवासी सविता कुमारी, तार निवासी गुड्डू पांडेय, अरविंद पांडेय, हीरा टोला निवासी रंजीत कुमार तथा रंगलाल टोला निवासी रंजीत कुमार घायल हो गए।वहीं, लहरी तिवारीडीह गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में मो. मुसर्रत, मो. परवेज और मुस्ताक अहमद घायल हो गए। इसके अलावा चिलबिलिया गांव में हुई मारपीट की एक अन्य घटना में दिव्यांग रविन्द्र सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीरो में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, आरा रेफर कर दिया गया। पुलिस संबंधित मामलों की जांच में जुटी है।

### खवासपुर पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बड़हरा। खवासपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के निष्पादन के दौरान दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमरनाथ यादव, पिता अभिमन्यु यादव तथा शंकर यादव, पिता टिपण यादव, दोनों निवासी हजारी के टोला, थाना खवासपुर, के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर की गई। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है तथा दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व खवासपुर थाना प्रभारी सुशांत कुमार ने किया। अभियान में एएसआई राहुल कुमार एवं एएसआई शैलेंद्र पासवान सहित पुलिस बल के अन्य जवान भी शामिल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट मामले का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

कोइलवर। चाँदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतेंद्र कुमार, पिता कमलेश राम, निवासी फरहंगपुर गांव, थाना चाँदी, जिला भोजपुर के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि मारपीट के मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने फरहंगपुर गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जिले में फरार आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 25 श्रवण बाधित बालिकाओं को बांटे गए हियरिंग एड

औरंगाबाद। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुटुंबा के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) संतोष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 25 श्रवण बाधित बालिकाओं को निःशुल्क हियरिंग एड (श्रवण यंत्र) का वितरण किया गया। श्रवण यंत्र प्राप्त होने से इन बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। अब वे बच्चियाँ आसानी से सुनकर अपनी पढ़ाई-लिखाई पूरी कर सकेंगी और समाज एवं शिक्षा की मुख्य धारा से मजबूती से जुड़ सकेंगी।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ाव जरुरी है जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराना।विभाग की प्राथमिकता है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। श्रवण यंत्र मिलने से बालिकाओं को न केवल कक्षा में सुनने और समझने में आसानी होगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी।इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो, राकेश कुमार, वार्डन आंचल एवं पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के संचालक चंद्रशेखर साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## रिश्वतखोरी मामले पर एससी-एसटी मंत्री का बड़ा एक्शन

# सीतामढ़ी के जिला कल्याण कार्यालय में कार्यरत डेटा ऑपरेटर के निलंबन का दिया आदेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री के सुशासन और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को आगे बढ़ाते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान ने जन सुनवाई के दौरान मिली रिश्वतखोरी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की है। मंत्री ने सीतामढ़ी जिला कल्याण कार्यालय में कार्यरत डेटा ऑपरेटर चंदन कुमार के विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

शनिवार को आयोजित जनसुनवाई में सीतामढ़ी जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र से आए एक फरियादी ने मंत्री को बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाली अनुदान राशि जारी करने के लिए जिला कल्याण कार्यालय में कार्यरत डेटा ऑपरेटर चंदन कुमार के स्तर से रिश्वत की मांग की जा रही है।

शिकायत को मंत्री ने अत्यंत गंभीरता से लिया और मामले की प्रारंभिक पुष्टि होने के बाद बिना किसी विलंब के जिला कल्याण पदाधिकारी, सीतामढ़ी को संबंधित कर्मी के विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दे दिया।

मंत्री श्री पासवान ने स्पष्ट कहा कि सरकार गरीब, वंचित और पीड़ित लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले अथवा पीड़ितों के अधिकारों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई करना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली अनुदान राशि पारदर्शी, समयबद्ध और बिना किसी बाधा के उपलब्ध कराई जाए, ताकि जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। गोपाल विद्यार्थी. विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर रोटरी क्लब ऑफ पटना मिड टाउन एवं अरविंद महिला कॉलेज, पटना के गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को माँ और बच्चे की सेहत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में लगभग 175 छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता समाज के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है और इस दिशा में रोटरी का प्रयास सराहनीय है। मुख्य वक्ता डॉ. निमिषा अग्रवाल ने ह्यब्रेस्टफीडिंगः आज का पोषण, कल की सुरक्षाह्न विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शिशु के लिए सर्वोत्तम पोषण है। उन्होंने स्तनपान से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, भ्रांतियों एवं इसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान आयोजित इंटरैक्टिव क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्तनपान के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाँच प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्तनपान से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने का प्रभावी संदेश दिया। नाटक को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रोटेरियन प्रो. विमी सिंह की सराहना की गई। मौके पर डॉ. रंजना कुमार, रुंगटा सर एवं मैम, विद्या जी, रणवीर, रोटेरियन रवि खन्ना एवं पिंकी जी, रोटेरियन आभा जी सहित रोटरी क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिड टाउन के सदस्यों ने कहा कि समाज में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# नेपाल में परंपरागत खीर दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया

**सावन के 15 दिन पूरे होने पर घर-घर बनी खीर, मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद किया गया प्रसाद वितरण**

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।नेपाल में सावन महीने के 15 दिन पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को परंपरागत ह्यखीर दिवस (खीर खाने का दिन) पूरे देश में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में दूध, चावल, चीनी, सूखे मेवे और केसर से बनी खीर तैयार की तथा भगवान की पूजा-अर्चना के बाद परिवारजनों और अतिथियों के साथ इसका सेवन किया।बतादें,नेपाल की परंपरा के अनुसार सावन माह के 15वें दिन खीर खाने की विशेष मान्यता है। इस दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया। राजधानी काठमांडू, ललितपुर, भक्तपुर, पोखरा, बुटवल, चितवन, जनकपुर, विराटनगर सहित विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने उत्साहपूर्वक इस पर्व को मनाया।धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाले इस पर्व को नेपाली समाज में पारिवारिक एकता, समृद्धि और शुभकामना का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने खीर बनाते और परिवार के साथ इस पर्व का आनंद लेते हुए तस्वीरें और शुभकामना संदेश साझा किए। नेपाल में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष सावन के मध्य में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है।

# संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्राथमिक उपचार शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। सीबीएसई से संबद्ध 10+2 संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, राघोपुर में यूनेस्को क्लब ऑफ दरभंगा के सौजन्य से स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की जानकारी देना तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बी. के. मिश्रा, यूनेस्को क्लब के अध्यक्ष बिनोद कुमार पंसारी, महासचिव प्रो. मधु रंजन प्रसाद, कोषाध्यक्ष ललित कुमार खेतान तथा स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया।



इस अवसर पर डॉ. शीला साहू, डॉ. एस.एम. सर्राफ, डॉ. आर.बी. खेतान, शमीम हैदर, डॉ. आर.एन.पी. सिन्हा, डॉ. अमृता मिश्रा सहित क्लब के कई सदस्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।अपने संबोधन में बिनोद कुमार पंसारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और सभी को स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ भारत का संकल्प लेना चाहिए। क्लब की ओर से डॉ. बी. के. मिश्रा एवं डॉ. ओम प्रकाश को मिथिला पेंटिंग का दुपट्टा और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. ओम प्रकाश एवं उनकी टीम ने हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज को सीपीआर देने का लाइव डेमो प्रस्तुत कर प्राथमिक उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं डॉ. अमृता मिश्रा ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। अध्यक्ष डॉ. बी. के. मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और जागरूकता ही इसकी सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन हुआ।

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार संकल्पित : डॉ गोपाल जी ठाकुर



दरभंगा।केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना को आगमी 5 वर्षों को बढ़ाए जाने के लिए दी गई मंजूरी पर भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा कहा है कि यह पहल आने वाले समय में किसानों के लिए वरदान साबित होगा।

सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिपरिषद द्वारा किसान सम्मान निधि योजना को आगमी 5 वर्षों तक बढ़ाने तथा इसके लिए 3.15 लाख करोड़ रुपए की मंजूरी दिए जाने की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि अभी तक 23 किश्तो में किसानों को 4.47 लाख करोड़ रुपए दिए गए जो एक इतिहास कायम हुआ है। किसान सम्मान निधि योजना में महिलाओं को दिए गए 1.06 लाख रुपए की सहायता को रेखांकित करते हुए कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार में महिलाओं को प्राथमिकता के साथ कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।सांसद डा ठाकुर ने किसान सम्मान निधि योजना की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह योजना किसानों में कृषि निवेश, आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी।

## आईजीआईएमएस नर्सिंग कॉलेज में सोट्टो बिहार द्वारा अंगदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पटनाः- गोपाल विद्यार्थी. अंगदान जीवन संजीवनी अभियान के तहत शनिवार को जिले के आईजीआईएमएस पटना के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंगदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोट्टो बिहार द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है ! कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ अनुजा डेनियल के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने अंगदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए नर्सिंग विद्यार्थियों की जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। सोट्टो के चेयरमैन प्रो डॉ मनीष मंडल ने अंगदान को बढ़ावा देने कि लिए सभी मेडिकल और नर्सिंग से जुड़े चिकित्सकों एवं छात्र छात्राओं को इस मुहिम से जुड़ने का संदेश दियो उन्होंने कहा राज्य में अंग प्रत्यारोपण की ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके ताकि किसी भी मरीज को राज्य से बाहर जाने की जरूरत ना पड़े इसके लिए हम प्रयासरत हैं तकनीकी सत्र में सोट्टो की आईईसी कंसल्टेंट एकता ने अंगदान की प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं और जागरूकता रणनीतियों पर प्रस्तुति दी तथा विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। ब्रेन स्टेम डेथ, जीवित एवं मृतक अंगदान की प्रक्रिया तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि एक अंगदाता कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने अंगदान के लिए ली जाने वाली शपथ के बारे में भी जानकारी दी वहीं ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर जसपाल सिंह ने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अंगदान की वास्तविक प्रक्रिया और प्रत्यारोपण प्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में प्रथम वर्ष की छात्राएँ उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अंगदान से जुड़े प्रश्न पूछे।

## कांवरियों की सेवा के साथ योजनाओं का प्रचार, मंत्री रमा निषाद ने विभागीय प्रदर्शनी शिविर का किया उद्घाटन

पटना। सावन माह में बाबा धाम जाने वाले कांवरियों एवं आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। विभाग की मंत्री रमा निषाद ने शनिवार को कुढ़नी प्रखंड की चंद्रहटी पंचायत स्थित बायपास के समीप भूपनारायण इंटर कॉलेज परिसर में विभागीय प्रदर्शनी शिविर सह कांवरिया एवं श्रद्धालु विश्राम शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री रमा निषाद ने कहा कि बिहार सरकार पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से आमजन को छात्रवृत्ति, छात्रावास, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इनका लाभ उठा सकें। सावन माह में बाबा धाम की यात्रा पर निकलने वाले कांवरियों और अन्य श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस विशेष शिविर में विश्राम की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, बैठने की समुचित सुविधा तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान राहत और आवश्यक सहयोग मिलेगा।

## बुजुर्ग महिला ने किया विषपान, हालत गंभीर

आरा। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में शनिवार की दोपहर एक बुजुर्ग महिला महिला ने विषपान कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त महिला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी 60 वर्षीया सुदामा देवी है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर जब अपने घर में थी। उसी बीच उन्होंने विषपान कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। हालांकि उन्होंने विषपान क्यों किया? इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## श्रावणी मेला का उद्घाटन डीएन हाईस्कूल में आज

मुजफ्फरपुर। महीना भर चलने वाले श्रावणी मेला का का उद्घाटन रविवार को 3:30 बजे डीएन हाई स्कूल मुजफ्फरपुर में किया जाएगा।
जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने मंदिर का स्थलीय भ्रमण कर उद्घाटन की तैयारी का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मंदिर के भीतर एवं बाहर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पार्किंग आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने मंदिर में तैनात दंडाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने तथा सक्रिय एवं तत्पर होकर विधि व्यवस्था संधारित रखने का सख्त निर्देश दिया।इस क्रम में जिलाधिकारी ने जिला स्कूल एवं आरडीएस कॉलेज का भ्रमण किया। उन्होंने आरडीएस कॉलेज में ठहराव स्थल का जायजा लिया। ठहराव स्थल पर श्रद्धालुओं की छोटी एवं बड़ी सभी प्रकार की जरूरतों को ध्यान में रखकर उत्तम कोटि की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए बेड, तोशक, तकिया, लाइट, पंखा, पानी, शौचालय, स्नानागार आदि की व्यवस्था की गई है।ठहराव स्थल पर न केवल शौचालय की व्यवस्था की गई है ।

# मादक पदार्थों के अवैध व्यापार,भंडारण, परिवहन एवं इसके सेवन के विरुद्ध नियमित छापामारी करें और पकड़े गये लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में नार्को-कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, इसके भंडारण एवं परिवहन तथा मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित कार्रवाई की जाए एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें।

जिला के सीमावर्ती अनुमंडल खासकर रक्सौल तथा ढाका के क्षेत्र में पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के पदाधिकारियो के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए संयुक्त छापामारी अभियान नियमित संचालित किया जाए। नेपाल से लगे सीमावर्ती क्षेत्र खासकर किलोमीटर जीरो से लेकर 15 किलोमीटर का क्षेत्र नारकोटिक्स के मामले में बहुत ही संवेदनशील है वहां लगातार नजर रखें।

बैठक में समादेष्टा 71वीं बटालियन, 20वीं बटालियन एवं 47वीं बटालियन, जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, औषधि नियंत्रक, अधीक्षक मद्य निषेध,डीपीओ आईसीडीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी तथा प्रतिनिधि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मोतिहारी उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित कमांडेंट 47 वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल रक्सौल के द्वारा बताया गया कि पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल की ज्वाइंट ऑपरेशन में पिछले एक माह में गांजा, स्मैक चरस पकड़ा गया है। इस बीच तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने एवं अंतर जिला समन्वय को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया है।

कमांडेंट 71वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी के द्वारा बताया गया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से नार्कोटिक्स और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के विरुद्ध लोगों की गिरफ्तारी की गई है और ड्रग्स दुकानों पर भी छापेमारी की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि जुलाई माह में नगर थाना के द्वारा 4 ˝ अफीम जप्त की गई है। इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है। 6000 प्रतिबंधित इंजेक्शन जप्त किए गए हैं रघुनाथपुर एवं तुरकौलिया थाना में 234 ग्राम गांजा पकड़ा गया है और तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ढाका के द्वारा बताया गया कि वहां पर 6.50 ˝ अफीम एवं 100 ग्राम गांजा पकड़ा गया है।इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा बताया गया कि विगत एक माह में कुल 11 मामले दर्ज किए गए हैं जिसमें 29 ˝ गांजा,150 ग्राम स्मैक और 17 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त किया गया है।

सहायक आयुक्त मध निषेध के द्वारा बताया गया कि विगत एक माह में शराब बेचने वाले कुल 87 लोगों की गिरफ्तारी हुई है,1244 लीटर विदेशी एवं 16355 लीटर देसी शराब जप्त किया गया है। इस दौरान 36 वाहन भी जप्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र सदर अस्पताल में आठ लोगों को भर्ती कराया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उर्वरक के अवैध व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अप्रैल,2026 से जुलाई माह तक 749 छापेमारी की गई है इस दौरान 26 मामलों में अनियमितता पाई गई जिसमें 14 के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।पिछले एक माह में 04 दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द की गई है तथा 02 दुकानों की अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है। इस बीच 08 उर्वरक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है।जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सीमा सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तास्करी विरुद्ध अभियान चलाए। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बॉर्डर एरिया में खाद के दुकानों के स्टॉक वेरिफिकेशन नियमित रूप से किया जाए। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नया लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि निरोधात्मक कार्य में लगे हुए पदाधिकारी स्थानीय थाना को सूचना निश्चित रूप से दें ।

## गौशाला के संरक्षण व विकास को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ से की मुलाकात

दरभंगा। गौशाला के संरक्षण, विकास एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर शनिवार को गौशाला से जुड़े सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गौशाला के पदेन अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।भेंटवार्ता के दौरान गौशाला की वर्तमान स्थिति, गोवंशों के संरक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था तथा गौशाला के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने गौशाला के संरक्षण एवं बेहतर संचालन के लिए प्रशासनिक सहयोग का अनुरोध किया।प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ से आग्रह किया कि वे शीघ्र गौशाला का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दें। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए निकट भविष्य में गौशाला का दौरा करने की सहमति व्यक्त की।

# 1990-1995 की अवधि के 16 लाख से अधिक निबंधित दस्तावेज डिजिटाईज

पटना। बिहार में जमीन-जायदाद से जुड़े करोड़ों पुराने निबंधित अभिलेखों के संरक्षण और जनसुविधा के लिए राज्यभर में इनके डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग सभी पुराने निबंधित अभिलेखों को 10 एजेंसियों के माध्यम से डिजिटाइज कर रहा है। विभाग 5 करोड़ 59 लाख से अधिक दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड कर रहा है। पहले चरण के तहत 1990 से 1995 के बीच निबंधित हुए करीब 33 लाख दस्तावेजों में से 16 लाख से अधिक दस्तावेजों को अपलोड कर दिया गया है। इनकी सच्ची प्रतिलिपि डाउनलोड करने की सुविधा वेबसाइट पर उपलब्ध है। विभाग इस अवधि के दस्तावेजों को प्राथमिकता के आधार पर डिजिटाइज कर रहा है।दूसरे और अंतिम चरण के तहत 1908 से 1989 तक के लगभग 6 करोड़ पुराने निबंधित दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन का कार्य जारी है। एजेंसियों को निर्धारित अवधि में करोड़ों दस्तावेज अपलोड करने का लक्ष्य दिया गया है। अब तक 7 लाख 60 हजार दस्तावेजों को डिजिटाइज किया जा चुका है। लाखों दस्तावेजों के पीडीएफ तैयार हो चुके हैं, जिन्हें धीरे-धीरे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। विभागीय अधिकारी के अनुसार पुराने दस्तावेज, जो फारसी, कैथी एवं अन्य चलन से बाहर हो चुकी लिपियों में हैं, उन्हें अपलोड करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए एजेंसियां प्रशिक्षित लोगों की मदद से पुराने स्क्रिप्ट को पढ़कर अपलोड करने का काम जारी रखे हुए हैं। फिलहाल 1996 से अबतक तक राज्यभर में निबंधित हुए दस्तावेज विभाग के पोर्टल पर पूर्ण रूप से अपलोड किए जा चुके हैं। 2006 से 2025 तक के लगभग 2 करोड़ दस्तावेज अपलोड हो चुके हैं, जिससे आम लोग अब इन दस्तावेजों की सर्टिफाइड कॉपी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

## सजगता व सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारीः डी.एम

चेहल्लुम के अवसर पर प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी सजगता एवं सतर्कता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। संबंधित थानाध्यक्ष शांति समिति की बैठक कर लें एवं स्थानीय लोगों के साथ निरंतर संवाद कायम रखें। उक्त बातें जिलाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने चेहल्लुम पर्व के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो भी जुलूस निकाले जायें उन्हें विधिवत लाईसेंस प्राप्त हो। जुलूस के मार्ग का पहले से ही भौतिक सत्यापन करा लिया जाये। विद्युत विभाग को जुलूस के रास्ते में बिजली के तारों को ठीक कर लेने को कहा गया। जुलूस के मार्ग में यदि पेड़ों की टहनियों को कांटने-छांटने की आवश्यकता हो तो वह भी ससमय कर लेने का निर्देश दिया गया। जुलूसों की होगी ड्रोन से वीडियोग्राफी, साईबर सेल को सोशल मीडिया पर नजर रखने का निदेश

जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि जुलूस की पूरी वीडियोग्राफी अवश्य की जाये। ड्रोन से भी वीडियोग्राफी करायें। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान कोई ऐसी गतिविधि न हो जिनसे किसी की भावना आहत होती हो। साईबर सेल को सोशल मीडिया पर भी निरंतर निगरानी रखने एवं किसी तरह की अफवाह फैलाने वाले पर कठोर कार्रवाई का निदेश दिया गया।

# मुंगेर सह भागलपुर आयुक्त ने चेहल्लुम पर्व से संबंधित विधि व्यवस्था की तैयारी की समीक्षा बैठक की

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर । प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय (प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई) मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर। आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर -सह-आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में शनिवार को मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल अंतर्गत पुलिस उपमहानिरीक्षक मुंगेर एवं वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से संबंधित जिले के जिला पदाधिकारी वरीय पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक अपर समाहर्ता- सह -नोडल पदाधिकारी/ जिला नीलाम-पत्र पदाधिकारियों के साथ बॉडी वारंट डिस्ट्रेस वारंट एवं चेहल्लुम 2026 से संबंधित विधि- व्यवस्था संधारण की तैयारी के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की।सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी पुलिस अधीक्षक ने चेहल्लुम 2026 की सभी तैयारियों, विधि व्यवस्था संधारण एवं नीलाम -पत्र वाद के संबंध में अद्यतन जानकारी से आयुक्त महोदय को अवगत कराया। उक्त बैठक में बताया गया कि संयूक्तादेश निर्गत किया जा रहा है सभी महत्वपूर्ण, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियो की प्रतिनियुक्ति की जाएगी । विधि- व्यवस्था संधारण हेतु भा0ना0सु0सं0 126/135/129 के तहत की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन की जानकारी दी गई डीजे संचालन करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।पुलिस उप महानिरीक्षक, मुंगेर के द्वारा थाना स्तर पर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने एवं क्यू आर टी टीम का गठन जिला स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर करते हुए नियमित रूप से वरीय पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहने का निदेश दियो वीडियो ग्राफी के माध्यम से निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त महोदय ने जिला अंतर्गत विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से क्यू आर टी टीम को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जिला /अनुमंडल/ प्रखंड- सह -अंचल /थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निदेश दिया। आयुक्त महोदय ने सभी निरोधात्मक कार्यवाई सहित संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी और सुरक्षात्मक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। आयुक्त महोदय ने नीलाम -पत्र वाद से संबंधित, लंबित बॉडी वारंट एवं लंबित वारंट निष्पादन की संख्या को घटाने हेतु विशेष अभियान चलाते हुए कम से कम 80% निष्पादन कराने का निर्देश दिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496